✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 85 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शुक्रवार, 21 अगस्त 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पटना के बापू सभागार में आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों के लिए आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करते केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं अन्य

### केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बिहार के दो लाख 35 हजार लाभुकों को सौंपी प्रधानमंत्री आवास योजना की चाभी

# 11 लाख से ज्यादा गरीबों को मिलेगा पक्का घर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** केंद्र सरकार ने बिहार को बड़े तोहफ़े का ऐलान कर दिया है। इसके तहत बिहार के 11 लाख से ज्यादा गरीब परिवारों को पक्का मकान मुहैया कराया जाएगा। गुरुवार को पटना के बापू सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बिहार में नए पीएम आवास के आवंटन स्वीकृति पत्र मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को सौंपा। इस दौरान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंहचौहान ने पीएम आवास के लाभुकों को निर्मित पक्के मकान की चाबी सौंपी। इस मौके पर राज्यभर के दो लाख 35 हजार लाभुकों को चाबी दी गई। उसके साथ ही नए आवास निर्माण की स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। शिवराज सिंह चौहान ने 11 लाख 18 हजार पीएम आवास की स्वीकृति 2026-27 में बिहार के लिए दी है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की है कि बिहार की कोई भी बहन कच्चे मकान में नहीं रहेगी। आज 11.18 लाख पक्का मकान की स्वीकृति दी गई है। आगे सर्वे में जो भी शेष बचे हैं, सभी के लिए हमलोग पक्का मकान बनाएंगे। अभी घोषणा की की जीविका दीदी को उनके उत्पाद के लिए भारत सरकार हाट बनाएगी। उन्होंने कहा कि बिहार में भी अब फसल बीमा योजना लागू की जा रही है। इससे किसानों को काफी लाभ मिलेगा। इस खास कार्यक्रम में मौजूद सीएम सम्राट चौधरी ने केंद्र सरकार से एक आग्रह भी की है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि बिहार के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर बड़े-बड़े हाट निर्माण के लिए सहयोग करे। इन हाटों के माध्यम से जीविका दीदियों को उनके उत्पाद का बड़ा बाजार मिलेगा। केंद्रीय



ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वंदे मातरम गीत को लेकर कांग्रेस पर निशाना भी साधा। केंद्रीय मंत्री ने कहा है कि कांग्रेस ने वंदे मातरम गीत का पूरा गान नहीं करने का फैसला करके देश और देश के संविधान का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के इस निर्णय को देश सहन नहीं करेगा। उन्हें वंदे मातरम गीत गाना पड़ेगा और गाना भी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने आप को देश और संविधान से भी प्रमाण रही है। उन्होंने इस दौरान राजद पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राजद के शासनकाल में बिहार में जंगल राज था। भ्रष्टाचार था और अपराध था। आज बिहार विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बिहार को 11 लाख 18937 पक्के मकान बनाने का लक्ष्य प्रधानमंत्री आवास के तहत मिला है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए केंद्र सरकार की ओर से बिहार को 13427 करोड़ रुपये की सहायता मिलेगी। सीएम ने कहा इंदिरा गांधी आवास योजना के तहत वर्ष 1986 से 2014 तक बिहार में मात्र 30 लाख पक्के मकान गरीब परिवारों के लिए बनाया गया लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2014 से 2026 तक बिहार के गरीब परिवारों के लिए 50 लाख पक्के मकान बनाने का अलॉटमेंट किया जा चुका है। इस अवसर पर बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव आदि उपस्थित थे।

## सामूहिक दुष्कर्म मामले में चार दोषियों को उम्रकैद

**भभुआ(नबिटा ब्यूरो)।** कैमूर जिला व्यवहार न्यायालय के षष्टम एडीजे सह पॉक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रमोद कुमार पांडेय की अदालत ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। अदालत ने 16 वर्षीय छात्रा के अपहरण और सामूहिक दुष्कर्म के मामले में चार अभियुक्तों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही प्रत्येक दोषी पर 46-46 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। सजा पाने वाले अभियुक्तों में चैनपुर थाना क्षेत्र के मोती कुमार मूर्ति, मोहन कुमार, सुखु बिंद और विकास कुमार शामिल हैं। पॉक्सो के विशेष लोक अभियोजक शशिभूषण पांडेय के अनुसार यह घटना 21 अप्रैल 2024 की सुबह हुई थी। नाबालिग छात्रा शौच के लिए गई थी तभी चारों अभियुक्तों ने उसका अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपियों ने पीड़िता को उसके पिता और भाई को जान से मारने की धमकी दी थी। स्पीडी ट्रायल के दौरान अभियोजन पक्ष ने नौ गवाहों के बयान और मजबूत दस्तावेजी साक्ष्य पेश किए। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद चारों को दोषी करार देते हुए यह फैसला सुनाया।

## संक्षिप्त समाचार

### जदयू विधायक सहित तीन लोगों पर आरोप गठित

**गोपालगंज(नबिटा ब्यूरो)।** जदयू के विधायक अमरेंद्र कुमार पांडेय उर्फ पप्पू पांडेय की मुश्किलें बढ़ने वाली है। सविल कोर्ट के जिला एवं सत्र न्यायाधीश तीन सह एमपी-एमएलए विशेष कोर्ट के न्यायाधीश राजेंद्र कुमार पाण्डेय की अदालत ने सुनवाई की है। अदालत में जिन तीन प्रमुख आरोपितों पर आरोप तय किए गए हैं उनमें विधायक अमरेंद्र कुमार पांडेय के अलावा उनके बड़े भाई सतीश पांडेय तथा उनके भतीजे व पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष मुकेश पांडेय शामिल हैं।

### नर्सिंग के छात्रों का हंगामा, रिजल्ट में गड़बड़ी का आरोप

**समस्तीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के लीडर इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन के छात्रों ने संस्थान प्रबंधन पर परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के बावजूद फ़ेल किए जाने का आरोप लगाते हुए गुरुवार को जमकर बवाल किया। बीएससी नर्सिंग प्रथम और द्वितीय वर्ष के छात्रों ने मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के हरपुर एलौथ के पास समस्तीपुर-मुसरीघरारी मुख्य मार्ग जाम कर हंगामा करते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी छात्र परिणाम की निष्पक्ष समीक्षा और उत्तर पुस्तिकाओं की दोबारा जांच कराने की मांग कर रहे हैं।

### व्यापारियों के लिए चीनी की स्टॉक लिमिट तय

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार सरकार ने चीनी की कालाबाजारी को रोकने के लिए अहम फैसला लिया है। सरकार ने चीनी की स्टॉक लिमिट तय कर दी है। चीनी का तय सीमा से ज्यादा स्टॉक करने वाले व्यापारियों और डीलर पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। साथ ही, शुगर मिल के संचालक भी अपने गोदाम में सात दिन से अधिक चीनी का स्टॉक नहीं रख सकेंगे। गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार ने चीनी स्टॉक की जांच के आदेश दे दिए हैं।

## ग्रामीण कार्य विभाग की ओर से सूबे में 1.20 लाख किलोमीटर से अधिक सड़कों का निर्माण पूरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में ग्रामीण संपर्कता को सुदृढ़ बनाने की दिशा में ग्रामीण कार्य विभाग लगातार महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कर रहा है। राज्य के सुदूर और दुर्गम क्षेत्रों तक बारहमासी सड़क संपर्क सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत अब तक 1,21,675 बसावटों को पक्की ग्रामीण सड़कों से जोड़ा जा चुका है। इन बसावटों को जोड़ने के लिए 1,20,948 किलोमीटर से अधिक ग्रामीण सड़कों का निर्माण पूरा हो चुका है। राज्य में कुल 1,29,990 बसावटों को 1,34,704.13 किलोमीटर पक्की ग्रामीण सड़कों के माध्यम से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति करते हुए अधिकांश लक्षित बसावटों तक सड़क संपर्क पहुंचाया जा चुका है। शेष 8,780 बसावटों को जोड़ने के लिए कार्रवाई प्रक्रियाधीन हैं। ग्रामीण कार्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि विभाग का विशेष ध्यान उन बसावटों तक सड़क संपर्क पहुंचाने पर है, जो अब तक बारहमासी पक्की सड़कों से वंचित रही हैं। विभिन्न ग्रामीण सड़क योजनाओं के समन्वित क्रियान्वयन के माध्यम से इन क्षेत्रों को निकटवर्ती और प्रमुख सड़क नेटवर्क से जोड़ा जा रहा है ताकि ग्रामीणों को आवागमन की बेहतर और निर्बाध सुविधा मिल सके। इस अभियान को चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में भी तेज गति से आगे बढ़ाया जा रहा है। विभाग ने इस वित्तीय वर्ष में 3,161 बसावटों को जोड़ने के लिए लगभग 9,264.54 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए योजनाओं के क्रियान्वयन, निर्माण कार्यों और सड़क विस्तार की प्रक्रिया को लगातार गति दी जा रही है। मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण सड़क नेटवर्क का विस्तार किया जा रहा है। इन योजनाओं के तहत आवश्यक वित्तीय संसाधनों की व्यवस्था करते हुए उन क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जा रही है जहां सड़क संपर्क की आवश्यकता अधिक है। ग्रामीण सड़क संपर्क के विस्तार से गांवों तक केवल आवागमन की सुविधा ही नहीं पहुंच रही है बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार और अन्य आवश्यक सेवाओं तक ग्रामीणों की पहुंच भी बेहतर हो रही है। विभाग का लक्ष्य राज्य की प्रत्येक पात्र बसावट को पक्की और बारहमासी सड़क से जोड़ते हुए ग्रामीण बिहार के विकास को और गति देना है।

## मुजफ्फरपुर से अपहृत कारोबारी बलिया से सकुशल बरामद

**मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)।** शहर के के मिठनपुरा थाना क्षेत्र से अगवा किए गए कारोबारी को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज आठ घंटे में सकुशल बरामद कर लिया। मुजफ्फरपुर पुलिस ने यूपी पुलिस के सहयोग से कारोबारी चंदन कुमार को उत्तर प्रदेश के बलिया जिले से बरामद किया है। पुलिस ने इस कार्रवाई में चार अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान वैशाली के सूरज कुमार उर्फ सूरजभान सिंह, सारण के रोशन कुमार, कानपुर के गौरव सिंह और समस्तीपुर के अभिषेक कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल वाहन और चार मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। अपहरणकर्ताओं ने कारोबारी को अगवा करने के बाद उत्तर प्रदेश ले जाकर वहां से फोन किया और परिजनों से 10 लाख रुपये की फिरौती मांगी थी।

## परीक्षा बोर्ड के उप निदेशक के ठिकानों पर छापेमारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने गुरुवार सुबह करीब 8:30 बजे बड़ी कार्रवाई करते हुए बिहार मुक्त विद्यालय शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (बीबॉस) के उप निदेशक और मुजफ्फरपुर के पूर्व जिला शिक्षा पदाधिकारी अजय कुमार सिंह के पैतृक आवास समेत उनके भाई के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर एक साथ छापेमारी शुरू की। बताया जा रहा है कि ईओयू की टीम ने कई ठिकानों पर एक साथ कार्रवाई शुरू की है। पटना में बिहार ओपन स्कूलिंग एंड एग्जामिनेशन बोर्ड के डिप्टी डायरेक्टर अजय कुमार सिंह के घर आर्थिक अपराध इकाई ने रेड की है। पटना वाले घर से 30 लाख कैश मिले हैं। बेगूसराय वाले घर से भी 4.50 लाख जब्त किए गए हैं। दोनों शहरों में 10 करोड़ की आलीशान कोठियां भी मिली हैं। बताया जा रहा है कि बेगूसराय वाली कोठी उन्होंने नौकरी लगने के बाद बनवाई है। आय से 90 प्रतिशत ज्यादा 3.43 करोड़ प्रॉपर्टी बनाने के मामले में उनके पटना और बेगूसराय स्थित तीन ठिकानों पर एक साथ तलाशी जारी है। छापेमारी के बाद आसपास के इलाके में भी हलचल बढ़ गई और लोगों की भीड़ जुटने लगी। छापेमारी के दौरान ईओयू अधिकारियों ने संबंधित परिसरों में मौजूद दस्तावेज, वित्तीय अभिलेख और अन्य महत्वपूर्ण कागजातों की जांच शुरू कर दी। ईओयू की इस कार्रवाई में स्थानीय प्रशासन का भी सहयोग लिया जा रहा है। फिलहाल ईओयू की ओर से छापेमारी के कारण और इससे जुड़े मामले को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी जारी नहीं की गई है। छापेमारी अभी जारी है, इसलिए फिलहाल अधिकारियों ने किसी प्रकार की बरामदगी, जब्ती या अन्य कार्रवाई की पुष्टि नहीं की है।

## लोगों को भय दिखाकर अवैध वसूली करती है पुलिस : मंत्री

**दरभंगा(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार सरकार के मंत्री मदन सहनी ने अपने विधानसभा क्षेत्र बहादुरपुर के खराजपुर गांव में 20 वर्षीय युवक मोनू की आत्महत्या के मामले को लेकर पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में कई जगहों पर आम लोगों को अपराधियों से ज्यादा पुलिस से भय महसूस होता है। मंत्री ने आरोप लगाया कि पुलिस अधिकारी, दारोगा और कर्मी आम लोगों से भय दिखाकर अवैध वसूली करते हैं। मंत्री मदन सहनी ने दरभंगा पुलिस से लेकर बिहार के डीजीपी तक की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर पुलिस प्रशासन की कार्यशैली में सुधार नहीं हुआ और ऐसी घटनाओं पर रोक नहीं लगी तो जनप्रतिनिधियों को भी इस मामले में गंभीरता से कुछ सोचना पड़ेगा। उन्होंने पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

## जमीन के नाम पर दो करोड़ की ठगी

### पूर्व जेएससीए अध्यक्ष अमिताभ चौधरी के बेटे ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** पूर्व आईपीएस अधिकारी और झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) के पूर्व अध्यक्ष अमिताभ चौधरी के बेटे अभिषेक चौधरी ने जमीन के नाम पर करीब दो करोड़ रुपये की कथित ठगी का आरोप लगाते हुए हिंदपीढ़ी थाने में पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। एफआईआर में शाहनवाज शेख, उनके भाई आफताब शेख और सफदर शेख तथा बहन तबस्सुम इसरार और शबनम शेख को आरोपी बनाया गया है। अभिषेक चौधरी के मुताबिक वर्ष 2021 में हिंदपीढ़ी के शेख मेंशन निवासी शाहनवाज शेख और उनके भाई-बहनों ने अमिताभ चौधरी के सामने खलारी और चान्हो अंचल के केदल एवं रामदगा गांव में स्थित 736 डिसमिल जमीन बेचने का प्रस्ताव रखा था। जमीन की कीमत 20 हजार रुपये प्रति डिसमिल बताई गई थी। एफआईआर के अनुसार अमिताभ चौधरी ने जमीन खरीदने के लिए कई किस्तों में करीब दो करोड़ रुपये दिए थे। यह रकम दरभंगा और मधुबनी स्थित उनकी पैतृक करीब 150 कट्ठा जमीन बेचकर जुटाई गई थी। आरोप है कि शाहनवाज शेख ने 9 सितंबर 2021 को अमिताभ चौधरी के ई-मेल पर जमीन का एकरारनामा भी भेजा था। इसके बाद अंतिम किस्त के तौर पर 21 लाख रुपये का चेक 20 जुलाई 2022 को दिया गया। अभिषेक के अनुसार इसके कुछ दिनों बाद 28 अगस्त को जब उन्होंने शाहनवाज शेख से मुलाकात की तो उन्होंने जमीन का सौदा 25 हजार रुपये प्रति डिसमिल तय होने की बात कही और करीब 1.32 करोड़ रुपये प्राप्त करने की बात स्वीकार की। अभिषेक का आरोप है कि रकम वापस मांगने पर शाहनवाज शेख लगातार टाल-मटोल करने लगे। बाद में जमीन की कीमत 50 हजार रुपये प्रति डिसमिल बताते हुए कथित तौर पर एक करोड़ रुपये और मांगने लगे। 17 अगस्त 2023 को दोबारा मुलाकात के दौरान शाहनवाज ने जमीन बैंक के पास गिरवी रखे जाने की बात बताई। अब इस मामले में हिंदपीढ़ी थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पंचायत प्रतिनिधियों के आश्रितों को मिलेंगे पांच-पांच लाख रुपये

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार के पंचायती राज विभाग ने त्रिस्तरीय पंचायत के 10 जनप्रतिनिधियों के आश्रितों को कुल 50 लाख रुपये अनुदान राशि देने की स्वीकृति दे दी है। पूर्णिया, मधेपुरा, पूर्वी चंपारण (मोतिहारी) और बेगूसराय जिलों के इन प्रतिनिधियों की कार्यकाल के दौरान मृत्यु हो गई थी। विभाग के मंत्री दीपक प्रकाश के निर्देश पर यह फैसला लिया गया है। प्रत्येक परिवार को पांच लाख रुपये की राशि दी जाएगी। त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों में सबसे ज्यादा संख्या पूर्णिया के हैं। इनमें वार्ड सदस्य बहुरी राम, पंच राजेन्द्र महतो, पंच राजेश कुमार मंडल, वार्ड सदस्य सरिता रानी, पंच उमा लाल राय और पंच रामविलास मंडल शामिल हैं। इनके आश्रितों को भी पांच-पांच लाख रुपये मिलेंगे। बेगूसराय की पंच रामकली देवी, मधेपुरा के वार्ड सदस्य दीपक कुमार और ग्राम पंचायत सदस्य बेचो देवी तथा पूर्वी चंपारण की उप मुखिया लवंगी देवी के आश्रितों को भी यही राशि दी जाएगी। कुल मिलाकर इन 10 परिवारों





## एमएमडीआर बिल के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ेगा झारखंड : हेमंत सोरेन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झामुमो केंद्रीय समिति की बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने देश में मौजूदा कई ज्वलंत मुद्दों पर गंभीर चिंता जतायी। उन्होंने केंद्र सरकार के फैसलों को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि बिना पर्याप्त सूचना और राज्यों को विश्वास में लिये अचानक बिल लाये जा रहे हैं, जिससे राज्यों के हित प्रभावित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने एमएमडीआर, परिसीमन और एसआइआर जैसे मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि एमएमडीआर बिल का झारखंड पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इसका सबसे ज्यादा असर गरीब, मजदूर और पिछड़े वर्ग के लोगों पर पड़ने की आशंका है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या ऐसे महत्वपूर्ण फैसले लेने से पहले





केंद्र सरकार को राज्य सरकार को विश्वास में लेने की जरूरत नहीं थी। हेमंत सोरेन ने कहा कि एमएमडीआर कानून के जरिये झारखंड के हितों पर कुठाराघात हुआ है। इससे राज्य के अधिकार प्रभावित होंगे और इसका असर झारखंड के भविष्य पर भी पड़ सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि झारखंड सरकार एमएमडीआर के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ेगी। मुख्यमंत्री ने झारखंड के खनन क्षेत्रों से जुड़े करीब 1.36 लाख करोड़ रुपये के बकाये का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार झारखंड को उसका बकाया देने से बचने की कोशिश कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के अधिकारों और हिस्से से जुड़े मामलों को लेकर झामुमो चुप नहीं बैठेगा। हेमंत सोरेन ने कहा कि पिछड़े, गरीब और दलित वर्ग के हितों पर केंद्र सरकार पर्याप्त ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र के फैसलों का असर समाज के कमजोर वर्गों पर पड़ रहा है, इसलिए इन मुद्दों पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। झामुमो केंद्रीय समिति की बैठक में इन मुद्दों के खिलाफ आगे की रणनीति पर भी चर्चा हुई। पार्टी अब एमएमडीआर समेत अन्य मुद्दों को लेकर राजनीतिक और कानूनी दोनों स्तरों पर आंदोलन की रणनीति तैयार करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के अधिकारों की हकमारी के खिलाफ पार्टी मजबूती से आवाज उठायेगी।

C M Y K

# पटना से कृषि जनकल्याण संवाद अभियान शुरू, हर जिलों तक पहुंचेगा अभियान

## किसान समृद्धि, महिला उद्यमिता, युवा रोजगार और श्रमिक उत्थान पर होगा फोकस : शिवराज सिंह चौहान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना के बामेती से गुरुवार को 'कृषि जनकल्याण संवाद अभियान' का शुभारंभ केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया। अभियान के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने, महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने, युवाओं को रोजगार से जोड़ने और श्रमिकों के उत्थान पर विशेष जोर दिया जाएगा। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि किसान देश की समृद्धि की आधारशिला हैं और सरकार किसानों की सेवा एवं उनकी आय बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने की अपील करते हुए कहा कि इससे खेती की लागत कम करने और आमदनी बढ़ाने में मदद मिल सकती है। उन्होंने रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक इस्तेमाल से मिट्टी के स्वास्थ्य पर पड़ रहे प्रभाव को लेकर भी किसानों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि छोटे और सीमांत किसानों के लिए कम जमीन में अधिक आमदनी सुनिश्चित करना जरूरी है। इसी उद्देश्य से समेकित एवं एकीकृत कृषि प्रणाली को बढ़ावा दिया जा रहा है जिससे खेती को टिकाऊ और लाभकारी बनाया जा सके। बिहार के कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि यह अभियान पाटलिपुत्र की धरती से शुरू होकर हर जिले तक पहुंचेगा। इसमें किसान, महिला, युवा और श्रमिक सभी की भागीदारी होगी। कृषि को जनकल्याण और प्रगति का आधार बनाकर बिहार के विकास को गति देने का प्रयास किया जाएगा। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि बिहार में कृषि रोडमैप के माध्यम से कृषि क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण काम हुआ है। किसानों ने नई तकनीकों को अपनाकर उत्पादन बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि भूमि सर्वेक्षण और डिजिटलीकरण का कार्य जारी है। किसानों को उनकी जमीन पर स्पष्ट और विवादमुक्त अधिकार दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आए किसानों ने प्राकृतिक एवं टिकाऊ खेती से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। किसानों ने बताया कि प्राकृतिक खेती से कृषि लागत नियंत्रित करने और आमदनी बढ़ाने में मदद मिली है। कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले किसानों को प्रमाण-पत्र एवं स्मृति-चिहन देकर सम्मानित भी किया गया। अभियान की अगली कड़ी में 22 अगस्त से गया से जिलास्तरीय कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। इसके बाद राज्य के सभी जिलों में किसानों और पदाधिकारियों के साथ संवाद किया जाएगा। अभियान में आधुनिक कृषि, फसल प्रबंधन, प्राकृतिक खेती, महिला सशक्तीकरण, कृषि आधारित उद्यमिता, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और बाजार से किसानों को जोड़ने जैसे विषयों पर चर्चा होगी।

# आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय में बिहार के प्रथम सेंटर फॉर अर्बन पॉलिसी एंड गवर्नेंस का शुभारंभ




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना में गुरुवार को बिहार के प्रथम सेंटर फॉर अर्बन पॉलिसी एंड गवर्नेंस का विधिवत शुभारंभ किया गया। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित उद्घाटन समारोह में नीति-निर्माण, शहरी विकास, प्रशासन, शिक्षा और शोध के क्षेत्र से जुड़े अनेक गणमान्य अतिथि, विशेषज्ञ, शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने शहरीकरण से जुड़ी समकालीन चुनौतियों पर अकादमिक विमर्श को एक नया आयाम दिया तथा विश्वविद्यालय, सरकार और शोध संस्थानों के बीच सहयोग की संभावनाओं को मजबूत किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य डॉ. शामिका रवि थीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार, डॉ. राजभूषण चौधरी तथा सांसद शांभवी चौधरी उपस्थित रहीं। अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष महत्व प्रदान किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) शरद कुमार यादव ने कहा कि सेंटर फॉर अर्बन पॉलिसी एंड गवर्नेंस की स्थापना केवल एक नए अकादमिक केंद्र का शुभारंभ नहीं है, बल्कि भारत के तेजी से बदलते शहरी परिदृश्य से जुड़े महत्वपूर्ण प्रश्नों पर शोध, संवाद और नीति-विमर्श के लिए एक समर्पित मंच का निर्माण है। उन्होंने कहा कि भारत में शहरीकरण की गति लगातार बढ़ रही है और इसके साथ शहरों के सामने अनेक नई चुनौतियां उभर रही हैं। आवास, परिवहन, जलापूर्ति, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, आधारभूत संरचना, सार्वजनिक स्वास्थ्य, रोजगार, तकनीक, सामाजिक समावेशन और जलवायु-लचीलापन जैसे विषय आज शहरी नीति के केंद्र में हैं। कुलपति ने कहा कि इन चुनौतियों का समाधान किसी एक विषय या क्षेत्र के सीमित दृष्टिकोण से संभव नहीं है।

# संगोष्ठियों से ही सिद्ध होगी सभागार की सार्थकता : प्रो. उपेन्द्र प्रसाद सिंह



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बीडी कॉलेज, पटना में 20 अगस्त 2026 को बिहार बीएसपीटीसीएल, पटना की सीएसआर योजना के तहत जीर्णोद्धारित सभागार का उद्घाटन किया गया। इसी अवसर पर कॉलेज की पूर्व प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. उपेन्द्र प्रसाद सिंह, समाज विज्ञान संकाय के डीन प्रो. अरुण कुमार सिंह, गंगा देवी महिला कॉलेज की प्राचार्या प्रो. श्यामा रॉय, आरकेडी कॉलेज की प्राचार्या प्रो. सीता सिन्हा तथा पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. राम किशोर सिंह सहित अनेक विद्वान एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि बीडी कॉलेज की प्राचार्या के रूप में प्रो. रत्ना अमृत का कार्यकाल अप्रतिम रहा। सभागार के जीर्णोद्धार में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि यह सभागार तभी सार्थक होगा जब यहां नियमित अंतराल पर ज्ञान के प्रसार के लिए संगोष्ठियों का आयोजन होगा। उन्होंने शिक्षकों एवं कर्मियों से अपने दायित्वों का पालन करते हुए बेहतर शैक्षणिक वातावरण बनाने का संकल्प लेने का आहवान किया। वर्तमान प्राचार्य प्रो. दिवाकर प्रसाद ने प्रो. रत्ना अमृत के योगदान को याद करते हुए कहा कि यह सभागार आने वाले समय में ज्ञान, विचार और संवाद का केंद्र बनेगा। विदाई संबोधन में प्रो. रत्ना अमृत ने कॉलेज से जुड़ी मधुर स्मृतियां साझा कीं और अपने कार्यकाल की उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि कर्मियों को केवल उचित मार्गदर्शन की आवश्यकता थी जिसके बाद सभी ने उत्कृष्ट कार्य किया। प्रो. अरुण कुमार सिंह ने सभागार की शैक्षणिक उपयोगिता, प्रो. श्यामा रॉय ने सभी महाविद्यालयों में ऐसे सभागार की आवश्यकता तथा प्रो. सीता सिन्हा ने इसे कॉलेज विकास का मील का पत्थर बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राहुल अमृतराज ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अपराजिता ने किया, जबकि लेखापाल रवि ने भी विचार रखे।

# देशरत्न राजेंद्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में बी.एड. द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं को दी गई भावपूर्ण विदाई



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** देशरत्न राजेंद्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सदाकत आश्रम, पटना में बी.एड. प्रथम वर्ष (सत्र 2025-27) के प्रशिक्षुओं द्वारा बी.एड. द्वितीय वर्ष (सत्र 2024-26) के प्रशिक्षुओं के सम्मान में भावपूर्ण फेयरवेल समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्देश्य प्रशिक्षण की अवधि पूर्ण कर रहे प्रशिक्षुओं को आत्मीय विदाई देने के साथ उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देना था। समारोह का उद्घाटन बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवा निवृत्त वरिष्ठ अधिकारी ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने फेयरवेल की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए कहा कि फेयरवेल केवल विदाई का औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि साथ बिताए समय, साझा अनुभवों और आत्मीय संबंधों को सम्मानपूर्वक स्मरण करने का अवसर है। यह एक पड़ाव है जहां विद्यार्थी अपने प्रशिक्षण संस्थान से प्राप्त ज्ञान, संस्कार और अनुभवों को लेकर जीवन के अगले चरण की ओर बढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक-प्रशिक्षुओं के लिए ऐसे आयोजन विशेष महत्व रखते हैं क्योंकि शिक्षक केवल विषय का ज्ञान देने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला व्यक्तित्व होता है। विजय प्रकाश ने आयोजन के संदर्भ में इवेंट मैनेजमेंट के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए केवल उत्साह पर्याप्त नहीं है; उसके लिए योजना, समय-प्रबंधन, संसाधनों का समुचित उपयोग, टीम-वर्क, नेतृत्व, अनुशासन तथा कार्यों का प्रभावी समन्वय आवश्यक है। उन्होंने प्रशिक्षुओं से कहा कि ऐसे आयोजन उन्हें व्यवहारिक जीवन में नेतृत्व और प्रबंधन के कौशल विकसित करने का अवसर प्रदान करते हैं। इस अवसर पर बिहार विद्यापीठ की निदेशिका डॉ. मृदुला प्रकाश, सचिव डॉ. राणा अवधेश, भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवा निवृत्त अधिकारी, अपर सचिव श्यामानंद चौधरी, संयुक्त सचिव अवधेश नारायण एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. पूनम वर्मा ने प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं एवं आशीर्वचन देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# तुलसीदास का साहित्य आज भी मानवीय मूल्यों एवं संवेदनाओं के लिए प्रासंगिक : वी एस दूबे



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** प्रज्ञा समिति की ओर से पटना स्थित कालिदास रंगालय के अनसूया हाल में संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन बिहार एवं झारखंड के पूर्व मुख्य सचिव विजय शंकर दुबे ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि तुलसीदास का साहित्य आज भी मानवीय मूल्यों एवं संवेदनाओं के लिए प्रासंगिक है। तुलसीदास के साहित्य का अध्ययन समकालीन सन्दर्भो के साथ करें और उसमें निहित मानवीय मूल्यों को वर्तमान समाज से जोड़ने का प्रयास करें। अपने अध्यक्षीय भाषण में पटना विश्वविद्यालय के पूर्व सांख्यिकी विभागाध्यक्ष एवं प्रज्ञा समिति के अध्यक्ष प्रो. अमरेन्द्र मिश्र ने कहा कि रामचरितमानस में अभिव्यक्त लोक-मंगल, समन्वय, मर्यादा, करुणा, त्याग और नैतिकता के मूल आज के समय में उतने ही महत्वपूर्ण हैं। मुख्य अतिथि के रुप में अपने विचार को व्यक्त करते हुए पूर्व विशेष सचिव, बिहार सरकार के डॉ उपेन्द्र नाथ पांडेय ने कहा कि तुलसीदास का साहित्य मनुष्य को अपने कर्तव्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवीय संवेदनाओं से जोड़ने का कार्य करता है। विशिष्ट अतिथि डॉ जंग बहादुर पाण्डेय ने भरत के चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डाला। मंगलाचरण राहुल कुमार पाण्डेय, आगत अतिथियों का स्वागत महासचिव तरुण कुमार पाण्डेय एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ डी एन तिवारी ने प्रस्तुत किया। मंच का संचालन विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना के महासचिव एवं संस्कृत विद्वान डॉ मुकेश कुमार ओझा ने किया। डॉ मुकेश कुमार ओझा ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास की रचनाओं में व्यक्त व्यापक सामाजिक, सांस्कृतिक एवं मानवीय विचारों को समझने की आवश्यकता है।

# एसबीआई में राजभाषा की समीक्षा बैठक आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारतीय स्टेट बैंक, स्थानीय प्रधान कार्यालय, पटना में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसबीआई पटना मंडल के मुख्य महाप्रबंधक अनुराग जोशी ने की। बैठक का आरंभ मंडल विकास अधिकारी देवेश मित्तल के स्वागत भाषण तथा उद्देश्य व्याख्या से हुआ। उक्त बैठक में बैंक के राजभाषा विभाग द्वारा तैयार की गई गृह-पत्रिका 'चेतना' का विमोचन करते हुए मुख्य महाप्रबंधक श्री जोशी ने कहा कि पत्रिका हमारी गतिविधियों का आईना ही नहीं बल्कि एक ऐसा मंच है जो बैंक स्टाफ सदस्यों की रचना धर्मिता को प्रोत्साहन देती है। महाप्रबंधक योगेन्द्र शेल्के एवं बेनुधर पाढ़ी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि व्यवसाय में हिंदी के प्रयोग से हमें प्रत्यक्ष लाभ मिलता है, अतः हिंदी का प्रयोग हमारा संवैधानिक दायित्व होने के साथ-साथ हमारी व्यावसायिक जरूरत भी है। वक्ताओं ने हिंदी में अधिकाधिक कार्य करने वाले स्टाफ सदस्यों एवं हिंदी की विभिन्न प्रतियोगिताओं में पुरस्कार प्राप्त करने वाले कर्मियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

# राजीव गांधी आधुनिक भारत के निर्माता और संचार क्रांति के जनक : राजेश राम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की 82वीं जयंती के अवसर पर आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने की। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने स्व राजीव गांधी जी के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि स्व राजीव गांधी आधुनिक भारत के निर्माता और संचार क्रांति के जनक थे। उन्होंने देश को 21वीं सदी में ले जाने का सपना देखा और विज्ञान, तकनीक, कंप्यूटर एवं दूरसंचार के क्षेत्र में व्यापक बदलाव की नींव रखी। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने युवाओं को देश की शक्ति मानते हुए उन्हें आगे बढ़ने के अवसर प्रदान किए। उनके कार्यकाल में देश में तकनीकी शिक्षा, कंप्यूटर और संचार के क्षेत्र में जो परिवर्तन शुरू हुआ, उसने भारत को आधुनिक और तकनीकी रूप से सक्षम राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राजेश राम ने कहा कि राजीव गांधी का जीवन देश की एकता, अखंडता, लोकतंत्र और विकास के लिए समर्पित था। उन्होंने पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत करने, युवाओं को राजनीतिक भागीदारी देने तथा देश के विकास को नई दिशा देने के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने कहा कि आज देश जिस डिजिटल और संचार क्रांति के दौर में आगे बढ़ रहा है, उसकी मजबूत आधारशिला राजीव गांधी जी ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व में रखी थी। उनके विचार और आधुनिक भारत के निर्माण का सपना आज भी कांग्रेसजनों तथा देशवासियों को प्रेरणा देता है।

# 14 घंटे में 51 रोबोटिक बैरिएट्रिक सर्जरी

## डॉ. मोहित भंडारी और टीम मोहक की उल्लेखनीय उपलब्धि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर डॉ. मोहित भंडारी और टीम मोहक ने 15 अगस्त को मात्र 14 घंटे में 51 रोबोटिक बैरिएट्रिक एवं मेटाबोलिक सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी कीं। इस पहल में छह रोबोटिक सिस्टम, एक निर्धारित कंसोल सर्जन और एक समन्वित भारतीय क्लिनिकल टीम शामिल रही। 51 मरीजों में 30 पुरुष और 21 महिलाएं शामिल थीं। मरीजों की आयु 21 से 77 वर्ष के बीच रही, औसत आयु 43.6 वर्ष और औसत वजन लगभग 122 किलोग्राम रहा। इस उपलब्धि के लिए मानकीकृत सर्जिकल प्रोटोकॉल तथा सर्जरी, एनेस्थीसिया, नर्सिंग और सपोर्ट टीमों के बीच बेहतर समन्वय किया गया। डॉ. मोहित भंडारी अब तक 40,000 से अधिक बैरिएट्रिक सर्जरी कर चुके हैं। इस पहल का बाहरी पर्यवेक्षण भी किया गया तथा औपचारिक मान्यता के लिए दस्तावेज गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड्स को प्रस्तुत किए गए हैं। डॉ. मोहित भंडारी ने कहा कि 51 का आंकड़ा इस उपलब्धि का केवल एक हिस्सा है। एक भारतीय सर्जिकल टीम उन्नत तकनीक, स्वदेशी नवाचार, चिकित्सकीय विशेषज्ञता और टीमवर्क के माध्यम से जटिल सर्जरी की पहुंच को बड़े स्तर तक ले जाने में सक्षम है।

# टाटा पावर ने की बिहार में घर-घर सोलर की शुरुआत

## टाटा पावर सोलारूफ योजना के तहत 999 में लगवा सकेंगे रूफटॉप सोलर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड का हिस्सा और टाटा पावर कंपनी की सहायक कंपनी टाटा पावर सोलारूफ ने अपनी प्रमुख घर-घर सोलर पहल को बिहार में शुरू किया। इसके साथ ही राज्यभर में किफायती, भरोसेमंद और टिकाऊ ऊर्जा समाधानों की पहुंच बढ़ाने की दिशा में कदम बढ़ाया गया है। इस अभियान में रूफटॉप सोलर, बैटरी स्टोरेज, लचीली फाइनेंसिंग और समुदाय आधारित सहभागिता को एक साथ लाया गया है। ताकि घरों, व्यवसायों और समुदायों को अपनी ऊर्जा जरूरतों पर अधिक नियंत्रण रखने में मदद मिल सके। इस अवसर पर टाटा पावर के सीईओ एवं एमडी प्रवीर सिन्हा ने कहा कि इस अभियान के तहत टाटा पावर सोलारूफ अगले तीन वर्षों में बिहार के 5 लाख घरों में रूफटॉप सोलर अपनाने की सुविधा उपलब्ध कराने की योजना बना रहा है जिससे राज्य को विकेंद्रीकृत नवीकरणीय ऊर्जा की दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। यह पहल शहरी, अर्द्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों को कवर करेगी और 1 किलोवाट से 10 किलोवाट तक के रूफटॉप सोलर समाधान उपलब्ध कराएगी जो अलग-अलग बिजली खपत की जरूरतों को पूरा करेंगे। बिहार में विकेंद्रीकृत नवीकरणीय ऊर्जा में बढ़ती रुचि देखने को मिल रही है जिसे स्वच्छ ऊर्जा के प्रति बढ़ती जागरूकता, बिजली की बढ़ती मांग और अधिक ऊर्जा आत्मनिर्भरता की बढ़ती जरूरत बढ़ावा दे रही है। टाटा पावर के सीईओ, एमडी एवं प्रेसिडेंट संजय बंगा ने कहा कि घर-घर सोलर अभियान की एक प्रमुख विशेषता टाटा पावर सोलारूफ की विशेष फाइनेंसिंग योजना सिर्फ 999 में भुगतान करें जिसे रूफटॉप सोलर अपनाने में आने वाली शुरुआती आर्थिक बाधा को काफी कम करने के लिए तैयार किया गया है।

# भागलपुर और अहमदाबाद के मध्य नई अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पटना और अहमदाबाद के मध्य चलायी जा रही गाड़ी सं. 09447/09448 अहमदाबाद-पटना-अहमदाबाद क्लोन स्पेशल का गाड़ी सं. 19423/19424 भागलपुर-अहमदाबाद-भागलपुर साप्ताहिक अमृत भारत एक्सप्रेस के रूप में नियमित परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है। इस अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन अहमदाबाद से 26 अगस्त, 2026 से प्रत्येक बुधवार को तथा भागलपुर से 28 अगस्त, 2026 से प्रत्येक शुक्रवार को किया जायेगा। इस गाड़ी में एल.एस.एल.आर.डी. के 02, पेण्ट्रीकार का 01, साधारण द्वितीय श्रेणी के 11 तथा शयनयान श्रेणी के 08 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे। गाड़ी सं. 19423 अहमदाबाद-भागलपुर साप्ताहिक अमृत भारत एक्सप्रेस 26 अगस्त, 2026 से प्रत्येक बुधवार को अहमदाबाद से 18.30 बजे प्रस्थान कर गुरूवार को 21.13 बजे डीडीयू, 22.30 बजे बक्सर, 23.15 बजे आरा, 23.50 बजे दानापुर, शुक्रवार को 00.43 बजे पटना जं., 01.25 बजे बख्तियारपुर, 02.08 बजे मोकामा, 03.30 बजे किउल, 04.01 बजे अभयपुर, 04.30 बजे जमालपुर, 05.13 बजे सुलतानगंज रूकते हुए 06.40 बजे भागलपुर पहुंचेगी।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने किया आश्रित हितलाभ का भुगतान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स कर्णवीर सिंह यादव इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड के अंतर्गत पंजीकृत व्यक्ति स्व. शिव शंकर सिंह जो सासाराम (रोहतास) में कुशल श्रमिक के पद पर कार्यरत थे उनकी पत्नी - मीरा देवी, पुत्र - संजीव कुमार को सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व शिव शंकर सिंह की मृत्यु 25-03-2019 को कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक रूप से उन पर निर्भर था। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात इसकी जांच की गयी तथा ई0एस0आई0सी0 द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया। पेंशन के रूप में 470 रु. प्रतिदिन की दर से प्रतिमाह रु.8460/- आश्रितों को मिलेगा। दुर्घटना की तिथि से आज तक लगभग रु. 9,90,572/- रुपये का बकाया भुगतान भी उनके खाते में अंतरित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कार्य के दौरान व कार्यस्थल और निवासस्थान के मध्य आवागमन के कारण होने वाली दुर्घटना को सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 के तहत रोजगार चोट के रूप में स्वीकृत करने का प्रावधान है जिसके अंतर्गत बीमित कर्मचारी की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो जाने पर उनके आश्रित परिवारजनों को ई0 एस0 आई0 योजना के तहत वेतन का 90% तक मासिक आश्रित पेंशन दिया जाता है।

# केवाइपी केंद्रों के बंद रहने से बढ़ी नाराजगी, पटना में संचालकों ने खोला मोर्चा

## लंबित भुगतान, प्रशिक्षण बहाली और री-टेंडरिंग पर स्थिति स्पष्ट करने की मांग, आंदोलन तेज करने की चेतावनी




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के विभिन्न जिलों से पटना पहुंचे कुशल युवा कार्यक्रम केंद्र संचालकों ने गुरुवार को नियोजन भवन परिसर में प्रदर्शन कर सरकार और विभाग के समक्ष अपनी मांगें रखीं। केंद्र संचालकों ने कई महीनों से बंद पड़े केवाईपी केंद्रों में प्रशिक्षण कार्य जल्द शुरू कराने, लंबित राशि का भुगतान करने और री-टेंडरिंग को लेकर स्पष्ट नीति बनाने की मांग की। केवाईपी वेलफेयर सोसाइटी के बैनर तले हुए प्रदर्शन में संचालकों ने कहा कि बिहार में करीब 1,834 केवाईपी केंद्र स्थापित हैं। इनमें 1,731 से अधिक केंद्र बिहार कौशल विकास मिशन के पोर्टल पर क्रियाशील दिखाए जा रहे हैं। इन केंद्रों के माध्यम से बड़ी संख्या में युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जाता रहा है और हजारों लोगों की आजीविका भी इससे जुड़ी है। संचालकों ने कहा कि वर्ष 2016 में शुरू किया गया कुशल युवा कार्यक्रम युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण देने की महत्वपूर्ण योजना है। लेकिन कई महीनों से केंद्रों में प्रशिक्षण बंद रहने के कारण युवाओं को परेशानी हो रही है। साथ ही केंद्र संचालकों को भी आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान री-टेंडरिंग का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। संचालकों ने कहा कि वर्षों से काम कर रहे अनुभवी केंद्रों को नई टेंडर प्रक्रिया में शामिल करने से पहले उनके हितों पर विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने सरकार से मांग की कि नई प्रक्रिया लागू करने से पहले केंद्र संचालकों के साथ व्यापक संवाद किया जाए। वक्ताओं ने विभागीय अधिकारियों से संवाद की कमी पर भी नाराजगी जताई। उनका कहना था कि समस्याओं को लेकर लगातार विभाग से संपर्क किया जा रहा है, लेकिन स्पष्ट जानकारी और समाधान नहीं मिल पा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने लंबित भुगतान तत्काल करने की मांग भी उठाई। इस अवसर पर डॉ. आनंद रंजन झा, अमोद कुमार सिंह, जितेंद्र तिवारी, नितेश मोहन, जितेश कुमार, मनीष कुमार, बिट्टू कुमार सहित कई केंद्र संचालक मौजूद रहे। संचालकों ने कहा कि केवाईपी सिर्फ उनकी आजीविका का माध्यम नहीं, बल्कि बिहार के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देने वाली महत्वपूर्ण योजना है। मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं होने पर आंदोलन को और व्यापक करने की चेतावनी दी गई।

CMYK

# सौर ऊर्जा से रोशन होंगे रोहतास के घर

**सोलर पैनल पर मिलेगी 98 हजार की सब्सिडी**
**पीएम सूर्य घर योजना को लेकर बैठक**
**लोगों को आवेदन प्रक्रिया और योजना के लाभ की दी गई जानकारी**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकबरपुर (रोहतास)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी ऋषिकेश कुमार की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना को लेकर जागरूकता बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों ने लोगों को योजना के उद्देश्य, लाभ, घर की छत पर सोलर पैनल लगाने की प्रक्रिया और सरकार की ओर से मिलने वाली सब्सिडी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में बताया गया कि पीएम सूर्य घर योजना के तहत घरों की छत पर सोलर पैनल लगाकर बिजली का उत्पादन किया जा सकता है। इससे घरेलू जरूरतों के लिए बिजली उपलब्ध होने के साथ उपभोक्ताओं के बिजली बिल में भी काफी कमी आएगी। इस दौरान सनलाइट इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर ने लोगों को योजना के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया और सब्सिडी प्राप्त करने के तरीके की जानकारी दी। प्रखंड विकास पदाधिकारी ऋषिकेश कुमार ने बताया कि योजना के तहत एक से तीन किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर केंद्र सरकार की ओर से 30 हजार रुपये से लेकर अधिकतम 78 हजार रुपये तक की सब्सिडी दी जाती है। वहीं, बिहार सरकार की ओर से भी योजना को बढ़ावा देने के लिए 10 हजार रुपये से 30 हजार रुपये तक की अतिरिक्त सब्सिडी दिए जाने की जानकारी दी गई। दोनों स्तरों से मिलने वाली सहायता को मिलाकर पात्र लाभुकों को अधिकतम 98 हजार रुपये तक का लाभ मिल सकता है। विद्युत विभाग के कनीय अभियंता किसलय कुमार ने बताया कि योजना का लाभ लेने की वर्तमान समय सीमा 31 मार्च 2027 तक निर्धारित है। उन्होंने कहा कि घरों में सोलर पैनल लगने से बिजली के खर्च में कमी आएगी और लोग स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा का लाभ उठा सकेंगे। बैठक में अधिकारियों ने अधिक से अधिक पात्र लोगों से प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का लाभ उठाने की अपील की। साथ ही लोगों को सौर ऊर्जा अपनाकर बिजली की बचत करने और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया गया।

# कुमार अनुराग ने किया डीएम का पदभार ग्रहण

**कहा-विकास योजनाओं को दी जाएगी सर्वोच्च प्राथमिकता**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**कैमूर।** जिले के नवागत जिलाधिकारी कुमार अनुराग ने गुरुवार को डीडीसी दिव्या शक्ति से अपना पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान डीएम नितिन कुमार सिंह का तबादला होने के बाद उन्होंने मंगलवार को अपना संपूर्ण प्रभार डीडीसी दिव्या शक्ति को सौंप दिया था। पदभार ग्रहण करने के बाद नवागत डीएम कुमार अनुराग ने कहा कि जिले की प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुख बनाया जाएगा। जनहित से जुड़े कार्यों और विकास योजनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही प्रशासनिक पारदर्शिता, जवाबदेही और कार्यकुशलता सुनिश्चित करने की दिशा में गंभीरता से काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समय पर पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता होगी। जिले के विकास के लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर योजनाओं को गति दी जाएगी। वहीं, पदभार ग्रहण करने से पहले कुमार अनुराग ने जिले के प्रसिद्ध एवं देश के प्राचीनतम शक्तिपीठों में शामिल मां मुंडेश्वरी मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने मां मुंडेश्वरी से कैमूर जिले की सुख-समृद्धि एवं चहुंमुखी विकास की कामना की। पदभार ग्रहण के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मियों ने नवागत जिलाधिकारी का स्वागत किया और उन्हें जिले की विभिन्न प्रशासनिक गतिविधियों एवं विकास योजनाओं की जानकारी दी।

# अनियमित मौसम से बढ़ा सर्दी-बुखार का प्रकोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** क्षेत्र में मौसम के लगातार बदलते मिजाज के कारण वायरल सर्दी, जुकाम और बुखार का प्रकोप तेजी से बढ़ गया है। एक दिन तेज धूप और गर्मी तो अगले ही दिन ठंडी हवा और उमस के कारण शरीर को सामान्य तापमान नहीं मिल पा रहा है जिससे लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो रही है और वे जल्दी संक्रमण की चपेट में आ रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार इस सर्द-गर्म और नमी वाले मौसम में सबसे अधिक असर छोटे बच्चों पर पड़ रहा है क्योंकि उनकी आंतरिक रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है और वे तापमान में अचानक हुए बदलाव को सहन नहीं कर पाते। अस्पतालों और निजी क्लीनिकों में प्रतिदिन सर्दी-जुकाम, गले में खराश, बुखार, सिरदर्द और फ्लू जैसे लक्षणों के साथ बड़ी संख्या में बच्चे इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि वायरल संक्रमण हवा और स्पर्श दोनों से फैलता है, इसलिए इस मौसम में अतिरिक्त सावधानी जरूरी है। अभिभावकों को सलाह दी गई है कि वे छोटे बच्चों को सुबह-शाम घर से बाहर निकालते समय पूरे कपड़े पहनाएं, उन्हें तेज धूप और ठंडी हवा दोनों से बचाएं, साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें और पौष्टिक आहार के साथ पर्याप्त पानी पिलाएं। वयस्कों के लिए भी चेतावनी जारी की गई है कि बरसात में भीगने, गीले कपड़े देर तक पहनने और एसी व बाहर के तापमान में अचानक अंतर के कारण उन्हें भी सर्दी-जुकाम और बुखार हो सकता है, इसलिए बारिश में भीगने से बचें, भीगने पर तुरंत कपड़े बदलें, पर्याप्त आराम करें और गर्म तरल पदार्थ लें। चिकित्सकों ने कहा कि लक्षण दिखते ही लापरवाही न करें, घरेलू उपचार के भरोसे न रहें और समय पर डॉक्टर से परामर्श लेकर उचित दवा लें ताकि संक्रमण आगे न बढ़े और बड़े स्तर पर फैलने से रोका जा सके।

# विद्यालय स्तरीय गणित-विज्ञान मेला में विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए आकर्षक मॉडल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**तिलौथू।** तिलौथू प्रखंड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर तिलौथू के विशाल सभागार में गुरुवार को विद्यालय स्तरीय गणित-विज्ञान मेला 2026 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गणित एवं विज्ञान विषयों से संबंधित विभिन्न आकर्षक मॉडलों की प्रदर्शनी सह प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के अभिभावक एवं सद्चिंतक यशवीर सिन्हा, तिलौथू हाउस ने नारियल फोड़कर तथा मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्रों पर पुष्पार्चन कर किया। इसके साथ ही भारतीय विज्ञानाचार्यों एवं गणिताचार्यों आर्यभट्ट, चरक, श्रीनिवास रामानुजन, नागार्जुन, वराहमिहिर एवं डॉ. होमी जहांगीर भाभा के चित्रों पर भी पुष्पार्चन किया गया। मेले में शिशु वर्ग (चतुर्थ एवं पंचम), बाल वर्ग (षष्ठ से अष्टम) तथा किशोर वर्ग (नवम एवं दशम) के भैया-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिशु वर्ग के विद्यार्थियों ने पर्यावरण प्रदूषण, पदार्थ की अवस्थाएं, सरल मशीन, प्राथमिक उपचार एवं नवाचार पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किए। बाल वर्ग में स्वच्छ भारत मिशन, विद्युत संरक्षण, कचरा प्रबंधन, घर्षण-मित्र एवं शत्रु तथा विभिन्न नवाचार आधारित मॉडल प्रदर्शित किए गए। वहीं किशोर वर्ग के विद्यार्थियों ने गति, विद्युत धारा, खाद्य उद्योग सहित विभिन्न वैज्ञानिक विषयों पर आधारित मॉडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। संगणक विषय के अंतर्गत आईटी सिस्टम, साइबर सिक्योरिटी, इनोवेशन मॉडल एवं आईसीटी से संबंधित प्रदर्श भी विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता, नवाचार एवं विषय की व्यावहारिक समझ देखने को मिली। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में आसपास के विद्यालयों से विज्ञान, गणित एवं संगणक विषय के शिक्षक देवेंद्र कुमार शुक्ला, राघवेंद्र कुमार सिंह एवं अमलतास निकेतन विद्यालय, तिलौथू के शिक्षक अनुभव सिन्हा शामिल रहे। नारायण वर्ल्ड विद्यालय, सासाराम के प्राचार्य उपांशु कुमार सिन्हा एवं उपप्राचार्य बृषकेतु कुमार सिंह, सरस्वती विद्या निकेतन +2 प्रोजेक्ट बालिका हाई स्कूल, उचैला, रोहतास के देव मंगल सिंह के साथ पत्रकार एवं विद्यालय के पूर्व छात्र सत्यानंद कुमार तथा राकेश कुमार राही ने भी निर्णायक की भूमिका निभाई। राधा शांता महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष श्रीकांत प्रधान ने निर्णायक मंडल के प्रमुख की भूमिका निभाई।

# कैमूर में 29 लाभुकों को दी गयी पीएम आवास की चाभी व स्वीकृति पत्र



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** कैमूर के कलेक्ट्रेट स्थित मां मुंडेश्वरी सभागार भवन में गुरुवार को जिला प्रशासन द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सांसद मनोज कुमार, भभुआ विधायक भरत बिन्द, मोहनियां विधायक संगीता कुमारी, डीएम कुमार अनुराग व डीडीसी दिव्या शक्ति आदि अन्य पदाधिकारी उपस्थित हुए। उक्त कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 29 लाभुकों को करमशः स्वीकृति पत्र, शुभकामना पत्र एवं आवास की चाबी के वितरण किया गया। जिला प्रशासन द्वारा मिली जानकारी के अनुसार वैसे लाभुक जिन्होने अपना आवास पूर्ण कर लिया है उनको आवास की चाबी, जिनका आवास स्वीकृत हुआ है उनको स्वीकृति पत्र तथा जिनको प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किस्त का भुगतान हुआ है उनको शुभकामना पत्र का वितरण किया गया।

# अनुमंडल में सघन वाहन जांच अभियान, 32 वाहनों पर कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बिक्रमगंज (रोहतास)।** यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने और सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के उद्देश्य से अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज के निर्देश पर मंगलवार को अनुमंडल क्षेत्र में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने विभिन्न प्रमुख चौक-चौराहों एवं मार्गों पर वाहनों की गहन जांच की। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए लगभग 32 वाहनों के चालान काटे गए। अधिकारियों के अनुसार चालान काटे गए मामलों में सबसे अधिक शिकायतें वैध ड्राइविंग लाइसेंस नहीं होने, प्रशासनिक निर्देशों की अवहेलना, बिना हेलमेट और सीट बेल्ट के वाहन चलाने, ओवरलोडिंग, प्रदूषण एवं बीमा कागजात नहीं रहने तथा गलत दिशा में वाहन खड़ा करने से संबंधित थीं। कई चालक यातायात संकेतों की अनदेखी करते हुए भी पकड़े गए। जांच के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी स्वयं मौके पर उपस्थित रहे और वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी वाहन चालक यात्रा के दौरान वैध ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन का रजिस्ट्रेशन, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र एवं अन्य आवश्यक कागजात अनिवार्य रूप से साथ रखें, निर्धारित गति सीमा का पालन करें, नशे की हालत में वाहन न चलाएं तथा वाहन को केवल निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़ा करें। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन न केवल चालक की सुरक्षा के लिए आवश्यक है बल्कि आम जनता की जान-माल की रक्षा से भी जुड़ा है। अनुमंडल प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा और यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए इस प्रकार का सघन वाहन जांच अभियान आगे भी नियमित अंतराल पर जारी रहेगा और नियम तोड़ने वालों के विरुद्ध बिना किसी भेदभाव के सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# आवास योजना की चाभी सौंपे जाने के कार्यक्रम को दूरदर्शन पर देखा गया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026 27 में पूर्ण किए गए 2 लाख 35 हजार आवासों का गृह प्रवेश आवास के चाबी एवं नए सैनिक लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र का वितरण का कार्यक्रम पटना के बापू सभागार में ग्रामीण विकास के द्वारा किया गया। जिसका प्रसारण दूरदर्शन एवं वीसी के माध्यम से राज्य भर में किया गया। इस कार्यक्रम में भारत सरकार ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री शिवराज चौहान बिहार की मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी उप मुख्यमंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार इत्यादि की गरिमामयी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को बिक्रमगंज प्रखंड कार्यालय में दूरदर्शन के माध्यम से देखा गया तथा यहां पर भी प्रखंड विकास अधिकारी सुनील कुमार गौतम बीस सूत्री उपाध्यक्ष संजय कुमार वर्मा जिला बीस सूत्री सदस्य नवीन चंद्र शाह बीसीओ राजकुमार ने सामूहिक रूप से लाभुकों के बीच आवास का चाबी स्वीकृति पत्र एवं शुभकामना संदेश का वितरण किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने लाभुकों के बीच अपने उद्बोधन में प्रखंड को विकास करने में सहयोग की अपील की तथा सरकार द्वारा चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया।

# लाभार्थियों को गृह प्रवेश पर सौंपी गई चाबी, नए लाभार्थियों को मिला स्वीकृति पत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** हर गरीब परिवार के अपने पक्के मकान के सपने को साकार करने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत चेनारी प्रखंड मुख्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बीडीओ प्रियंका कुमारी ने नौ लाभार्थियों को गृह प्रवेश के अवसर पर आवास की चाबी सौंपी गई। वहीं नए चयनित लाभार्थियों को आवास निर्माण के लिए स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान लाभार्थियों को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत मिलने वाली सहायता और आवास निर्माण से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई। अधिकारियों ने लाभार्थियों से आवास का निर्माण निर्धारित मानकों के अनुरूप कराने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों में खुशी का माहौल रहा।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Road Construction Department, Road Division, Daltonganj**
**e-Procurement Notice**
**e-Tender Ref No-6/RCD/Daltonganj/2026-27/1057**
**Dated:- 19.08.2026**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Special Repair of Balumath-Herhanj-Panki Road from 1 to 16 km (SH -10) Width-7.0 m for the year 2026-27. |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 99,93,893.00 (Rupees Ninety Nine Lakh Ninety Three Thousand Eight Hundred Ninety Three) Only. |
| 3. | Bid Security (Amount) | Rs. 2,00,000.00 (Rupees Two Lac) Only. |
| 4. | Time of Completion | 03 Months |
| 5. | Date of Publication of Tender on Website | 29.08.2026, 10:30 AM |
| 6. | Last Date/Time of Online Bid Submission | 18.09.2026, 12:00 Noon |
| 7. | Date and Time of Bid opening | 21.09.2026, 12:30 PM |
| 8. | Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address | Cost of bidding document (for a non refundable fee) & Bid security as indicated shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in |
| 9. | Name & address of officer Inviting tender | Executive Engineer, R.C. D., Road Division, Daltonganj.06562—225019 |
| 10. | E-mail Id | eercdmedini-jhr@nic.in |
| 11. | Helpline number of eProcurement cell | 0651-2401010 |

**Note : Estimated amount may vary.**
For further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

**Executive Engineer**
Road Construction Department
Road Division, Daltonganj.

PR 388003 District (26-27)D


# जवाहरलाल नेहरू कॉलेज के प्राचार्य के दिशा निर्देश पर राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** जवाहरलाल नेहरू कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार ओझा के दिशा निर्देश पर राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन अंग्रेजी विभाग एवं हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया जिसमें दोनों विभाग के छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं एक से बढ़कर एक रेशम की राखियां बनाई और 13 बिहार बटालियन के जवानों को राखियां बांधी। उत्कृष्ट राखी बनाने वाली छात्राओं को मेडल प्रदान किया गया। मौके पर महाविद्यालय के बड़सर डॉक्टर फरीद आलम, बी बी ए विभाग अध्यक्ष कन्हैया कुमार सिंह, लेफ्टिनेंट सच्चिदानंद सिंह, हिंदी विभाग अध्यक्ष डॉ नीलम पाल, अंग्रेजी विभाग अध्यक्ष डॉ अभिषेक कुमार, लेखा सहायक राधा रमन सिंह, संजीव आदि ने छात्राओं को मेडल प्रदान कर उनका मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अमर सिंह, रौनक सिंह का काफी योगदान रहा।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना को लेकर विशेष जागरूकता शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**विक्रमगंज (रोहतास)।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को बढ़ावा देने के लिए जिलाधिकारी रोहतास के निर्देश पर गुरुवार को विद्युत विभाग द्वारा विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में घरेलू उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर पैनल लगाने के लाभ, केंद्र और बिहार सरकार द्वारा दिए जा रहे अनुदान तथा ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। विद्युत कार्यपालक अभियंता सासाराम ई. ब्रवीम ने बताया कि योजना के तहत 1 किलोवाट क्षमता पर केंद्र से 30,000 और राज्य से 10,000 यानी कुल 40,000 रुपये, 2 किलोवाट पर केंद्र से 60,000 और राज्य से 20,000 यानी कुल 80,000 रुपये तथा 3 किलोवाट एवं अधिक क्षमता पर केंद्र से 78,000 और राज्य से 20,000 यानी कुल 98,000 रुपये तक का अनुदान उपलब्ध है। उपभोक्ताओं को आसान किस्तों पर ऋण सुविधा की जानकारी भी दी गई ताकि कम आर्थिक बोझ पर सोलर पैनल लगाए जा सके। बताया गया कि इच्छुक उपभोक्ता प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के आधिकारिक पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं या नजदीकी विद्युत कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। शिविर में मौजूद लोगों ने योजना को उपयोगी बताया और सोलर अपनाने में रुचि दिखाई। शिविर के पहले दिन मोरौना पंचायत के मुखिया ने 3 किलोवाट क्षमता के रूफटॉप सोलर के लिए आवेदन जमा किया। विभाग ने अपील की कि अधिक से अधिक लोग सौर ऊर्जा अपनाकर बिजली बिल में बचत करें और पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें।

# रेहल से रोहितेश्वर धाम तक सड़क की अब तक नहीं हुई मरम्मत

**पर्यटकों और श्रद्धालुओं को पूरे सावन आवागमन में हुई दिक्कत**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अकबरपुर (रोहतास)।** रेहल से रोहतासगढ़ किला होते रोहितेश्वर धाम मंदिर तक जानें वाली खराब सड़क की अब तक मरम्मत नहीं हुई। देखते-देखते सावन भी अंतिम सोमवारी के करीब आ गया मगर वन विभाग से लेकर जिलाधिकारी तक मौन रह गए। क्षेत्र के जन प्रतिनिधि से लेकर समाजसेवी तक सोशल मीडिया से लेकर वाट्स एप तक का इस्तेमाल कर अधिकारी से संपर्क किया मगर कोई सुनवाई नहीं हुई यहां तक कि क्षेत्र के विधायक और सांसद को भी इस पथ का कोई फिक्र नहीं दिखा। रोहतास जिला के डीएफओ स्टालिन फिडेल ने जब कि रोहितेश्वर धाम सेवा समिति के शिष्टमंडल उनसे मिले थे तो उन्होंने आश्वस्त कर दिया था कि रोहतास रेंजर को आदेश दे दिया गया है कि उस सड़क की मरम्मत जल्द करा दी जाए। मगर डीएफओ के आधिकारिक रूप से सूचना देने के बाद भी श्रावण मास में सड़क मरम्मत का कार्य शुरू नहीं किया गया। समाजसेवी कामता यादव, अजय देव, मुखिया नागेंद्र यादव, पूर्व मुखिया कृष्णा यादव, पूर्व मुखिया संतोष कुमार भोला आदि लोगों ने कहा कि रोहितेश्वर धाम एवं रोहतास गढ़ किला जाने वाले पर्यटकों को पूरे महीने काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। जिलाधिकारी के आश्वासन के बाद भी वन विभाग के द्वारा कोई कार्य नहीं किया गया। देखते-देखते सावन महीना की अंतिम सोमवारी भी आने वाली है और सभी लोग जानते हैं कि अंतिम सोमवार में बड़ी संख्या में लोग किला से लेकर चौरासन मंदिर तक का दर्शन किया करते हैं। ऐसे में पथ की मरम्मत जगह-जगह पर होना बहुत जरूरी है, अभी भी वन विभाग से हम लोगों का आग्रह है कि जहां-जहां बड़ा बड़ा गड्ढा हो गया है वहां पर मरम्मत करने का कार्य किया जाय।

# जनता दरबार में 15 फरियादियों ने रखीं समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** डीएम दीपक कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला जनता दरबार लगा। विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे 15 फरियादियों ने समस्याओं को लेकर आवेदन दिया। काराकाट की लाखो देवी ने अतिक्रमण हटाने जबकि सासाराम की पिंकी देवी ने रोक सूची से संबंधित समस्या रखी। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित जांच और समय-सीमा में कार्रवाई का निर्देश दिया।

## सीयूएसबी परिसर में खुलेगा केंद्रीय विद्यालय

**टिकारी।** दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर में केंद्रीय विद्यालय शुरू होने का रास्ता साफ हो गया है। केंद्रीय विद्यालय संगठनने शैक्षणिक सत्र 2026-27 से विद्यालय संचालन की स्वीकृति दे दी है। इस संबंध में केवीएस मुख्यालय की ओर से 19 अगस्त को कार्यालय आदेश जारी किया गया है।


**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा**
**राष्ट्रीय लोक अदालत**
**दिनांक – 12.09.2026 (शनिवार) स्थान– व्यवहार न्यायालय, गढ़वा एवं अनुमण्डलीय व्यवहार न्यायालय, नगर उंटारी (गढ़वा)।**

"आम सूचना"
निःशुल्क, सुलभ एवं शीघ्र न्याय हेतु।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के निर्देशानुसार सम्पूर्ण भारत में "राष्ट्रीय लोक अदालत" का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय, गढ़वा एवं अनुमण्डलीय व्यवहार न्यायालय, नगर उंटारी के परिसर में दिनांक 12.09.2026 (शनिवार) को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 03:00 बजे अपराह्न तक राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व परामर्श बैठक (Pre-counselling Sitting) 10 मई, 2026 से संबंधित न्यायालय में जारी है। अतः सामान्य जनता एवम् सभी वादीगण/प्रतिवादीगण से अनुरोध है कि अपने मामलों का त्वरित निष्पादन उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत के द्वारा करा कर लाभ उठायें एवम् समय तथा पैसों की बचत करें। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में पक्षकार सशरीर अथवा आभासी माध्यम से उपस्थित हो सकते हैं।

उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में निम्नलिखित प्रकार के मामलों का निस्तारण किया जायेगा :–

1. सुलहनीय आपराधिक मामले।
2. श्रम संबंधी विवाद।
3. धारा 138 पराक्रम्य लिखत अधिनियम (NI Act)।
4. भूमि अधिग्रहण संबंधी वाद।
5. मोटर वाहन दुर्घटना दावा वाद।
6. सिविल मामले (बैंक तथा अन्य वसूली वाद)
7. वैवाहिक/कुटुम्ब न्यायालय संबंधी वाद।
8. अपील संबंधी मामले।
9. बिजली एवं पानी संबंधी मामले।
10. वन अधिनियम संबंधी मामले।
11. मद्य निषेध अधिनियम वाद (Excise Act Cases)।
12. BSNL से संबंधित मामले।
13. अन्य सुलहनीय मामले।

श्री आसुतोष शेखर
पुलिस अधीक्षक–सह–सदस्य
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा।

श्री पशुपतिनाथ मिश्रा
उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा।

श्री मनोज प्रसाद
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश –सह– अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा।

अधिक जानकारी हेतु व्यवहार न्यायालय, गढ़वा स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में प्रत्येक कार्यावधि को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 04:00 बजे अपराह्न तक सम्पर्क करें।

निवेदक :–
सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा।

PR 387993 District(26-27)D

# भारतरत्न राजीव गांधी एकता और सांप्रदायिक सद्भाव के नायक : प्रभाकर झा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** गुरुवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला अध्यक्ष प्रभाकर झा की अध्यक्षता में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व० राजीव गांधी की 82 वीं जयंती सद्भावना दिवस के रूप में मनाई गई। जिला अध्यक्ष प्रभाकर झा ने स्व० राजीव गांधी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प माला अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित कर कहा कि राजीव गांधी जी दूरदर्शी सोच के धनी तथा आधुनिक भारत के शिल्पकार भी थे जिसके कारण अपने दूर दृष्टि से भारत को नई दिशा दी । श्री झा ने कहा कि राजीव गांधी जी कि यह विचार थे की भारतवासी होने के मायने हमारी पांच साल की सभ्यता को आत्मसात करना है इस सभ्यता में विभिन्न तरह के धर्म एवं भाषाएं हैं और वही हमारी शक्ति है हमारी एकता और ताकत तभी बनती है जब हम सर्वधर्म संभव के रास्ते पर चलते हैं । देश को बांटने के बजाय एकजुट पर जोड़ देने की जरूरत है वही धर्म के ठेका लेकर कुछ लोग समाज को बांटने का काम कर रहे हैं लेकिन हम सभी लोगों की यह जिम्मेदारी बनती है कि हमें समाज में विद्वेष की जगह भाईचारा को बढ़ावा देना चाहिए तथा देश को बांटने के बजाय एकजुटता पर जोर देने की जरूरत है। नवादा जिला युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि राजीव गांधी जी ने युवाओं को 18 वर्ष की आयु में मताधिकार प्रदान किया तथा शिक्षा के क्षेत्र में नवोदय विद्यालय की स्थापना कर नई जागृति पैदा की उनके योगदान को देश सदैव याद रखेगा। उपस्थित नवादा जिला कांग्रेस कमिटी के पूर्व महासचिव अरुण कुमार, प्रदेश प्रतिनिधि रजनीकांत दीक्षित, राहुल प्रियंका बिग्रेड सेना के प्रदेश सचिव संजय सिंह, सहित सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सद्भावना दिवस पर राजीव गांधी को नमन कर जाति संप्रदाय क्षेत्र, धर्म या भाषा का भेदभाव किए बिना देश के सभी नागरिकों में भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करने और हिंसा का सहारा लिए बिना हर मतभेद को बातचीत एवं संवैधानिक माध्यमों से सुलझाने की प्रतिज्ञा ली ।

# प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

## लाभुकों के बीच आवास की चाभी एवं स्वीकृति पत्र का वितरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** 20 अगस्त 2026 को बापू सभागार, पटना में मुख्यमंत्री, बिहार सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीआरडीए सभागार, नवादा में जिलाधिकारी रवि प्रकाश की उपस्थिति में किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में पूर्ण किए गए 2 लाख 35 हजार आवासों के गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही लाभुकों को आवास की चाभी एवं नवनिर्वाचित लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर केंद्र सरकार द्वारा बिहार राज्य को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत आवास निर्माण के लिए लक्ष्य आवंटित किए जाने की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा नवादा सदर प्रखंड के लाभुकों के बीच प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत 14 लाभुकों को स्वीकृति पत्र तथा 24 लाभुकों को पूर्ण आवास की चाभी प्रदान की गई। स्वीकृति पत्र प्राप्त करने वाले लाभुकों में महुली पंचायत के सिसमा ग्राम निवासी सुषमा देवी एवं औरैना पंचायत के भरोसा ग्राम निवासी सुनीता देवी सहित अन्य लाभुक शामिल हैं। वहीं, पूर्ण आवास की चाभी प्राप्त करने वाले लाभुकों में केना पंचायत के केना ग्राम निवासी भोला कुमार, अशोक कुमार, उपेंद्र रजक, मिश्री भगत, अशरफ खान एवं हनीफ खान सहित अन्य लाभुक शामिल रहे। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने सभी लाभुकों को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का लाभ प्राप्त होने पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि योजना का लाभ पात्र एवं जरूरतमंद परिवारों तक पारदर्शी एवं नियमानुसार पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने आवास निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराने पर भी विशेष जोर दिया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, नवादा, सहायक समाहर्ता, नवादा, गोपनीय शाखा प्रभारी, निदेशक, डीआरडीए सहित संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### विचार गोष्ठी व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**कौआकोल।** बिहार इप्टा की स्थापना के 80 वर्ष पूरे होने के अवसर पर गुरुवार को गया सिंह स्मृति धर्मशाला,पांडेयगोट में भव्य सांस्कृतिक समागम एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार एवं रंगकर्मी नरेंद्र प्रसाद सिंह ने की। गोष्ठी का विषय "इप्टा संस्थापक दशरथ लाल और केशरीनंदन के गीतों की प्रासंगिकता" रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ संस्कृतिकर्मी नरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि आजादी के दौर और विभिन्न आंदोलनों में दशरथ लाल एवं केशरीनंदन ने अपने गीतों के माध्यम से जनता को आंदोलित किया। डॉ. सुभाष चंद्र बोस ने कहा कि दशरथ लाल ने अपनी लोक कला के माध्यम से नवादा ही नहीं, बल्कि पूरे देश में बिहार का गौरव बढ़ाया। वहीं इप्टा के सचिव चंद्रमौली कुमार ने कहा कि यह आयोजन संगठन के लिए संकल्प, आत्ममंथन और भविष्य की तैयारी की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। समागम के दौरान नरेंद्र प्रसाद सिंह लिखित नाटक 'मुआवजा' का मंचन भी किया गया। इसमें भिखुक की भूमिका निभाने वाले कुमुद कुमार के अभिनय को दर्शकों ने खूब सराहा। मौके पर डॉ. सुभाष चंद्र बोस, बलराम राजवंशी, भूषण सिंह, पप्पू पांडेय, दिनेश रविदास, शिवानी कुमारी, गुनगुन कुमारी, राजेंद्र मिस्त्री, जादूगर मनोज कुमार सहित दर्जनों कवि, लेखक, कलाकार, नाटककार, गायक, वादक एवं बुद्धिजीवी मौजूद रहे।

### ज्योतिष कुमार बने भाजपा वाणिज्य प्रकोष्ठ के नवादा जिला संयोजक

**कौआकोल।** भारतीय जनता पार्टी के बिहार प्रदेश वाणिज्य प्रकोष्ठ ने संगठन का विस्तार करते हुए कौआकोल प्रखण्ड के मननपुर गांव निवासी ज्योतिष कुमार को नवादा जिला वाणिज्य प्रकोष्ठ का जिला संयोजक मनोनीत किया है। इस संबंध में प्रदेश संयोजक प्रो. (डॉ.) जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता ने पत्र जारी कर उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी है। जारी पत्र में कहा गया है कि संगठन को मजबूत एवं गतिशील बनाने के लिए ज्योतिष कुमार से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा है। उनके मनोनयन से भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में उत्साह देखा जा रहा है। ज्योतिष कुमार कौआकोल प्रखंड क्षेत्र से जुड़े हुए हैं और पार्टी संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनके जिला संयोजक बनने पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में वाणिज्य प्रकोष्ठ को जिले में और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाया जाएगा। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने ज्योतिष कुमार को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

### विभिन्न पंचायतों में निकाली गई समरसता संकल्प कलश यात्रा




**कौआकोल।** संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती के अवसर पर गुरुवार को कौआकोल प्रखंड की सभी पंचायतों में समरसता संकल्प अभियान के तहत कलश यात्रा निकाली गई। संबंधित पंचायतों में विकासमित्रों के नेतृत्व में निकाली गई यात्रा के दौरान संत गुरु रविदास जी के विचारों,सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी लोकेशनाथ चौधरी ने बताया कि सोखोदेवरा पंचायत में विकासमित्र जितेंद्र मांझी की देखरेख में कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान लोगों ने सामाजिक समरसता, आपसी सौहार्द और भाईचारे को मजबूत करने का संकल्प लिया। कलश यात्रा के माध्यम से संत रविदास जी के आदर्शों एवं उनके समतामूलक समाज के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने तथा समाज में भेदभाव मिटाकर एकता और सद्भाव कायम रखने का संकल्प लिया गया।

# इंटर विद्यालय में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**नारदीगंज,नवादा।** इंटर विद्यालय नारदीगंज में गुरुवार को एक दिवसीय मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भारतीय परंपरा में सावन के महीने में महिलाओं और युवतियों द्वारा हाथों में मेहंदी लगाना अत्यंत शुभ और अनिवार्य माना जाता है। यह कार्यक्रम विद्यालय के शिक्षक कंचन वर्मा के मार्गदर्शन व देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाध्यापक कृष्ण कांत इचा गुड्डू ने की प्रतियोगिता में विद्यालय की शिक्षिकाओं और छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी हथेलियों पर एक से बढ़कर एक आकर्षक व कलात्मक मेहंदी डिज़ाइन उकेरे। मौके पर शिक्षक पूनम यादव,किरण कुमार समेत अन्य रहें।

# सीएचसी में 13 गांवों के प्रभावशाली व्यक्तियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पकरीबरावां।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां में गुरुवार को 13 गांवों के प्रभावशाली व्यक्तियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में प्रभावशाली व्यक्तियों को बच्चों में होने वाले जानलेवा बीमारियों की जानकारी दी गई। बताया गया कि इन बीमारियों से बचाने का आसान उपाय नियमित टीकाकरण है। प्रभावशाली व्यक्तियों को अपने गांव या क्षेत्र में टीकाकरण के लिए लोगों को जागरूक करना है। समुदाय में टीकाकरण के लिए हमेशा सकारात्मक माहौल का निर्माण करना है। आशा से मिलकर टीके लगाने से इनकार हितधारक बच्चों की सूची लेना और परिवार से मिलकर उन्हें टीकाकरण का महत्व बताते हुए टीकाकरण के लिए प्रेरित करना है। समुदाय में टीकाकरण से जुड़ा यदि कोई भ्रांति या भ्रम है तो उसे दूर करना। उन्मुखीकरण कार्यक्रम में प्रभावशाली व्यक्तियों की ओर से आए प्रश्नों के जवाब दिए गए। इस दौरान उन्हें नियमित टीकाकरण से जुड़े सारी जानकारियां दी गई। उन्मुखीकरण कार्यक्रम की अध्यक्षता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शशि भूषण कुमार ने की। इस अवसर पीसीआई के डीसी अभिषेक कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक मो. एच रहमान, बीसीएम रेणुका कुमारी, बीसी राजीव रंजन सिंह, कुश कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# कौआकोल में पीएम आवास योजना के लाभुकों को मिली नए घर की चाभी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**कौआकोल।** प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार कक्ष में गुरुवार को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित कर आवास योजना के लाभुकों को नए निर्मित पक्के घरों की चाभी एवं नए आवास निर्माण के लिए स्वीकृति पत्र सौंपे गए। कार्यक्रम के दौरान बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार एवं सीओ चंदन चौधरी ने लाभुकों को चाभी और स्वीकृति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर वित्तीय वर्ष 2026-27 के तहत पूर्ण हुए आवासों के लाभुकों को विधिवत गृह प्रवेश कराया गया। वहीं,नए चयनित लाभुकों के बीच आवास निर्माण के लिए स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। सरकारी आवास योजना का लाभ मिलने से लाभुकों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधिकारियों ने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने लाभुकों से आवास निर्माण कार्य को निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरा करने तथा योजना की राशि का सदुपयोग करने की अपील की। अधिकारियों ने संबंधित कर्मियों को भी निर्देश दिया कि पात्र लाभुकों को योजना का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जाए तथा आवास निर्माण की प्रक्रिया में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाए। मौके पर स्वच्छता समन्वयक,आवास पर्यवेक्षक,सभी आवास सहायक समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## नालंदा

# सावन महोत्सव व रंगोली प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** भारत विकास परिषद, बिहार श्री शाखा की ओर से सावन महोत्सव एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन परिषद के प्रांतीय महासचिव डॉ. रंजन आशुतोष शरण ने दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस अवसर पर डॉ. रंजन आशुतोष शरण ने कहा कि सावन माह भगवान शिव को समर्पित है। इस माह में प्रकृति स्वयं पूरी धरती का श्रृंगार करती है और चारों ओर हरियाली छा जाती है। ऐसे में सावन महोत्सव का आयोजन हमारी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ाव को मजबूत करता है। कार्यक्रम संयोजिका मधुलिका बिहारी ने कहा कि इस तरह के आयोजन संस्कृति के संवर्धन के साथ बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करते हैं। परिषद के पूर्व सचिव रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा में निखार आता है और उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है। आयोजन को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। नालंदा विद्या मंदिर एवं आशा मेमोरियल स्कूल के कई बच्चों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। बच्चों ने अपने हाथों पर आकर्षक मेहंदी की कलाकृतियां उकेरीं, जिसे निर्णायक मंडल के सदस्यों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के अंत में परिषद के अधिकारियों ने विजेता बच्चियों को पुरस्कृत किया। वहीं सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। मौके पर शाखा अध्यक्ष विनोद कुमार, सचिव डॉ. उदय देवराजन, सिद्धनाथ प्रसाद, आशीष रंजन, विनीत कुमार, डॉ. स्मिता, मीना शरण, शिक्षिकाएं सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# गठबंधन में सभी दलों की आकांक्षाओं का हो सम्मानः उपेंद्र कुशवाहा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**राजगीर।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि गठबंधन की राजनीति वर्तमान समय की आवश्यकता है। गठबंधन में शामिल सभी दलों और सामाजिक समूहों की आकांक्षाओं का सम्मान होना चाहिए। सभी वर्गों और क्षेत्रों की अपनी अलग अपेक्षाएं होती हैं। ऐसे में उनकी आकांक्षाओं को समान रूप से महत्व देना ही मजबूत गठबंधन की पहचान है। राजगीर में आयोजित पार्टी कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक मोर्चा अपने सामाजिक आधार और विचारधारा को मजबूत करते हुए आगे बढ़ेगा। बिहार में समाजवादी विचारधारा की लंबी विरासत रही है, जिसे आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं की है। कुशवाहा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। उन्होंने भाजपा के गठन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का उल्लेख करते हुए कहा कि आपातकाल के बाद बने राजनीतिक माहौल में जनता पार्टी का गठन हुआ और बाद में विभिन्न राजनीतिक धाराओं से होते हुए भाजपा का निर्माण हुआ। राजनीतिक संगठनों का इतिहास संघर्ष, परिवर्तन और विचारधारा की यात्रा से जुड़ा होता है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में बिहार में विकास के क्षेत्र में काफी काम हुआ है। केंद्र सरकार के सहयोग और राज्य सरकार के प्रयासों से बिहार आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि लंबे समय बाद बिहार लौटने वाले लोगों को राज्य में बदलाव स्पष्ट दिखाई देता है। गठबंधन में सीटों के बंटवारे पर चल रही चर्चाओं के बीच कुशवाहा ने कहा कि सभी दलों के बीच आपसी सम्मान जरूरी है। प्रत्येक दल की अपनी सामाजिक और राजनीतिक भूमिका होती है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा को भी अपनी भूमिका मजबूती से निभानी होगी। राजनीतिक हिस्सेदारी के साथ सामाजिक हिस्सेदारी भी जरूरी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को आधुनिक तकनीक और सोशल मीडिया से जोड़ने की अपील की।

# अतिक्रमण हटने के बाद दोबारा निर्माण का आरोप, गृह मंत्री से कार्रवाई की मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** रहुई प्रखंड के धमौली डीह एवं चमोली बाजार क्षेत्र में गैरमजरूआ आम जमीन पर दोबारा अतिक्रमण कर मकान व दुकान बनाए जाने का आरोप लगाते हुए संजय कुमार ने बिहार सरकार के गृह मंत्री को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में बताया गया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग-20 में चमोली बाजार से सुपासंग रोड स्थित खाता संख्या 68, खेसरा संख्या 798 की जमीन से अतिक्रमण हटाया गया था। आवेदक का आरोप है कि अतिक्रमण हटाए जाने के करीब 15 दिन बाद कुछ लोगों ने रात में दोबारा जमीन पर निर्माण एवं दुकानें खोलने का काम शुरू कर दिया। आवेदन में छह लोगों पर लकड़ी रखने, मकान बनाकर दुकान चलाने और रास्ता बाधित करने का आरोप लगाया गया है। साथ ही, आवेदक ने एक व्यक्ति पर गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। संजय कुमार के अनुसार उन्होंने इस संबंध में अंचलाधिकारी रहुई, अनुमंडल पदाधिकारी, जिलाधिकारी तथा मुख्यमंत्री को कई बार लिखित आवेदन दिया, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने गृह मंत्री से अतिक्रमणकारियों एवं संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# जल जीवन हरियाली कार्यशाला में बच्चों को बांटे गए 200 पौधे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** स्थानीय ब्रिलिएंट ग्रुप के विद्यालय सभागार में जल जीवन हरियाली अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक, विद्यार्थी एवं गणमान्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को पर्यावरण संरक्षण, जल बचाव और पौधारोपण के प्रति जागरूक करना रहा। विद्यालय के निदेशक डॉ. धनंजय कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों को विद्यालय परिसर में पौधारोपण के लिए लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हर पौधा एक उम्मीद है और आने वाले भविष्य की हरियाली ही सच्ची आजादी होगी।विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. शशि भूषण कुमार ने बताया कि अभियान के पहले चरण में 3000 पौधे लगाने का लक्ष्य पूरा किया जा चुका है। अब 5000 पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया है। इसी क्रम में 200 विद्यार्थियों को आम, सागवान, महोगनी, आंवला, कटहल और जामुन के पौधे वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि बच्चों को आधुनिक शिक्षा और तकनीक के साथ परिवार, समाज, देश तथा प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी समझना भी जरूरी है। प्राचार्य डॉ. पुष्पलता विद्यार्थी ने अभियान का थीम "एक पौधा मां के नाम, एक पौधा देश के नाम" रखा। बच्चों ने नाटिका, संगीत और एकांकी के माध्यम से जल एवं हरियाली संरक्षण का संदेश दिया। वरिष्ठ शिक्षक पवन कुमार और रंजय सिंह ने पौधारोपण के तरीके बताए। कार्यक्रम में किशोर पांडे, विजय कुमार, आनंद कुमार, नाजिम सर सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# मंत्री श्रवण कुमार के जन्मदिन पर लंगोट अर्पित कर दीर्घायु की कामना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** ग्रामीण विकास मंत्री एवं जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार के जन्मदिन के अवसर पर युवा जनता दल यूनाइटेड, नालंदा के कार्यकर्ताओं ने बाबा मणिराम की समाधि स्थल पर लंगोट अर्पित कर उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। पूजा-अर्चना के बाद मंदिर परिसर में प्रसाद का वितरण किया गया और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जन्मदिन की बधाई दी।कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा जदयू जिलाध्यक्ष धीरज पटेल एवं नगर अध्यक्ष राहुल रंजन कुशवाहा ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि मंत्री श्रवण कुमार हमेशा कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों के सुख-दुख में साथ खड़े रहते हैं। वे जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनके समाधान के लिए लगातार प्रयास करते हैं। गरीबों, किसानों, युवाओं, शोषितों और वंचितों के हित में उनकी भूमिका सराहनीय है।वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा को समाज की सच्ची सेवा मानते हुए श्रवण कुमार लगातार युवाओं के हित में काम कर रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में जदयू संगठन लगातार मजबूत हो रहा है। कार्यकर्ताओं ने ईश्वर से प्रार्थना की कि उन्हें स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन प्रदान करें, ताकि वे इसी तरह जनसेवा करते रहें और समाज सेवा के कार्यों को और विस्तार दे सकें।इस अवसर पर सौरभ पासवान, रोहित कुमार, अंगद पांडेय, नरेश रविदास, टीटू कुमार, निशु कुमार, दीपांशु, अनुज कुमार, संजीत कुमार, सनी कुमार, धर्मपाल राज, आशीष कुमार, उत्तम कुमार, अर्णव कुमार, पीयूष राज उर्फ सोनू सहित कई युवा जदयू कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मंत्री के जन्मदिन पर देवशरण वूमेन्स इवनिंग कॉलेज व पीएमएस कॉलेज में पौधारोपण

**बिहारशरीफ।** बिहार सरकार के मंत्री सह कॉलेज शासी निकाय के अध्यक्ष श्रवण कुमार के जन्मदिन के अवसर पर सोहसराय स्थित देवशरण वूमेन्स इवनिंग कॉलेज एवं पहाड़पुरा स्थित पीएमएस कॉलेज में सामूहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। दोनों कॉलेजों में कार्यक्रम का आयोजन सचिव इंद्र भूषण कुमार के दिशा-निर्देश में किया गया। देवशरण वूमेन्स इवनिंग कॉलेज में प्रभारी प्राचार्य डॉ. सुशीला कुमारी तथा पीएमएस कॉलेज में प्रभारी प्राचार्य डॉ. बिंदेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने पौधारोपण किया।इस दौरान कॉलेज परिसरों में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। देवशरण वूमेन्स इवनिंग कॉलेज की प्रभारी प्राचार्य डॉ. सुशीला कुमारी ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं और पर्यावरण संतुलन के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना आवश्यक है।वहीं पीएमएस कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ. बिंदेश्वर प्रसाद ने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण भी जरूरी है। उन्होंने लोगों से पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। दोनों कार्यक्रमों के माध्यम से कॉलेज परिवार ने जन्मदिन के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का सकारात्मक संदेश दिया।

# पीएम आवास योजना के लाभुकों को मिले स्वीकृति पत्र व नवनिर्मित घरों की चाभी

**हरनौत।** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत गुरुवार को हरनौत प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न पंचायतों से पहुंचे लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र एवं नवनिर्मित आवासों की चाभी वितरित की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. पंकज कुमार एवं आवास पर्यवेक्षक रविकर रवि कुमार की मौजूदगी में लोहारा, सरथा, चेरो, बराह एवं नेहूसा पंचायत के पांच चयनित लाभुकों को स्वीकृति पत्र दिया गया। वहीं, आवास निर्माण पूरा कर चुके 20 लाभुकों को नए घर की चाबी सौंपी गई। कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। आवास पर्यवेक्षक ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में हरनौत प्रखंड में योजना के तहत 444 लाभुक चिन्हित किए गए हैं। सभी पात्र लाभुकों के बैंक खातों में प्रथम किस्त की राशि अगले सप्ताह तक भेजे जाने की प्रक्रिया चल रही है। बीडीओ ने नए लाभुकों को तीन महीने के भीतर गुणवत्तापूर्ण आवास निर्माण पूरा करने का निर्देश दिया। मौके पर अखिलेश पासवान, प्रमोद कुमार, धर्मवीर कुमार, ममता कुमारी समेत कई लोग मौजूद थे।

# पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार : अवधेश पटेल

**हिलसा।** हिलसा नगर परिषद क्षेत्र के गजेंद्र बिगहा गांव में गुरुवार को 'एक पेड़ नीतीश कुमार के नाम' अभियान के तहत सैकड़ों फलदार एवं छायादार पौधों का निरूशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जदयू नेता सह समाजसेवी अवधेश पटेल ने किया।इस अवसर पर अवधेश पटेल ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और घटते हरित क्षेत्र को देखते हुए पौधरोपण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण करने की अपील की। उन्होंने बताया कि गजेंद्र बिगहा में शुरू हुआ निःशुल्क पौधा वितरण अभियान इस महीने की पूर्णिमा तक जारी रहेगा। पर्यावरण संरक्षण के इच्छुक लोग यहां से पौधे प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने 'एक पेड़ बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नाम' अभियान को आगे बढ़ाते हुए नीतीश कुमार को देश का प्रधानमंत्री बनाने की मांग भी उठाई। मौके पर राजीव रंजन उर्फ टुना, नवीन कुमार, सुरेश प्रसाद, सुनील कुमार, मंटू पाण्डेय, कामेश्वर पाण्डेय, वालदेव रविदास, किशोर मिस्त्री, अनुज कुमार, रौशन कुमार, मंजू देवी, नीलम देवी समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# नालंदा विश्वविद्यालय और वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया विश्वविद्यालय के बीच शैक्षणिक साझेदारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**राजगीर।** नालंदा विश्वविद्यालय और द यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के बीच शैक्षणिक, अनुसंधान एवं ज्ञान सहयोग को बढ़ावा देने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। यह समझौता 19 अगस्त 2026 को मुंबई में आयोजित 10वें वार्षिक आईसी3 कांफ्रेंस एंड एक्सपो के अवसर पर हुआ।एमओयू के तहत दोनों संस्थान संयुक्त शोध, शिक्षण कार्यक्रम, सम्मेलनों तथा शिक्षक और छात्र आदान-प्रदान के क्षेत्र में सहयोग करेंगे। साथ ही अकादमिक संसाधनों के साझा उपयोग के माध्यम से दोनों संस्थानों के बीच बौद्धिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों को और मजबूत किया जाएगा। समझौते के अवसर पर नालंदा विश्वविद्यालय की ओर से प्रोफेसर सत्यनारायण शास्त्री और डॉ. मुनीर मैगरी उपस्थित रहे। वहीं, वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रोफेसर अमित चक्रमा तथा वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के इन्वेस्टमेंट एंड ट्रेड कमिश्नर फॉर इंडिया-गल्फ डॉ. इयान मार्टिनस सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने साझेदारी का स्वागत करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय लगातार अपने अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग का विस्तार कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह समझौता भारत-ऑस्ट्रेलिया अकादमिक सहयोग को नई गति देगा। दोनों संस्थानों की विशेषज्ञता और ज्ञान-परंपरा के मेल से छात्रों, शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों के लिए अंतर-विषयक शोध एवं ज्ञान-विनिमय के नए अवसर उपलब्ध होंगे।

# लंबित मांगों को लेकर कुलपति से मिले अंगीभूत महाविद्यालयों के शिक्षक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** मगध विश्वविद्यालय के विभिन्न अंगीभूत महाविद्यालयों के शिक्षक संघों ने शिक्षकों की लंबित मांगों और समस्याओं को लेकर कुलपति से मुलाकात कर बैठक की और ज्ञापन सौंपा। बैठक में गया कॉलेज, जे जे कॉलेज गया, जीबीएम कॉलेज गया, ए एम कॉलेज गया, एसएमएसजी कॉलेज शेरघाटी, एसएन सिन्हा कॉलेज टिकारी तथा किशोरी सिन्हा महिला कॉलेज औरंगाबाद के शिक्षक संघों के प्रतिनिधि शामिल हुए। विभिन्न मुद्दों पर सार्थक बातचीत के बाद कुलपति ने सभी मामलों पर जल्द विचार कर समाधान का आश्वासन दिया। गया कॉलेज शिक्षक संघ ने नवनियुक्त एवं कार्यरत सहायक प्राध्यापकों के कई माह से लंबित वेतन भुगतान का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। संघ ने कहा कि अनुभव सत्यापन के नाम पर कई नवनियुक्त शिक्षकों का वेतन रोका गया है जबकि अन्य विश्वविद्यालयों में वेतन का भुगतान किया जा रहा है। इससे शिक्षकों को आर्थिक एवं मानसिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। संघ ने बकाया वेतन का अविलंब भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की। निर्धारित अवधि एवं आवश्यक शर्तें पूरी कर चुके सहायक प्राध्यापकों की सेवा संपुष्टि लंबित रहने का मामला भी उठाया गया। इसके अलावा पिछले कई महीनों से वेतन से काटी गई राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली की राशि के समुचित समायोजन एवं संबंधित अभिलेख अद्यतन करने की मांग की गई। महिला शिक्षकों को नियमानुसार मातृत्व अवकाश, पुरुष शिक्षकों को पितृत्व अवकाश तथा पात्र शिक्षकों को शिशु देखभाल अवकाश देने की मांग भी रखी गई। शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के लंबित महंगाई भत्ते के भुगतान का मामला भी उठाया गया। गया कॉलेज शिक्षक संघ ने कहा कि लंबित समस्याओं का समयबद्ध समाधान होने से शिक्षकों एवं कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा और वे शैक्षणिक व प्रशासनिक कार्यों का निर्वहन अधिक उत्साह एवं समर्पण के साथ कर सकेंगे।

## पाइप पार करने को लेकर मारपीट, ट्रैक्टर चालक घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के कोराप गांव में गुरुवार सुबह सड़क पर बिछे पाइप को ट्रैक्टर से पार करने के दौरान हुए विवाद में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम फतेहपुर निवासी छोटू साव सुबह ट्रैक्टर लेकर कोराप गांव से गुजर रहा था। इसी दौरान सड़क पर बिछा पाइप उसके ट्रैक्टर से टकराकर फट गया। इस बात को लेकर पाइप के मालिक और ट्रैक्टर चालक के बीच कहा-सुनी हो गई जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। मारपीट में छोटू साव के सिर में गंभीर चोट आई है। उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया है। आंती थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि मामले में थाने में आवेदन प्राप्त हुआ है। इस संबंध में कांड संख्या 100/26 दर्ज कर लिया गया है।

# आपूर्ति सेवा संघ का सांकेतिक विरोध शुरू, अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** बिहार आपूर्ति सेवा संघ के आहवान पर विभिन्न मांगों को लेकर गया जिले के सभी अनुमंडल क्षेत्रों के आपूर्ति विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने गुरुवार से हाथ पर काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध शुरू किया। संघ ने चेतावनी दी है कि मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं होने पर सामूहिक अवकाश के बाद अनिश्चितकालीन हड़ताल की जा सकती है। सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी शशि भूषण शर्मा ने बताया कि 20 से 26 अगस्त 2026 तक सांकेतिक विरोध के माध्यम से विभागीय अधिकारियों एवं कर्मियों की समस्याओं की ओर शासन-प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया जा रहा है। प्रमुख मांगों में प्रत्येक प्रखंड को विभागीय वाहन, प्रखंड आपूर्ति कार्यालयों को पर्याप्त संसाधन एवं बजट, प्रथम प्रोन्नति पर वेतन स्तर-9, करीब 200 रिक्त पदों पर शीघ्र विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक एवं प्रोन्नति तथा 18 वर्षों से लंबित आपूर्ति सेवा के संवर्ग पुनर्गठन की मांग शामिल है। संघ ने प्रत्येक प्रखंड कार्यालय में दो सहायक और दो अनुसेवक देने, आपूर्ति निरीक्षक का पदनाम बदलकर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी करने एवं राजपत्रित दर्जा देने, सार्वजनिक वितरण प्रणाली से संबंधित प्रशासनिक व प्रवर्तन शक्तियां देने, अतिरिक्त अथवा अवकाश दिवस में कार्य के बदले भोजन एवं प्रतिपूरक अवकाश तथा राशन कार्ड अभियान के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराने की मांग की है। अनुचित वेतन कटौती एवं दंडात्मक कार्रवाई वापस लेने की मांग भी की गई है। विरोध में शशि भूषण शर्मा, बाराचट्टी के सिद्धार्थ कुमार, गुरुआ के विकास कुमार, शेरघाटी के रजनीश कुमार, बांकेबाजार के सुनील कुमार, आमस के हेमंत कुमार, डोभी की निधि तथा मानपुर की शशिकला कुमारी सहित प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी एवं कर्मी शामिल रहे।

## सरकारी किताबें कबाड़ को बेचने पर प्रभारी प्रधानाध्यापिका निलंबित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** सरकारी किताबें कबाड़ को बेचने के मामले में छत्तीहर जमालपुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका अर्चना कुमारी को निलंबित कर दिया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी के आदेश पर यह कार्रवाई की गई है। एक सप्ताह पहले विद्यालय की सरकारी किताबें कबाड़ के हाथों बेचे जाने का वीडियो बच्चों ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया था। इसके बाद स्थानीय समाचार पत्रों में खबर प्रमुखता से प्रकाशित हुई थी।मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी संतोष कुमार और जिला से पहुंची शिक्षा विभाग की टीम ने विद्यालय पहुंचकर जांच की। जांच में प्रभारी प्रधानाध्यापिका को दोषी पाया गया।

**जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई**

जिला शिक्षा पदाधिकारी ने जांच रिपोर्ट के आधार पर अर्चना कुमारी के खिलाफ निलंबन का आदेश जारी किया। निलंबन के बाद विद्यालय में हड़कंप की स्थिति है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सरकारी संपत्ति के दुरुपयोग के मामले में किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। विभाग आगे भी ऐसे मामलों पर कड़ी नजर रखेगा।

## फरार वारंटी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** शेरघाटी थाना क्षेत्र के चिताब गांव में पुलिस ने न्यायालय से जारी वारंट के बाद फरार चल रहे आरोपी के घर पर इश्तेहार चिपकाया। पुलिस की इस कार्रवाई से गांव में हड़कंप मच गया। पुलिस ने आरोपी को जल्द न्यायालय अथवा पुलिस के समक्ष उपस्थित होने की चेतावनी दी है। जानकारी देते हुए शेरघाटी थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि चिताब गांव निवासी सोनू कुमार, पिता सुदामा पासवान के खिलाफ न्यायालय से वारंट जारी किया गया है। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार फरार चल रहा है। पुलिस द्वारा कई बार संभावित ठिकानों पर छापेमारी की गई, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल सका।

# मगध विश्वविद्यालय में मेहंदी एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया में संस्कार सृजन मंच के तत्वावधान में 20 अगस्त 2026 को मेहंदी एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा, कलात्मक अभिरुचि एवं सृजनात्मक सोच को प्रोत्साहित करना था। मेहंदी प्रतियोगिता में हिंदी विभाग की रानी कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एमबीए विभाग की रिचा कुमारी एवं प्रेरणा कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त की एवं संस्कृत विभाग की सुषमा कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता की संयोजक डॉ. एकता वर्मा एवं डॉ. कविता कुमारी थीं जबकि निर्णायक मंडली में डॉ. अलका मिश्रा एवं डॉ. शिप्रा सोलंकी शामिल थीं। रंगोली प्रतियोगिता में जंतु विज्ञान विभाग की श्रुति शर्मा एवं काजल कुमारी ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंग्रेजी विभाग के सुमित कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया जबकि स्वाति सिंह एवं खुशबू कुमारी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता की संयोजक डॉ. श्वेता गोयल एवं डॉ. वंदना कुमारी थीं। निर्णायक मंडली में डॉ. शगुन एवं डॉ. इफ्फत शामिल थीं। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. एकता वर्मा ने किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बी.के. मंगलम एवं आइक्यूएसी समन्वयक प्रोफेसर मुकेश कुमार ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। संस्कार सृजन की समन्वयक डॉ. मीनाक्षी ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी अतिथियों, निर्णायकों, संयोजकों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में कुलसचिव डॉ. बी.के. मंगलम ने कहा कि इस प्रकार की रचनात्मक प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास एवं सृजनात्मक सोच विकसित करती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि कला विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के समग्र विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। आइक्यूएसी समन्वयक प्रोफेसर मुकेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ विद्यार्थियों की रचनात्मक एवं सांस्कृतिक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का बेहतर अवसर प्रदान करती हैं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मक एवं कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रस्तुत आकर्षक मेहंदी एवं रंगोली की कलाकृतियों ने उपस्थित सभी लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

# राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया नमन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**टिकारी।** प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न राजीव गांधी की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष सत्येंद्र नारायण ने की। कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उनके योगदान को याद किया। इस मौके पर सत्येंद्र नारायण ने कहा कि राजीव गांधी ने आधुनिक भारत की नींव को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कंप्यूटर और दूरसंचार के क्षेत्र में उनके प्रयासों ने देश को नई तकनीकी दिशा दी। पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने और युवाओं को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए भी उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी की दूरदर्शी सोच आज भी देश के विकास के लिए प्रेरणा देती है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके विचारों और आदर्शों को आगे बढ़ाने तथा देश की एकता, अखंडता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष नाथुन पासवान, राम स्वार्थ राम, जगत राम, कमला पासवान, शशि भूषण शर्मा, आलोक कुमार, विजय पासवान, शियाराम जी, राम विलास प्रसाद, नोनू प्रसाद यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सम्राट जीविका का वार्षिक आम सम्मेलन संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरारू।** गुरूवार को मथुरापुर बाजार स्थित स्मार्ट पॉइंट हॉल में डीहा, घटेरा, देवकली, पहरा पंचायतों को नियंत्रित करने वाली सम्राट जीविका विकास स्वावलम्बी सहकारी समिति का वार्षिक आम सभा बैठक संपन्न हुआ। बैठक में सैकड़ों जीविका दीदियों के अलावे जिला प्रोजेक्ट मैनेजर (जीविका) आचार्य मम्मट, प्रखण्ड प्रोजेक्ट मैनेजर प्रवीण कुमार, पीएनबी शाखा प्रबंधक, मथुरापुर, ओम प्रकाश, क्षेत्रीय समन्वयक इशरत अफसाना, सलोनी कुमारी सहित दर्जनों जीविका कर्मी उपस्थित रहीं। आम बैठक में सम्राट जीविका द्वारा एक वर्ष का आय व्यय प्रस्तुत किया गया। सभा का संचालन जीविका कर्मी पुष्पा कुमारी ने किया। सम्राट जीविका की अध्यक्षा सरिता कुमारी एवं सलोनी कुमारी ने बताया कि सम्राट जीविका के तहत सैकड़ों जीविका दीदी आपस में समन्वय बनाकर रोजगार कर रहीं है। इस कार्य में बीपीएम एवं बैंक का भरपूर सहयोग रहता है। जीविका के तहत ही गुरारू बाजार में अर्चना दीदी द्वारा टेंशन फ्री के नाम से सेनेटरी पैड का कारखाना खोला गया है। यहां दीदियों को रोजगार प्राप्त हो रहा है। हमारे लिए यह गर्व की बात है। वही डीपीएम एवं बीपीएम प्रवीण कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जीविका दीदियों का परम कर्तव्य है कि जीविका दीदियों द्वारा निर्मित किसी भी प्रकार की सामग्री का स्वयं उपयोग करें एवं प्रचार प्रसार करें जिससे जीविका दीदियों के बीच हीं उन्हें बाजार उपलब्ध हो जाए।

# शेरघाटी में आपूर्ति सेवा संघ के आह्वान पर सांकेतिक विरोध जारी

**मांगें पूरी नहीं हुई तो अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**शेरघाटी।** बिहार आपूर्ति सेवा संघ के आह्वान पर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शेरघाटी अनुमंडल क्षेत्र के आपूर्ति विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने गुरुवार, 20 अगस्त से हाथ पर काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध शुरू किया। संघ ने स्पष्ट किया है कि यदि उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो सामूहिक अवकाश के बाद अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लिया जा सकता है। सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी शशि भूषण शर्मा ने बताया कि संघ के आहवान पर 20 से 26 अगस्त 2026 तक सांकेतिक विरोध के माध्यम से शासन-प्रशासन का ध्यान विभागीय अधिकारियों एवं कर्मियों की समस्याओं की ओर आकृष्ट कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संघ की प्रमुख मांगों में प्रत्येक प्रखंड को विभागीय वाहन उपलब्ध कराने, प्रखंड आपूर्ति कार्यालयों को पर्याप्त संसाधन एवं बजट देने, प्रथम प्रोन्नति पर पे लेवल-9 देने, करीब 200 रिक्त पदों पर शीघ्र डीपीसी एवं प्रोन्नति करने तथा 18 वर्षों से लंबित आपूर्ति सेवा के कैडर रिस्ट्रक्चरिंग की मांग शामिल है। इसके अलावा प्रत्येक प्रखंड कार्यालय में दो सहायक और दो अनुसेवक उपलब्ध कराने, आपूर्ति निरीक्षक के पदनाम को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी करने के साथ राजपत्रित दर्जा देने, पीडीएस से संबंधित प्रशासनिक एवं प्रवर्तन शक्तियां उपलब्ध कराने, अतिरिक्त अथवा अवकाश दिवस में किए गए कार्य के लिए भोजन एवं प्रतिपूरक अवकाश देने तथा राशन कार्ड अभियान के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराने की मांग की गई है। संघ ने अनुचित वेतन कटौती एवं दंडात्मक कार्रवाई वापस लेने की भी मांग की है। सांकेतिक विरोध में सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी शशि भूषण शर्मा, बाराचट्टी के सिद्धार्थ कुमार, गुरुआ प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी विकास कुमार, शेरघाटी के रजनीश कुमार, बांकेबाजार के सुनील कुमार, आमस के हेमंत कुमार, डोभी की निधि तथा मानपुर की प्रखंड आपूर्ति शशिकला कुमारी सहित प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी पदाधिकारी एवं कर्मी शामिल रहे।

## विधायक ने नीमचक बथानी प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का किया दौरा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खिजरसराय।** अतरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोमित कुमार ने बुधवार को नीमचक बथानी प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने डिग्री कॉलेज की स्थापना के लिए प्रस्तावित जमीन का निरीक्षण करने के साथ शैक्षणिक संस्थानों और अनाज गोदाम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। क्षेत्र में हुई मौतों पर उन्होंने शोक संतप्त परिवारों से मिलकर संवेदना भी व्यक्त की। विधायक ने तेलारी पंचायत के श्री बिगहा में डिग्री कॉलेज के लिए प्रस्तावित जमीन का निरीक्षण किया। इसके बाद मंई पंचायत के कमालपुर में भी कॉलेज के लिए उपलब्ध जमीन का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने स्थानीय लोगों से स्थल की स्थिति एवं आवश्यक सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। इसके बाद विधायक ने मध्य विद्यालय कमालपुर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति, पढ़ाई की व्यवस्था, शिक्षकों की स्थिति तथा मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। विद्यार्थियों से बातचीत कर उनकी पढ़ाई और विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी भी ली।

## कोंच में गुरुगोष्ठी, विद्यालयों में नियमितता और गुणवत्ता पर दिया जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में गुरुवार को सरकारी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों की गुरुगोष्ठी आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी संतोष कुमार ने की। बीईओ ने विद्यालयों के समय पर संचालन, प्रार्थना सभा, अनुशासन और विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। शिक्षकों को निर्धारित अवधि तक पठन-पाठन कराने, परिसर व शौचालयों में साफ-सफाई रखने और संसाधनों का समुचित उपयोग करने को कहा गया। लगातार अनुपस्थित रहने वाले बच्चों के अभिभावकों से संपर्क कर उन्हें विद्यालय भेजने, नामांकन के अनुरूप उपस्थिति बढ़ाने तथा कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान देने पर बल दिया गया। मध्याहन भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और अभिलेख अद्यतन रखने, पाठ्यपुस्तकों के समय पर वितरण की भी समीक्षा हुई। विद्यालय शिक्षा समिति की नियमित बैठकें और ई-शिक्षा पोर्टल पर सूचनाएं समय पर अपलोड करने का निर्देश दिया गया। कार्यक्रम में एमडीएम प्रभारी सरयु प्रसाद सहित बड़ी संख्या में प्रधानाध्यापक व शिक्षक मौजूद थे।

## 85 लीटर देशी महुआ शराब जब्त

**कोंच (नबिटा सं.)।** आंती थाना क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर में बुधवार को उत्पाद विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर तीन घरों से 85 लीटर देशी महुआ शराब बरामद की। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, जबकि दो अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर गांव में छापेमारी की गई। इस दौरान तीन अलग-अलग घरों से कुल 85 लीटर तैयार देशी महुआ शराब मिली।

# पैक्स चुनाव के नामांकन का अंतिम दिन, 25 अभ्यर्थियों ने दाखिल किया पर्चा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** नगर पैक्स चिरैली और पलुहड़ में चुनाव को लेकर नामांकन के अंतिम दिन गुरुवार को प्रखंड कार्यालय में अभ्यर्थियों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। पलुहड़ पैक्स के अध्यक्ष पद के लिए जोलह बिगहा निवासी गणेश प्रसाद और पिंटू कुमार ने नामांकन किया। वहीं चिरैली पैक्स के अध्यक्ष पद के लिए जितेंद्र कुमार ने पर्चा दाखिल किया। दोनों पैक्सों में अलग-अलग वर्ग के सदस्य पदों के लिए कुल 25 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। नामांकन पत्रों की जांच 21 और 22 अगस्त को होगी जबकि नाम वापसी की अंतिम तिथि 25 अगस्त निर्धारित की गई है। इसके बाद वैध प्रत्याशियों को चुनाव चिहन आवंटित किया जाएगा। चिरैली पैक्स के मतदान के लिए मध्य विद्यालय, चिरैली में एक मतदान केंद्र बनाया गया है। वहीं, पलुहड़ पैक्स के लिए प्राथमिक विद्यालय जयनंदन बिगहा में दो मतदान केंद्र बनाए गए हैं। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अभ्यर्थियों ने चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। पलुहड़ पैक्स में उम्मीदवार मतदाताओं को अपने पक्ष में गोलबंद करने की कवायद में जुट गए हैं।

# सांसद-विधायक तक को दिया आवेदन, फिर भी नहीं बनी सड़क

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच।** प्रखण्ड के प्राथमिक विद्यालय नरसिंहपुर के सैकड़ों बच्चों को हर दिन जान जोखिम में डालकर स्कूल आना-जाना पड़ रहा है। गांव से स्कूल तक सिर्फ 200 मीटर का रास्ता कच्चा है, जो थोड़ी बारिश में ही कीचड़ का दलदल बन जाता है। गुरुवार को शिक्षक बाल कुंवर सिंह, जितेंद्र कुमार, विमलेश यादव, रंजीत कुमार और छात्राएं अनुष्का कुमारी, सुहानी कुमारी, छात्र अविनाश कुमार सहित दर्जनों बच्चों ने प्रशासन से तुरंत पक्की सड़क बनाने की मांग की। शिक्षक बाल कुंवर सिंह ने बताया कि यह समस्या पिछले कई वर्षों से है। बरसात में हालात सबसे खराब हो जाते हैं। छोटे बच्चों के बैग, कॉपी और ड्रेस रोज मिट्टी से खराब हो जाते हैं। कई बार बच्चे फिसलकर चोटिल भी हुए हैं। डर के कारण अभिभावक भी बच्चों को स्कूल भेजने से कतराते हैं।उन्होंने कहा कि इस समस्या को लेकर मुखिया, वार्ड सदस्य, पूर्व और वर्तमान विधायक तथा पूर्व और वर्तमान सांसद को लिखित आवेदन दिया जा चुका है, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।अब ग्रामीणों और शिक्षकों ने नवबिहार टाइम्स को आवेदन सौंपकर मदद की गुहार लगाई है। लोगों की मांग है कि शिक्षा के अधिकार को देखते हुए इस 200 मीटर रास्ते का निर्माण प्राथमिकता पर कराया जाए, ताकि बच्चे सुरक्षित और सम्मान के साथ स्कूल पहुंच सकें।

# प्रचार के अभाव में फीका पड़ सकता है कोचेश्वर महोत्सव, ग्रामीण नाराज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच (गया)।** बिहार सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा कोंच डीह स्थित ऐतिहासिक कोचेश्वर महादेव मंदिर परिसर में 24 अगस्त से दो दिवसीय महोत्सव आयोजित किया जाएगा। सावन की अंतिम सोमवारी पर होने वाले इस आयोजन की तैयारी शुरू हो गई है और मंदिर से कुछ दूरी पर टेंट-पंडाल भी लगाए जा रहे हैं, लेकिन कार्यक्रम में तीन दिन ही शेष रहने के बावजूद व्यापक प्रचार-प्रसार नहीं होने से स्थानीय लोगों में नाराजगी है। ग्रामीणों में अजय शर्मा, अरुण सिंह और नीपू शर्मा का कहना है कि न तो प्रबुद्धजनों को आमंत्रण पत्र भेजे गए हैं और न ही क्षेत्र में होर्डिंग-बैनर लगे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो से ही लोगों को जानकारी मिल रही है जिसमें कलाकारों के निम्न स्तर पर चयन की चर्चा है। ग्रामीणों ने कहा कि निजी जमीन पर मुफ्त टेंट लगाया जा रहा है, लेकिन रात में अंधेरा और सुरक्षा व्यवस्था न होने से चोरी की आशंका है। अब तक कोई अधिकारी नियमित निरीक्षण को भी नहीं पहुंचा। बीडीओ चंदन कुमार ने बताया कि स्थल की व्यवस्था देखी जा चुकी है और आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि महोत्सव का स्तर बेहतर बनाने के लिए तुरंत प्रचार और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।


**पूर्व रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ मंजिल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 द्वारा तीन वर्ष के लिए हावड़ा मंडल से शुरू होने वाली 07 यात्रीवाही ट्रेनों के 07 एसएलआर और ट्रेन नं. 13025/26 में 01 आरटीवीपी की लीजिंग के लिए आईआरईपीएस वेबसाइट के ई–ऑक्शन मॉड्यूल के माध्यम से ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। विस्तृत नियम और शर्तों से संलग्न ऑक्शन कैटलॉग **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। वर्तमान ई–नीलामी के लिए बोली **www.ireps.gov.in** पर ई–ऑक्शन मॉड्यूल के माध्यम से जमा की जाएगी। ई–नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए, वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में ई–ऑक्शन मॉड्यूल के माध्यम से व्यापारियों का एक बार के लिए पंजीकरण अनिवार्य है। व्यापारियों को क्लास–III का डिजिटल हस्ताक्षर लेने की भी आवश्यकता पड़ेगी। **ऑक्शन कैटलॉग सं.**: पीसीएल–एचडब्ल्यूएच–26–8बी, **कम्पार्टमेंट** : 07 यात्रीवाही ट्रेनों के 07 एसएलआर और ट्रेन नं. 13025/26 में 01 आरटीवीपी, **नीलामी शुरू होने की तिथि और समय** : दिनांक 28.08.2026 को 14.30 बजे।

HWH-291/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

संपादकीय

# टीम नवीन : बड़ी चुनौतियां

नितिन नवीन के भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के आठ माह बाद उनकी राष्ट्रीय कार्यकारिणी घोषित हो गई है। इस टीम के सामने सबसे बड़ी चुनौती 2029 का लोकसभा चुनाव बहुमत के साथ जीतने और इसके पूर्व यूपी सहित करीब एक दर्जन राज्यों में सत्ता हासिल करने अथवा पार्टी को फिर से सरकार में लौटाने की है। इस टीम में तुलनात्मक रूप से युवा चेहरों को ज्यादा तवज्जो दी गई है, जब कि महिलाओं की संख्या भी पूर्ववर्ती कार्यकारिणियों के मुकाबले ज्यादा है। हालांकि पार्टी जिस 33 फीसदी राजनीतिक आरक्षण पर जोर दे रही है, उसकी तुलना में यह अभी भी कम है। इस टीम नवीन में कुल 68 सदस्य हैं।

नई कार्यकारिणी की घोषणा के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने तीन राज्यों के नए प्रभारियों और सह प्रभारियों की नियुक्ति भी कर दी है। इसमें बिहार चुनाव जिताने वाले विनोद तावड़े को यूपी का प्रभारी बनाया गया है। जगदीश ईश्वरभाई पटेल को सह-प्रभारी नियुक्त किया है। पंजाब की जिम्मेदारी सतीश पूनिया को दी गई है। गुजरात का जिम्मा तरुण चुग को सौंपा गया है। इन तीनों राज्यों में अगले साल चुनाव हैं। नई कार्यकारिणी में 13 उपाध्यक्ष, 8 राष्ट्रीय महासचिव, 16 राष्ट्रीय सचिव हैं। उपाध्यक्षों में वसुंधरा राजे सिंधिया, तीरथ सिंह रावत, राम माधव और प्रोफ़ेसर तारिक़ मंसूर जैसे नाम शामिल हैं। वहीं, राष्ट्रीय महासचिव के लिए आठ नाम, राष्ट्रीय सचिव के लिए 16 नामों की घोषणा की गई है। सात अलग-अलग मोर्चा अध्यक्षों में सबसे ज़्यादा चर्चा कुंवर बासित अली और हेमांग जोशी की है। कुंवर बासित अली को अल्पसंख्यक मोर्चा का और हेमांग जोशी को युवा मोर्चा का अध्यक्ष बनाया गया है। नया सोशल मीडिया इंचार्ज दीपक म्हस्के को बनाया गया है जबकि इस पद पर अब तक चर्चित नेता अमित मालवीय थे। उनकी छुट्टी हो गई है। प्रोफेसर तारिक मंसूर 2023 में ही राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए गए थे। वो वर्तमान में यूपी विधान परिषद के सदस्य हैं और अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के वीसी रह चुके हैं। नई कार्यकारिणी में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल को दी गई है। जब संगठन के राष्ट्रीय महासचिव की ज़िम्मेदारी बीएल संतोष के पास ही रखी गई है। इसी प्रकार 16 राष्ट्रीय सचिवों में केरल से के सुरेंद्रन और अनिल एंटनी का नाम हैं। केन्द्रीय कार्यालय प्रभारी के पद पर तरुण चुग, केन्द्रीय कार्यालय सचिव के पद पर महेंद्र पांडे, नॉर्थ ईस्ट कॉर्डिनेटर के पद पर संबित पात्रा और मीडिया संयोजक के पद पर अनिल बलूनी का नाम तय किया गया है। इस कार्यकारिणी में कुल 12 महिलाएं हैं। जिनमें 6 को राष्ट्रीय उपाध्यलक्ष की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। आठ राष्ट्रीय महासचिवों के नामों में इकलौती महिला स्मृति इरानी शामिल हैं। जबकि 16 राष्ट्रीय सचिवों में तीन महिलाओं के आम आदमी पार्टी के पूर्व रणनीतिकार संदीप पाठक भी राष्ट्रीय सचिव बनाए गए हैं। नई टीम में नए और पुराने के समन्वय के साथ यह भी ध्यान रखा गया कि ये लोग अपेक्षाकृत युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ मिलकर काम कर सके। हालांकि जो टीम बनी है, उसकी परफार्मेंस क्षमता पर भी उंगलियां उठ रही हैं। कुछ समीक्षकों की नजर में टीम नवीन इससे कहीं बेहतर हो सकती थी। दूसरे, टीम में ऐसे लोगों की संख्या बहुत कम है, जिन्हें चुनाव लड़ने और जिताने का खासा अनुभव है, जबकि अगला लोकसभा और उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव जीतना इस टीम के सामने सबसे बड़ी चुनौती है। यह टीम कैसे परफार्म करेगी, यह इस बात पर निर्भर है कि अध्यकक्ष नितिन नवीन इस टीम के साथ कैसे तालमेल बिठा पाते हैं और सब मिलकर कैसे नतीजे देते हैं।

# तरक्की की रोशनी में उठते कुछ सवाल

**कभी इस मिट्टी ने बेड़ियों की खनक सुनी थी, कभी इसी आकाश ने गुलामी की लंबी रात देखी थी। फिर एक सुबह क्षितिज पर आज़ादी का सूरज उगा और तिरंगे ने हवा से कहा- लहू से सींचे सपनों का, ये हमारा हिंदुस्तान है, हर साँस में बसी शहादत, हर धड़कन में अरमान है। मिली जो आज़ादी हमें, उसे मुकम्मल करना है, सिर्फ़ सरहद नहीं, दिलों को भी आज़ाद करना है। 1947 से 2026 तक भारत ने समय की नदी में बहुत दूर तक सफर तय किया है। कभी अभावों से लड़ते हुए, कभी उपलब्धियों पर इतराते हुए, कभी टूटकर फिर संभलते हुए। उस समय भारत के पास संसाधन कम थे, साधन सीमित थे और समस्याएँ असंख्य थीं, लेकिन आँखों में एक सपना था- ऐसा भारत जहाँ कोई भूखा न सोए, कोई अशिक्षित न रहे, किसी के साथ जन्म, जाति, धर्म या लिंग के आधार पर भेदभाव न हो और हर नागरिक अपने सम्मान के साथ जीवन जी सके।**

आज हमारे पास विकास की चमक है, मगर कुछ अँधेरे अब भी शेष हैं। आज 79 वर्ष बाद भारत की तस्वीर निस्संदेह बदली है- विज्ञान, तकनीक, शिक्षा, अर्थव्यवस्था और लोकतंत्र ने नई ऊँचाइयाँ छुई हैं। मगर इसी चमक के बीच कुछ सवाल अब भी खड़े हैं। क्या गरीबी, अशिक्षा, भेदभाव, भ्रष्टाचार और सामाजिक बंधनों से हम पूरी तरह मुक्त हो पाए हैं? क्या हमारे विचार सच में स्वतंत्र हैं?

आज 79 वर्ष बाद जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं तो भारत की यात्रा किसी साधारण यात्रा की तरह नहीं दिखाई देती। यह संघर्षों, उपलब्धियों, असफलताओं, उम्मीदों और अधूरे सपनों से बनी एक लंबी कहानी है। हमने बहुत कुछ पाया है, लेकिन बहुत कुछ अभी भी पाना बाकी है। हमारे हाथ में तकनीक है, अंतरिक्ष तक पहुँच है, विशाल अर्थव्यवस्था है, लोकतांत्रिक संस्थाएँ हैं और दुनिया के मंच पर बढ़ता प्रभाव है; फिर भी कहीं कोई बच्चा भूख से सोता है, कोई किसान चिंता में डूबा है, कोई लड़की अवसरों के अभाव में अपने सपनों को छोटा कर लेती है और कोई गरीब व्यक्ति व्यवस्था के सामने अपनी आवाज़ कमजोर महसूस करता है। इसलिए आज़ादी की 79वीं वर्षगाँठ पर सबसे जरूरी सवाल यही है कि क्या हम सचमुच आज़ाद हैं? 1947 का भारत आज के भारत से बहुत अलग था। अंग्रेजी शासन ने देश की अर्थव्यवस्था, उद्योग, शिक्षा और सामाजिक संरचना पर गहरे प्रभाव छोड़े थे। विभाजन की त्रासदी ने लाखों लोगों को विस्थापित किया और असंख्य परिवारों को अपने घर, अपने प्रियजन और अपनी स्मृतियाँ छोड़ने पर मजबूर कर दिया। देश के सामने गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी, खाद्यान्न संकट और कमजोर औद्योगिक आधार जैसी बड़ी चुनौतियाँ थीं। गाँवों में जीवन कठिन था और शहर भी आधुनिक सुविधाओं से बहुत दूर थे। लेकिन उस कठिन समय में भारत के पास एक अमूल्य संपत्ति थी- आशा। यह विश्वास था कि अब देश अपने निर्णय स्वयं करेगा। संविधान निर्माण के साथ नागरिकों को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार मिला। लोकतंत्र को अपनाना अपने आप में एक महान प्रयोग था। दुनिया के कई देशों को स्वतंत्रता के बाद लोकतांत्रिक व्यवस्था कायम रखने में कठिनाइयाँ आईं, लेकिन भारत ने लोकतंत्र की राह को अपना आधार बनाया। यही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है।

आज के भारत को 1947 के भारत की तुलना में देखें तो परिवर्तन की तस्वीर अत्यंत व्यापक है। जिस देश में कभी बुनियादी जरूरतों के लिए संघर्ष था, वही देश आज विज्ञान, तकनीक, चिकित्सा, संचार, अंतरिक्ष और उद्योग के अनेक क्षेत्रों में अपनी पहचान बना चुका है। सड़कों, रेल, बिजली, दूरसंचार और डिजिटल सेवाओं के विस्तार ने जीवन को बदल दिया है। मोबाइल फोन और इंटरनेट ने सूचना को घर-घर पहुँचा दिया है। बैंकिंग और डिजिटल भुगतान ने आर्थिक व्यवहार को नई गति दी है। भारतीय युवा आज दुनिया की बड़ी कंपनियों में नेतृत्व कर रहे हैं और देश के छोटे शहरों से निकलने वाली प्रतिभाएँ वैश्विक मंच पर अपनी पहचान बना रही हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी तस्वीर बदली है। विद्यालयों और विश्वविद्यालयों का विस्तार हुआ है। पहले जहाँ शिक्षा कुछ विशेष वर्गों तक सीमित थी, आज करोड़ों बच्चे स्कूल और उच्च शिक्षा संस्थानों तक पहुँच रहे हैं। महिलाओं की शिक्षा और रोजगार में भागीदारी बढ़ी है। लड़कियाँ विज्ञान, खेल, प्रशासन, सेना, राजनीति, उद्योग और कला सहित हर क्षेत्र में अपनी क्षमता सिद्ध कर रही हैं। यह परिवर्तन केवल आँकड़ों का परिवर्तन नहीं है; यह उस मानसिकता के बदलने का संकेत है जिसमें कभी लड़की के सपनों को उसके घर की चारदीवारी से आगे जाने की अनुमति नहीं थी।

आज़ादी के बाद भारत ने गरीबी कम करने की दिशा में लंबी यात्रा तय की है। आर्थिक विकास, रोजगार के अवसर, सामाजिक कल्याण योजनाओं और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार ने करोड़ों लोगों के जीवन में सुधार किया है। आज देश में एक बड़ा मध्यम वर्ग है, उपभोग की क्षमता बढ़ी है और अनेक परिवारों के जीवन स्तर में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। फिर भी गरीबी केवल खाली जेब का नाम नहीं है। गरीबी का अर्थ अवसरों की कमी भी है। जब किसी बच्चे के पास अच्छी शिक्षा नहीं होती, जब किसी परिवार को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के लिए अपनी आय का बड़ा हिस्सा खर्च करना पड़ता है, जब किसी युवा के पास योग्यता होने के बावजूद रोजगार नहीं होता, तब गरीबी अपना नया चेहरा दिखाती है। आज भी हमारे सामने आर्थिक असमानता एक बड़ी चुनौती है। एक तरफ चमकते महानगर हैं, ऊँची इमारतें हैं और आधुनिक जीवनशैली है; दूसरी तरफ ऐसे गाँव और बस्तियाँ हैं जहाँ मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष जारी है। इसलिए गरीबी के खिलाफ लड़ाई केवल आय बढ़ाने की नहीं, बल्कि सम्मानजनक जीवन और समान अवसर देने की लड़ाई भी है।

1947 में भारत की साक्षरता दर बहुत कम थी। आज शिक्षा का प्रसार कहीं अधिक व्यापक है। स्कूलों की संख्या बढ़ी है, उच्च शिक्षा का विस्तार हुआ है और डिजिटल माध्यमों ने ज्ञान की पहुँच को आसान बनाया है। यह परिवर्तन भारत की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में गिना जाना चाहिए। लेकिन शिक्षा का अर्थ केवल अक्षर पहचानना नहीं है। शिक्षा वह शक्ति है जो मनुष्य को प्रश्न करना, समझना, विवेक से निर्णय लेना और सही-गलत के बीच अंतर करना सिखाती है। आज हमारे सामने शिक्षा की गुणवत्ता, रोजगारपरकता और समान अवसर की चुनौती है। एक बच्चा महँगे निजी विद्यालय में आधुनिक संसाधनों के साथ पढ़ता है और दूसरा बच्चा ऐसे विद्यालय में जहाँ शिक्षक और संसाधन दोनों सीमित हैं, तो दोनों के सामने भविष्य की दौड़ समान कैसे होगी? जब शिक्षा अवसरों की सीढ़ी बनने के बजाय आर्थिक स्थिति का आईना बन जाए, तब हमें अपने विकास की दिशा पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। भारत का संविधान हर नागरिक को समानता का अधिकार देता है। कानून की दृष्टि से किसी व्यक्ति के साथ जाति, धर्म, लिंग या जन्मस्थान के आधार पर भेदभाव नहीं होना चाहिए। लेकिन सामाजिक जीवन में भेदभाव के अनेक रूप आज भी दिखाई देते हैं। जातिगत पूर्वाग्रह, धार्मिक अविश्वास, लैंगिक असमानता और आर्थिक स्थिति के आधार पर सामाजिक दूरी हमारे समाज की वास्तविक चुनौतियाँ हैं। हम अक्सर कहते हैं कि भारत बदल गया है, लेकिन असली बदलाव तब होगा जब किसी व्यक्ति की पहचान उसके जन्म से नहीं, उसके कर्म और चरित्र से तय होगी। जब बेटी के जन्म पर चिंता नहीं, उत्सव होगा। जब किसी गरीब बच्चे को उसके कपड़ों से नहीं, उसकी प्रतिभा से पहचाना जाएगा। जब अलग विचार रखने वाला व्यक्ति शत्रु नहीं माना जाएगा। आज़ादी का अर्थ तभी पूर्ण होगा जब मनुष्य के भीतर बैठा भेदभाव भी आज़ाद हो।

भ्रष्टाचार केवल सरकारी कार्यालय की मेज के नीचे होने वाला लेन-देन नहीं है। यह तब भी पैदा होता है जब कोई व्यक्ति नियम तोड़कर अपना काम निकलवाना चाहता है। जब हम सुविधा के लिए कानून को नजरअंदाज करते हैं, जब हम रिश्वत देने को सामान्य मान लेते हैं और जब सार्वजनिक संपत्ति को अपना नहीं समझते, तब हम भ्रष्टाचार की संस्कृति को मजबूत करते हैं। भ्रष्टाचार देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुँचाता है, विकास की गति को प्रभावित करता है और नागरिकों के विश्वास को कमजोर करता है। तकनीक और पारदर्शिता ने भ्रष्टाचार के कई रास्तों को कठिन बनाया है, लेकिन केवल व्यवस्था बदलने से समस्या पूरी तरह समाप्त नहीं होगी। नागरिक की ईमानदारी भी उतनी ही जरूरी है। यदि हम चाहते हैं कि देश ईमानदार हो, तो हमें अपनी छोटी-छोटी सुविधाओं के लिए बेईमानी को स्वीकार करना बंद करना होगा। विदेशी शासन समाप्त हो गया, लेकिन क्या गुलामी पूरी तरह समाप्त हो गई? यह सवाल हमें भीतर तक झकझोरता है। मानसिक गुलामी वह अवस्था है जिसमें व्यक्ति अपने निर्णय स्वयं लेने के बजाय दूसरों की स्वीकृति का इंतजार करता है। जब हम अपनी भाषा, संस्कृति या ज्ञान को केवल इसलिए कमतर समझते हैं क्योंकि वह पश्चिमी नहीं है, तब मानसिक गुलामी दिखाई देती है। जब समाज की रूढ़ियाँ हमारे सपनों की सीमा तय करती हैं, तब भी हम मानसिक रूप से गुलाम होते हैं।

अध्यात्म

## मुसीबत मे किसी का साथ ना छोड़ें



मुसीबत मे अपने साथी को साथ की जरूरत होती हैं ना कि अकेला छोडने की ये छोटी रोचक और प्रेरणादायक कहानीं आपको बहुत कुछ सीखा सकती हैं।

एक पेड़ पर तोता व मैना का एक जोडा रहता था उनमे बहुत प्यार था। एक दिन मैना ने तोते से पूछा कि तुम मुझसे कितना प्यार करते हो तो तोता ने कहा कि मैं तुमसे सबसे ज्यादा प्यार करता हूँ। मैं तुम्हारे लिए अपनी जान भी दे सकता हूँ लेकिन तुम्हें कुछ नही होने दूगां।

एक वह दोनो पेंड की एक डाली पर बैठे थे। तोते की कुछ तबीयत खराब थी वह उड नही पा रहा था। तभी अचानक से तेज तुफान आने लगा। तुफान को देखकर तोता मैना से बोला कि तेज तूफान आ रहा है तुम कही सुरक्षित जगह चली जाओ। मैना ने तोता से कहा कि अपना ख्याल रखना और वहाँ से उड गयी।

कुछ देर बाद तूफान सान्त हो गया। मैना तोते को देखने के लिए आई तो देखा कि तोता मरा पडा था। तोते के पास एक नोट भी पडा था उसमे लिखा था कि काश तुम जाने से पहले एक बार ये कह देते कि मैं तुम्हें छोडकर नहीं जा सकती तो सायद मैं तुफान आने से पहले नही मरता।

कभी भी किसी को भी विपत्ति आने पर अकेला नहीं छोडना चाहिए। बुरे वक्त मे एक दूसरे की सहायता करनी चाहिए। क्योंकि हर किसी के जीवन मे कभी ना कभी बुरा वक्त जरूर आता है जब उसे किसी दूसरे व्यक्ति की मदद की जरुरत होती हैं। इसलिए हमे एक दूसरे की मदद करनी चाहिए।

# डिजिटल विकास: पानी, ऊर्जा और पर्यावरण का सवाल

**पिछली एक शताब्दी पर नज़र डालें तो औद्योगिक विकास की पहचान विशाल कारखानों, ऊँची चिमनियों, इस्पात संयंत्रों और मशीनों की गूंज से होती थी। वही किसी देश की आर्थिक शक्ति और औद्योगिक प्रगति के प्रतीक माने जाते थे। लेकिन इक्कीसवीं सदी में विकास का चेहरा बदल चुका है। आज विशाल, शांत और अत्याधुनिक इमारतें नई अर्थव्यवस्था की धुरी बन रही हैं। इनमें न मशीनों का शोर सुनाई देता है, न धुएँ के गुबार उठते हैं, फिर भी दुनिया की लगभग हर डिजिटल गतिविधि की नींव इन्हीं पर टिकी है। इन्हीं नई आधुनिक इमारतों को हम "डेटा सेंटर" के नाम से जानते हैं। आज मोबाइल से किया गया भुगतान, किसी विद्यार्थी की ऑनलाइन कक्षा, अस्पताल का डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड, किसान के मोबाइल पर पहुँचा मौसम का पूर्वानुमान, सोशल मीडिया पर साझा की गई तस्वीर या कोई भी संवाद इनमें से कोई भी गतिविधि डेटा सेंटरों के बिना संभव नहीं है। हर डिजिटल क्रिया अंततः किसी न किसी डेटा सेंटर तक पहुँचती है, जहाँ सूचनाएँ संग्रहित होती हैं, उनका विश्लेषण होता है और वे कुछ ही क्षणों में हमारे पास वापस लौट आती हैं।**

यही वजह है कि डिजिटल दुनिया जितनी आभासी और अदृश्य दिखाई देती है, उसकी बुनियाद उतनी ही ठोस और वास्तविक है। यह केवल इंटरनेट या सॉफ्टवेयर का संसार नहीं, बल्कि विशाल डेटा सेंटरों, लाखों सर्वरों, निरंतर बिजली आपूर्ति, उच्च क्षमता वाले संचार नेटवर्क और बड़ी मात्रा में ऊर्जा तथा जल जैसे प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित विशाल भौतिक अवसंरचना है।

पिछले कुछ वर्षों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने इस पूरी व्यवस्था को नई गति दी है। चैटबॉट, भाषा अनुवाद, चित्र निर्माण, वीडियो विश्लेषण, चिकित्सा अनुसंधान और वैज्ञानिक गणनाओं जैसे कार्यों के लिए पहले से कहीं अधिक कंप्यूटिंग क्षमता की आवश्यकता पड़ रही है। इस वजह से दुनिया भर में नए डेटा सेंटरों के निर्माण की होड़ शुरू हो गई है।

अंतरराष्ट्रीय शोध अध्ययनों के अनुसार वर्तमान में विश्व में लगभग 11,800 डेटा सेंटर संचालित हैं, जबकि भारत में इनकी संख्या तेज़ी से बढ़ रही है और देश एशिया के प्रमुख डेटा सेंटर बाज़ारों में शामिल हो चुका है। डिजिटल इंडिया, यूपीआई, क्लाउड सेवाओं, ई-कॉमर्स, ऑनलाइन शिक्षा और सरकारी डिजिटल प्लेटफॉर्म ने इस विस्तार को और गति दी है। इसमें कोई संदेह नहीं कि डेटा सेंटर आधुनिक अर्थव्यवस्था के लिए उतने ही आवश्यक हैं, जितने कभी सड़कें, रेलमार्ग और बिजलीघर। वे निवेश आकर्षित करते हैं, रोजगार सृजित करते हैं और डिजिटल सेवाओं की विश्वसनीयता सुनिश्चित करते हैं। लेकिन हर 'विकास' अपने साथ कुछ अनदेखे प्रश्न भी लेकर आता है। लंबे समय तक डेटा सेंटरों की चर्चा केवल उनकी बिजली खपत तक सीमित रही। अब वैज्ञानिकों, पर्यावरणविदों और नीति-निर्माताओं का ध्यान एक ऐसे प्राकृतिक संसाधन की ओर जा रहा है, जिसकी चर्चा अक्सर छूट जाती है, वह है जल।

**डिजिटल दुनिया की अदृश्य प्यास-** हम मानते हैं कि हमारा डेटा 'क्लाउड' में सुरक्षित है। क्लाउड कोई काल्पनिक स्थान नहीं, बल्कि हजारों सर्वरों से भरे विशाल डेटा सेंटरों का नेटवर्क है। हर ई-मेल, हर डिजिटल भुगतान, हर वीडियो, हर ऑनलाइन खोज और हर एआई अनुरोध इन्हीं सर्वरों पर संसाधित होता है। ये सर्वर दिन-रात लगातार काम करते हैं। जितनी अधिक गणनाएँ होती हैं, उतनी ही अधिक गर्मी उत्पन्न होती है। यदि यह तापमान नियंत्रित न किया जाए तो सर्वर की कार्यक्षमता प्रभावित हो सकती है, उपकरण क्षतिग्रस्त हो सकते हैं और डिजिटल सेवाएँ बाधित हो सकती हैं। इसलिए शीतलन (कूलिंग) डेटा सेंटर की महत्वपूर्ण आवश्यकता है।

बड़े डेटा सेंटरों में सर्वरों को सुरक्षित तापमान पर बनाए रखने के लिए पानी आधारित कूलिंग टावर, चिलर और वाष्पीकरण आधारित शीतलन प्रणालियों का उपयोग किया जाता है। पानी गर्मी को तेजी से अवशोषित करता है, इसलिए यह बड़े डेटा सेंटरों के लिए प्रभावी माध्यम माना जाता है। लेकिन इसका दूसरा पहलू यह है कि डिजिटल सुविधाओं की बढ़ती माँग के साथ पानी की माँग भी बढ़ने लगती है। यही वह प्रश्न है, जिसने पूरी दुनिया में नई बहस शुरू कर दी है। क्या कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल अर्थव्यवस्था का विस्तार ऐसे समय में हो रहा है, जब दुनिया पहले से ही जल संकट और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से जूझ रही है? और यदि हाँ, तो क्या भविष्य का डिजिटल विकास जल सुरक्षा के साथ संतुलन बनाकर आगे बढ़ सकेगा?

इन सवालों के उत्तर केवल तकनीकी नहीं, बल्कि पर्यावरणीय, आर्थिक और सामाजिक भी है। आने वाले वर्षों में यही तय करेगा कि डिजिटल प्रगति वास्तव में टिकाऊ विकास का आधार बनती है या प्राकृतिक संसाधनों पर एक नया दबाव।

डेटा सेंटर कितना पानी पीते हैं?

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA) के अनुसार लगभग 100 मेगावाट क्षमता वाला एक हाइपरस्केल डेटा सेंटर केवल शीतलन के लिए प्रतिदिन लगभग 20 लाख लीटर पानी तक उपयोग कर सकता है। यह मात्रा कई छोटे कस्बों की दैनिक जल आवश्यकता के बराबर हो सकती है। पानी का उपयोग केवल शीतलन टावरों में ही नहीं होता, बल्कि आर्द्रता नियंत्रण और अन्य सहायक प्रणालियों में भी किया जाता है।

भारत में ऊर्जा, पर्यावरण एवं जलवायु पर कार्य करने वाली संस्था सीईईडब्ल्यू (CEEW) का अनुमान है कि वर्ष 2024 में देश के डेटा सेंटरों ने लगभग 150 अरब लीटर पानी का उपयोग किया। यदि वर्तमान विस्तार की गति बनी रही, तो 2030 तक यह खपत दोगुने से अधिक हो सकती है। यह अनुमान केवल उद्योग के आकार का नहीं, बल्कि आने वाले वर्षों की नीति संबंधी चुनौती का भी संकेत देता है। हालाँकि यह भी समझना आवश्यक है कि सभी डेटा सेंटर समान मात्रा में पानी उपयोग नहीं करते। कुछ आधुनिक केंद्र कम जल-आधारित या लगभग जल-रहित शीतलन तकनीकों की ओर बढ़ रहे हैं, जबकि पुराने केंद्र अपेक्षाकृत अधिक पानी पर निर्भर हैं। इसलिए भविष्य की दिशा केवल डेटा सेंटरों की संख्या नहीं, बल्कि उनकी जल-दक्षता भी तय करेगी।

**एआई ने क्यों बढ़ाई चुनौती?-** कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने डेटा सेंटरों की भूमिका को पूरी तरह बदल दिया है। पहले अधिकांश डेटा सेंटर ई-मेल, वेबसाइट, क्लाउड स्टोरेज और सामान्य इंटरनेट सेवाओं के लिए बनाए जाते थे। अब उन्हें बड़े भाषा मॉडल, मशीन लर्निंग, वीडियो विश्लेषण, वैज्ञानिक अनुसंधान और जटिल गणनाओं का भार भी उठाना पड़ रहा है।

एआई आधारित प्रोसेसर पारंपरिक सर्वरों की तुलना में कहीं अधिक ऊर्जा का उपयोग करते हैं और अधिक गर्मी उत्पन्न करते हैं। जिसके कारण शीतलन प्रणालियों पर दबाव बढ़ता है। आज डेटा सेंटरों की योजना केवल बिजली उपलब्धता के आधार पर नहीं बनाई जा रही, बल्कि स्थानीय तापमान, जल उपलब्धता और जलवायु जोखिम को भी ध्यान में रखा जा रहा है। वास्तव में एआई ने नई विडंबना पैदा कर दी है। एक ओर यह जलवायु परिवर्तन, मौसम पूर्वानुमान, कृषि, स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन जैसी समस्याओं के समाधान में मदद कर सकता है, दूसरी ओर यदि उसकी आधारभूत संरचना संसाधनों का अत्यधिक उपयोग करेगी तो वही तकनीक पर्यावरणीय दबाव भी बढ़ा सकती है।

**भारत के सामने दोहरी चुनौती-** भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। सरकार डेटा सेंटर, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों को प्रोत्साहन दे रही है। दूसरी ओर देश के अनेक हिस्से पहले से ही जल संकट का सामना कर रहे हैं। अनियमित मानसून, घटता भूजल, बढ़ते तापमान और तेजी से बढ़ते शहर जल संसाधनों पर अतिरिक्त दबाव डाल रहे हैं। यही कारण है कि भारत के सामने दोहरी चुनौती है। एक ओर डिजिटल अवसंरचना का विस्तार आवश्यक है, दूसरी ओर यह सुनिश्चित करना भी उतना ही जरूरी है कि यह विस्तार स्थानीय जल संसाधनों की कीमत पर न हो। यदि भविष्य के डेटा सेंटर ऐसे क्षेत्रों में स्थापित होते हैं जहाँ पहले से ही पेयजल संकट है, तो उद्योग और स्थानीय समुदायों के बीच संसाधनों को लेकर तनाव उत्पन्न हो सकता है। इसलिए अब डेटा सेंटरों की योजना को केवल निवेश और रोजगार के दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि जल सुरक्षा, शहरी नियोजन और जलवायु अनुकूलन के व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखने की आवश्यकता है।

**दुनिया क्या सीख रही है?-** दुनिया की बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियाँ इस चुनौती को स्वीकार कर चुकी हैं। माइक्रोसॉफ्ट, गूगल और अन्य कंपनियाँ ऐसे डेटा सेंटर विकसित कर रही हैं जिनमें कम पानी का उपयोग हो, उपचारित अपशिष्ट जल का अधिकतम इस्तेमाल किया जाए और वर्षा जल संचयन को अनिवार्य बनाया जाए। माइक्रोसॉफ्ट का दावा है कि उसने पिछले दो दशकों में अपने डेटा सेंटरों की वॉटर यूज़ इफेक्टिवनेस में लगभग 90 प्रतिशत सुधार किया है।

यूरोप और अमेरिका के कई क्षेत्रों में अब नए डेटा सेंटरों की स्वीकृति देते समय केवल बिजली की उपलब्धता नहीं देखी जाती, बल्कि यह भी आकलन किया जाता है कि उनका स्थानीय जल संसाधनों पर क्या प्रभाव पड़ेगा।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज बातचीत से समाधान और काम में नरमी बरते। आज आपकी आर्थिक स्थिति ठीक-ठाक बनी रहेगी। बेफिजूल के खर्चों से दूर रहें।

**वृषभ**
आज बचत पर ध्यान और दफ्तर में प्रशंसा के प्राप्त होंगे। सही योजना बनाकर चलने से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। घर की जरूरतों पर खर्च हो सकता है।

**मिथुन**
आज खर्चों में सावधानी और योजना से सफलता मिलेगी। जल्दबाजी में फैसले भी हो सकते हैं। कहीं भी पैसा लगाने या देने से पहले सोचें।

**कर्क**
आज पारिवारिक बचत और दफ्तर में सहयोग मिलेगा। पैसों की सही योजना बनाने में मदद करेगी। आपका ध्यान अपने और परिवार के भविष्य को सुरक्षित करने पर रहेगा।

**सिंह**
आज दिखावे से बचाव और सोच-समझकर फैसले ले। कुछ वजह से जरूरतों को लेकर उलझन हो सकती है। दूसरों पर प्रभाव जमाने के चक्कर में पैसे खर्च न करें।

**कन्या**
आज पैसों के मामलों में सावधानी रखें। आराम या सुख-सुविधाओं पर खर्च करने का मन हो सकता है। कोई भी सामान खरीदने से पहले अपना बजट देख लें।

**तुला**
आज संतुलित फैसले और टीम के साथ तालमेल बना रहेगा। आप खर्च और बचत के बीच सही संतुलन बनाना चाहेंगे। किसी भरोसेमंद व्यक्ति से बात करने पर नया रास्ता सूझेगा।

**वृश्चिक**
आज गोपनीय योजना और काम में गहराई रहेगी। विवरण- गोपनीय योजना और काम में गहराई रहेगी। आज आप अपनी पैसों से जुड़ी योजनाओं को गुप्त रखना पसंद करेंगे।

**धनु**
आज नए विचारों की परख और नेटवर्क से लाभ मिलेगा। आप नए मौकों से अपनी कमाई बढ़ाने के बारे में सोच सकते हैं। हर विचार फायदेमंद नहीं होगा।

**मकर**
आज जिम्मेदारी का अहसास और पुरानी योजना की समीक्षा करे। पैसों की जिम्मेदारियों पर ज्यादा ध्यान देना होगा। आप लंबी अवधि के वादों या परिवार के खर्चों के बारे में सोच सकते हैं।

**कुंभ**
आज नए विचारों से फायदा और सही बजट लाभ होगा। जल्दी आत्मनिर्भर बनने की इच्छा जागेगी।

**मीन**
आज पुरानी वित्तीय आदतों को सुधारने की सीख देते हैं। बेफिजूल के वादों को कम करें और रुका हुआ काम पूरा करें। अगर पुराना पैसों का मामला सामने आता है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीडीपीओ कार्यालय के पास से बाइक चोरी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ में दिनदहाड़े सीडीपीओ कार्यालय के पास से एक बाइक चोरी हो गई। घटना 18 अगस्त 2026 की दोपहर की है।धनरूआ थाना में दिए आवेदन में रोहितचक गांव निवासी विनोद कुमार, उम्र 48 वर्ष, पिता स्व. लक्ष्मी प्रसाद ने बताया कि वह दिनांक 18.08.2026 को करीब 1:30 बजे दोपहर में बाल विकास परियोजना कार्यालय में काम से गए थे। बाइक को कार्यालय के बाहर खड़ा कर अंदर चले गए।करीब 1 घंटे बाद जब वे 2:30 बजे बाहर आए तो उनकी बाइक वहां नहीं थी। आसपास काफी खोजबीन की लेकिन बाइक का कोई पता नहीं चला। चोरी गई बाइक हीरो पैशन प्रो, रंग-एसबीके है। विनोद कुमार ने धनरूआ थाना में आवेदन देकर बाइक की बरामदगी और चोरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।थानाध्यक्ष ने आवेदन प्राप्त कर जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

### घोसवरी पीएचसी का बीडीओ ने किया औचक निरीक्षण

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** घोसवरी प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) का गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी आनंद प्रकाश ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की व्यवस्थाएं सामान्य पाई गईं। दो कर्मी अवकाश पर थे, जबकि सभी चिकित्सक एवं अन्य कर्मी ड्यूटी पर उपस्थित मिले।बीडीओ ने अस्पताल परिसर का जायजा लेते हुए साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। उन्होंने अस्पताल आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके लिए चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान अस्पताल की अन्य व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली गई। बीडीओ ने स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने और व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की बात कही।



### दो महिलाओं ने की उमानाथ मंदिर में श्रद्धालु से चेन चोरी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सुप्रसिद्ध उमानाथ मंदिर में जलाभिषेक करने गए गोला रोड निवासी अंबर राज के गले से सोने की चेन दो अज्ञात महिलाओं ने धक्का-मुक्की कर चोरी कर लिया। चेन की कीमत करीब सवा लाख रुपए बताई जाती है। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। इस संबंध में थाने में केस दर्ज कराया गया है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

### 96 पुड़िया के साथ गांजा विक्रेता गिरफ्तार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के नवादा गेट के पास पुलिस ने छापेमारी कर 96 पुड़िया गांजा के साथ विक्रेता सुनील तांती को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 22,000 रुपए भी बरामद किए गए हैं। इस संबंध में सहायक उप निरीक्षक बबलू के बयान पर केस दर्ज किया गया है। छापेमारी टीम में अंचल निरीक्षक को भी शामिल किया गया था। काफी दिनों से गांजा बेचने की शिकायत पुलिस को मिल रही थी।

### पागल कुत्ते ने आधा दर्जन लोगों को किया जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहरी पंचायत अंतर्गत बुढाडढीन चक गांव में बुधवार के दिन एक पागल कुत्ते ने आधा दर्जन लोगों को दौड़ा-दौड़ा कर काटा और जख्मी कर दिया 55 वर्षीय नरेश चौधरी ने बताया कि कुत्ता पीछे से हमला कर देता है और भागने का मौका भी नहीं देता है इस दौरान 20 वर्षीय राजेश कुमार 22 वर्षीय नीरज कुमार 55 वर्षीय नरेश चौधरी 20 वर्षीय प्रेमराज 55 वर्षीय शिव शंकर सिंह कचहरी और धीरज कुमार डुमरिया को भी कुत्ते ने काटा सभी को सुई दिलवाने के लिए बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया कुत्ते के काटने के बाद इलाके में दहशत का माहौल है और डर से लोग घर से बाहर तक नहीं निकल रहे हैं।

### काला बिल्ला लगाकर सांकेतिक हड़ताल

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार आपूर्ति सेवा संघ के अव्वाहन पर 20 अगस्त से 26 अगस्त के बीच आपूर्ति पदाधिकारी के द्वारा काला बिल्ला हाथ में बांधकर सांकेतिक हड़ताल किया गया हड़ताल में शामिल अनुमंडल आपूर्ति पदाधिकारी राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि अनुमंडल के तमाम पदाधिकारी अपने कई सूत्री मांगों को लेकर सांकेतिक हड़ताल पर हैं जो की 26 अगस्त तक जारी रहेगा इसके बाद चरणबद्ध तरीके से हड़ताल प्रक्रिया आगे बढ़ेगी, मुख्य रूप से आपूर्ति पदाधिकारी का कहना है कि सुविधा विहीन आपूर्ति सेवा के चलते काफी परेशानी होती है विभाग के द्वारा अधिकारी को वाहन मुहैया नहीं कराया जाने के चलते निरीक्षण में परेशानी होती है वही अतिरिक्त राशन कार्ड का लक्ष्य पर रात दिन काम करने के बावजूद भी लक्ष्य या पूरा नहीं हो पा रहा है विभाग ने असंभव लक्ष्य रखा है साथ ही लेवल 8 की जगह लेवल 9 का वेतनमान भुगतान सरकार करें आपूर्ति निरीक्षक के पद की जगह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी लिखा जाए सरकार यदि संघ के द्वारा चरणबद्ध तरीके से हड़ताल के ऊपर विचार नहीं की और मांग पूरा नहीं हुआ तो सामूहिक अवकाश में भी जाने की तैयारी चल चल रही है।

### महंगाई के खिलाफ सांकेतिक हड़ताल

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के प्रसिद्ध उमानाथ सती स्थान में महंगाई के खिलाफ उमानाथ होटल समिति संघ ने गुरुवार को एकदिवसीय सांकेतिक हड़ताल की। इस दौरान उमानाथ परिसर के सभी होटल संचालकों ने अपनी-अपनी दुकानें बंद रखीं। होटल बंद रहने के कारण यहां आने वाले शवदाह यात्रियों को खाने-पीने के सामान के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। नालंदा जिले से शवदाह के लिए पहुंचे एक यात्री ने बताया कि होटल बंद होने के कारण उन्हें खाने-पीने में काफी परेशानी हुई और उन्हें भूखे ही वापस लौटना पड़ रहा है। वहीं, होटल संचालकों का कहना है कि पिछले कुछ समय से खाद्य सामग्री समेत रोजमर्रा की जरूरत की सभी चीजों की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे में पुराने रेट पर खाना और अन्य सामान बेचना उनके लिए घाटे का सौदा साबित हो रहा है। होटल संचालकों का कहना है कि इसी वजह से संघ ने खाने-पीने के सामान के मूल्य में वृद्धि करने का फैसला लिया है। और शुक्रवार से नई दरें यानी मूल्य प्रतिकिलो या प्रति प्लेट जारी किए जा रहे हैं। क्या कुछ बता रहे हैं होटल संचालक आप भी सुनिये।

### जगत नारायण कॉलेज में सावन महोत्सव

**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर स्थित जगत नारायण लाल कॉलेज खगौल में प्रधानाचार्य प्रो डॉ मधु प्रभा सिंह के अध्यक्षता में सावन महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर हरे रंग के परिधान में सुसज्जित छात्राओं ने एक दूसरे को मेहंदी लगाई। निशा, नंदनी, काजल, शायना परवीन, कोमल ,खुशबू इत्यादि छात्राओं ने अपनी प्रतिभाओं का परिचय देते हुए खूबसूरत मेहंदी की डिजाइन प्रस्तुत की। इसके बाद सावन गीतों पर प्रेरणा, खुशबू, ईशा, प्रतिमा, रागिनी, नंदिनी, काजल, सुमन इत्यादि छात्राओं ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। उनके नृत्य और संगीत से सभी सराबोर हो गए। सावन गीतों की फुहार से पूरा वातावरण आनन्दमय हो गया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। सांस्कृतिक समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ शुभांगी त्रिपाठी, डॉ अवंतिका कुमारी, डॉ मेधावी सुदर्शन, डॉ पल्लवी, डॉ स्वेता, डॉ मधुबाला ,डॉ सुषमा सहित अनेक शिक्षकगणों प्रो शशि कांत प्रसाद नें उपस्थित होकर छात्राओं का मनोबल बढ़ाया।



### मालगाड़ी की कपलिंग टूटी, दो हिस्सों में बंटी ट्रेन

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दानापुर रेलखंड पर गुरुवार की सुबह मोकामा स्टेशन के पश्चिमी समपार फाटक के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब कोयला लदी एक मालगाड़ी की कपलिंग टूट गई। कपलिंग टूटते ही मालगाड़ी की पीछे की कुछ बोगियां मुख्य ट्रेन से अलग हो गईं और मालगाड़ी दो हिस्सों में बंट गई।घटना की सूचना मिलते ही रेलवे कर्मी तत्काल सक्रिय हो गए। करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद अलग हुई बोगियों को दोबारा मुख्य मालगाड़ी से जोड़ दिया गया। इसके बाद मालगाड़ी को सुरक्षित रूप से आगे रवाना कर दिया गया।मोकामा स्टेशन प्रबंधक हरिकिशोर कुमार की तत्परता और रेलकर्मियों की सक्रियता से स्थिति को जल्द नियंत्रित कर लिया गया। इससे किसी बड़े रेल हादसे की आशंका टल गई।स्टेशन प्रबंधक हरिकिशोर कुमार ने बताया कि डाउन लाइन पर कोयला लदी मालगाड़ी पश्चिमी समपार फाटक के पास पहुंची थी। इसी दौरान कपलिंग टूटने के कारण मालगाड़ी दो हिस्सों में बंट गई। रेलकर्मियों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर कपलिंग को दुरुस्त किया और मालगाड़ी को सुरक्षित आगे बढ़ाया गया।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत, महिला समेत दो गंभीर





**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पंचमहला थाना क्षेत्र के रामपुर डुमरा गांव के पास गुरुवार को पेट्रोल पंप के सामने एन एच 80 पर भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में बाइक सवार तीन लोग कंटेनर और स्कॉर्पियो की चपेट में आ गए। दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है।स्थानीय लोगों के अनुसार, बेगूसराय जिले के चकिया थाना क्षेत्र के अमरपुर सिमरिया गांव निवासी दो युवक और एक महिला एक ही बाइक पर सवार होकर लखीसराय की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पंचमहला और मरांची थाना क्षेत्र की सीमा के पास रामपुर डुमरा गांव में बाइक अनियंत्रित होकर लखीसराय की ओर जा रहे कंटेनर से टकरा गई।टक्कर के बाद बाइक सवार सड़क पर गिर गए। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की चपेट में भी वे आ गए। हादसे में बाइक के परखच्चे उड़ गए और तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस की मदद से घायलों को ई-रिक्शा से मरांची प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। अस्पताल में अरविंद कुमार को मृत घोषित कर दिया गया।मृतक की पहचान अरविंद कुमार के रूप में हुई है, जबकि घायलों की पहचान शोभा देवी और अमरेश कुमार, दोनों अमरपुर सिमरिया निवासी, के रूप में बताई गई है।घटना के बाद कंटेनर चालक कुछ दूर जाकर रुक गया, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। वहीं स्कॉर्पियो चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस स्कॉर्पियो की तलाश में जुटी है। पंचमहला अवर थानाध्यक्ष सुजीत कुमार ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## 2 हथियार सप्लायर गिरफ्तार, देशी कट्टा, थरनट और 3 जिंदा कारतूस बरामद

**हथियार सप्लायर के खिलाफ भगवानगंज पुलिस की चौथी रिकवरी**



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अवैध हथियार तस्करी के खिलाफ भगवानगंज थाना पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने हथियार की खरीद-बिक्री के दौरान 2 तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से देशी कट्टा, थरनट और 3 जिंदा कारतूस बरामद किया है। यह भगवानगंज थाना क्षेत्र में पिछले कुछ महीनों में हथियार की चौथी बड़ी बरामदगी है। थानाध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार ने बताया कि 19 अगस्त 2026 को गुप्त सूचना मिली कि ग्राम समस्तीचक मुशहरी के पास खेत में दो व्यक्ति अवैध हथियार लेकर खरीद-बिक्री के लिए आए हुए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस वाहन को देखकर समस्तीचक के उत्तर-पश्चिम कोण पर बैठे दोनों व्यक्ति भागने लगे। तलाशी के दौरान उनके पास रखे प्लास्टिक के बोरे से अवैध हथियार और गोलियां बरामद हुईं। जिसमें देशी कट्टा - 01, देशी थरनट - 01 और जिंदा कारतूस - 03 की संख्या मे बरामद की गई है। वहीं गिरफ्तार तस्करों में धर्मराज यादव, 60 वर्ष, पिता स्व. बालेश्वर यादव, निवासी भीनकविगहा, थाना सिगोड़ी, एवं नंदलाल यादव, 61 वर्ष, पिता स्व. जयनंदन यादव, निवासी कशोपुर, थाना पालीगंज है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ भगवानगंज थाना कांड संख्या-189/26, के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है। छापेमारी दल में थानाध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार, सअनि बरूण कुमार, सअनि धर्मवीर कुमार सिंह, गृहरक्षक चितरंजन कुमार, संजीत कुमार, लालटु कुमार और चौकीदार गुल्लु कुमार शामिल थे। पुलिस का मानना है कि गिरफ्तार तस्कर जिले में अवैध हथियारों की सप्लाई करते थे।

## शराब सेवन के खिलाफ घोसवरी पुलिस का जागरूकता अभियान, तीन मौतों के बाद सख्ती



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शराब सेवन से होने वाली बीमारी के कारण तीन लोगों की मौत के बाद घोसवरी पुलिस ने शराब के खिलाफ जागरूकता अभियान तेज कर दिया है। बुधवार को घोसवरी थानाध्यक्ष सत्यम तिवारी ने रामनगर मुसहरी और धनकडोभ गांव में लोगों को शराब सेवन से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक किया। उन्होंने लोगों से शराब का सेवन नहीं करने और नशे से दूर रहने की अपील की। थानाध्यक्ष ने ग्रामीणों को बताया कि शराब सेवन से शारीरिक नुकसान के साथ आर्थिक और पारिवारिक परेशानियां भी बढ़ती हैं। इसका बच्चों के भविष्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि शराब का सेवन कानून का उल्लंघन करने के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर रूप से नुकसानदायक है। पिछले सप्ताह रामनगर मुसहरी में शराब सेवन से बीमार हुए तीन लोगों की मौत का उदाहरण देते हुए उन्होंने ग्रामीणों को इससे सबक लेने की अपील की। पुलिस के इस जागरूकता अभियान का ग्रामीणों पर असर भी देखने को मिला। दर्जनों लोगों ने शराब से तौबा करते हुए नशे से दूर रहने का संकल्प लिया। थानाध्यक्ष ने कानून-व्यवस्था के साथ सामाजिक दायित्व का भी निर्वहन किया।

## परिसीमन-जनगणना की शर्त हटाकर महिला आरक्षण तुरंत लागू करें : ऐपवा





**1 सितंबर को मुख्यालय पर प्रदर्शन का ऐलान**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन, पटना ग्रामीण जिला कमेटी की बैठक गुरुवार को मसौढ़ी माले कार्यालय में हुई। बैठक में 1 सितंबर को जिले के सभी प्रखंड मुख्यालयों पर प्रदर्शन कर महंगाई, राशन, पेंशन, पेयजल और महिला उत्पीड़न के खिलाफ आवाज बुलंद करने का निर्णय लिया गया।बैठक की शुरूआत जिला अध्यक्ष कामरेड देवंती सिन्हा के निधन पर 1 मिनट का मौन रखकर हुई। इसके बाद सर्वसम्मति से नसरीन बानो को जिला संयोजक नियुक्त किया गया।ऐपवा राज्य सचिव अनीता सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार ने 2023 में विपक्ष के सहयोग से महिला आरक्षण कानून पास कराया, लेकिन आज तक लागू नहीं किया। अब परिसीमन और जनगणना की शर्त जोड़कर सरकार आरक्षण को टालना चाहती है। उन्होंने मांग की कि शर्त हटाकर कानून को अविलंब लागू किया जाए और आरक्षण के भीतर ओबीसी, ईबीसी व अन्य वंचित महिलाओं के लिए भी कोटा तय हो। उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा आंदोलनकारियों को 'दिमागी नक्सल' कहे जाने की निंदा भी की।भाकपा-माले के केंद्रीय कमेटी सदस्य व पूर्व विधायक गोपाल रविदास ने कहा कि सरकार हर वर्ग के आंदोलन से डरी हुई है। राशन कार्ड में जाति-आवासीय प्रमाण पत्र की बाध्यता खत्म कर जमीन का रसीद अनिवार्य करने से ही योजनाएं जमीन तक पहुंचेंगी।बैठक में 21 से 31 अगस्त तक सदस्यता अभियान चलाकर 30 हजार महिलाओं को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया। साथ ही धनरूआ में 25 अगस्त, मसौढ़ी में 26 अगस्त और पुनपुन में 25 अगस्त को महिला कार्यकर्ता कन्वेंशन करने का निर्णय हुआ। अगले साल अक्टूबर में नागपुर में होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारी पर भी चर्चा हुई।बैठक में आशा देवी, उमा यादव, रिंकू देवी, कमला देवी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थीं।

## संगोष्ठियों से ही सिद्ध होगी सभागार की सार्थकता : प्रो. उपेन्द्र प्रसाद सिंह कुलपति



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बी. डी. कॉलेज, पटना में दिनांक 20 अगस्त 2026 को बिहार बीएसपीटीसीएल, पटना की सीएसआर योजना के अंतर्गत जीर्णोद्धारित सभागार का उद्घाटन किया गया और साथ ही कॉलेज की पूर्व प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत को भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. उपेन्द्र प्रसाद सिंह, प्रो. अरुण कुमार सिंह (डीन, समाज विज्ञान संकाय), प्रो. श्यामा रॉय (प्राचार्या, गंगा देवी महिला कॉलेज), प्रो. सीता सिन्हा (प्राचार्या, आर. के. डी. कॉलेज), प्रो. राम किशोर सिंह (पूर्व अध्यक्ष, इतिहास विभाग, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय) सहित अनेक विद्वान एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। कुलपति प्रो. उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि प्रो. रत्ना अमृत का बी. डी. कॉलेज की प्राचार्या के रूप में कार्यकाल अप्रतिम रहा है। उन्होंने सभागार के जीर्णोद्धार में उनकी मुख्य भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि यह सभागार तभी सार्थक होगा जब यहां नियमित अंतराल पर ज्ञान के प्रसार हेतु संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। वर्तमान प्राचार्य प्रो. दिवाकर प्रसाद ने रत्ना अमृत के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि यह सेमिनार हॉल आने वाले समय में ज्ञान, विचार और संवाद का केंद्र बनेगा, जहां से नई पीढ़ी को दिशा मिलेगी और संस्थान की गरिमा नई ऊँचाइयों तक पहुंचेगी। अपने विदाई उद्बोधन में प्रो. रत्ना अमृत ने बी. डी. कॉलेज की मधुर स्मृतियों को साझा किया और बताया कि यहाँ के कर्मियों को केवल मार्गदर्शन की आवश्यकता थी, जिसके बाद सभी ने अपने कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राहुल अमृतराज ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अपराजिता ने प्रस्तुत किया।

## मसौढ़ी जेल में गूंजा 'नशा मुक्त बिहार' का संकल्प, कैदियों और कर्मियों ने ली एकजुटता की शपथ







**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राज्य सरकार के नशा मुक्ति अभियान को गति देने के उद्देश्य से गुरुवार को मसौढ़ी उपकारा में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जेल में बंद सभी कैदियों के साथ-साथ कारा प्रशासन के पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने नशा से दूर रहने और समाज को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरूआत शपथ ग्रहण के साथ हुई। जेल उपाधीक्षक गौतम कुमार ने सभी को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को बर्बाद करता है बल्कि पूरे परिवार और समाज को भी तोड़ देता है। जेल प्रशासन का उद्देश्य सिर्फ सजा देना नहीं, बल्कि कैदियों को सुधार कर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना भी है।इस मौके पर प्रजापिता ब्रह्मकुमारी इश्वरीय विश्वविद्यालय के सदस्यों के द्वारा नशा छोड़ने के उपाय और काउंसलिंग के महत्व पर चर्चा की। कैदियों से बात कर उन्हें तनाव और निराशा से निपटने के सकारात्मक तरीके बताए। कई कैदियों ने मंच से कहा कि वे जेल से बाहर निकलकर अपने परिवार के साथ नशा मुक्त जीवन जिएंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। कारा कर्मियों ने भी संकल्प लिया कि वे अपने कर्तव्य के साथ-साथ समाज में नशा के खिलाफ जागरूकता फैलाएंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने हाथ उठाकर "हम नशा नहीं करेंगे और न करने देंगे" का नारा लगाया। जेल प्रशासन ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम आगे भी चलाए जाएंगे ताकि कैदी सुधार कर एक जिम्मेदार नागरिक बन सकें। इस अवसर पर जेल उपाधीक्षक गौतम कुमार,कक्षपाल मुकेश कुमार, संतोष कुमार, मंटू कुमार, सुधीर कुमार सत्यम कुमार (कंप्यूटर ऑपरेटर) सहित अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## मसौढ़ी में 650वीं रविदास जयंती पर दाउदपुर में निकली भव्य कलश यात्रा



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती के अवसर पर गुरुवार को मसौढ़ी नगर परिषद के दाउदपुर मुहल्ला, वार्ड-13 स्थित अनुसूचित जाति टोले में भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर गुरु रविदास के आदर्शों को याद किया,कलश यात्रा पुरानी बाजार से शुरू होकर संघतपर और गंगाचक मलिकाना होते हुए दाउदपुर स्थित संत शिरोमणि रविदास जी की प्रतिमा के पास पहुंचकर संपन्न हुई। मार्ग में श्रद्धालुओं ने भक्ति गीत और जयकारों के साथ पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। जगह-जगह लोगों ने कलश यात्रियों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।यात्रा में सभी विकास मित्रों की सक्रिय भागीदारी रही। संजय कुमार, शीला देवी, सतीश कुमार, चंद्र कांति कुमारी, अर्जुन रविदास, सविता कुमारी सहित अन्य विकास मित्र यात्रा में शामिल हुए और लोगों को गुरु रविदास के संदेश 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' और बेगमपुरा की परिकल्पना के बारे में बताया।समापन स्थल पर संत रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण

## मद्यनिषेध टीम पर हमला, जाति सूचक गालियां, थाना में घुसकर हंगामा दो नामजद समेत 12 अज्ञात पर केस दर्ज

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ड्यूटी पर तैनात मद्यनिषेध विभाग की टीम पर बेखौफ बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया। विरोध करने पर टीम को जाति सूचक गालियां दी गईं और 10-12 लोगों के साथ थाना परिसर में घुसकर हंगामा किया गया। पुलिस ने 2 नामजद समेत 12 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की है। घटना 19 अगस्त 2026 सुबह 11:25 बजे राजा बिगहा मोड़ के पास हुई। मद्यनिषेध के अवर निरीक्षक सौरभ चंद्र के नेतृत्व में टीम गश्त कर थाना लौट रही थी। इसी दौरान विपरीत दिशा से तेज रफ्तार बाइक सवार दो युवकों ने विभाग की गाड़ी में टक्कर मार दी और भागने लगे। टीम ने पीछा कर बाइक सवारों को रोका। आरोप है कि इसी बीच तरेगना मठ निवासी श्याम नारायण गिरी वहां पहुंचा और गृहरक्षक रंजीत कुमार पिता टुनटुन पासवान को जाति सूचक शब्दों से गाली देने लगा। कहते हुए उसने सरकारी काम में बाधा डाली और सिपाही संजय कुमार का सरकारी हथियार छीनने की कोशिश भी की। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। हो-हल्ला सुनकर स्थानीय लोग जुटे तो आरोपी को वहां से खदेड़ा गया। लेकिन मामला यहीं नहीं रुका।करीब 11:50 बजे जब टीम मद्यनिषेध थाना मसौढ़ी पहुंची तो थोड़ी देर बाद श्याम नारायण गिरी अपने बेटे जितेन्द्र गिरी और 10-12 अज्ञात समर्थकों के साथ थाना में घुस गया। वहां भी उसने जाति सूचक गालियां दी,पुलिस बल के हस्तक्षेप पर आरोपी हंगामा करते हुए जमीन पर गिर पड़ा, जिसे सुरक्षा कर्मियों ने बाहर किया। गृहरक्षक रंजीत कुमार के लिखित आवेदन पर श्याम नारायण गिरी, जितेन्द्र गिरी और अन्य 10-12 अज्ञात के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा, एससी-एसटी एक्ट, जानलेवा हमला और अन्य सुसंगत धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

## गोल फाउंडेशन की सामाजिक पहलः गयाजी के उपथू गांव में प्रतिभाओं का सम्मान



**पटना/गयाजी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के अंतर्गत समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्ग के बच्चों को शिक्षा, कौशल और अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से कार्यरत गोल फाउंडेशन ने सामाजिक सरोकार की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए गयाजी जिले के उपथू गांव स्थित गोल फाउंडेशन स्किल डेवलपमेंट सेंटर में पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया। गोल फाउंडेशन उपथू गांव में ऐसे बच्चों के लिए अवसर का मंच बन रहा है, जिन्हें सीमित संसाधनों के कारण गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी तथा कौशल विकास के पर्याप्त अवसर नहीं मिल पाते। यहां विद्यार्थियों को नियमित शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने तथा उनके व्यावहारिक कौशल, व्यक्तित्व, आत्मविश्वास एवं भविष्य की चुनौतियों का सामना करने की क्षमता विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।समारोह का प्रमुख आकर्षण उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान रहा। गोल संस्थान के सी एम डी बिपिन कुमार सिंह ने कहा कि संस्थान की सामाजिक जिम्मेदारी केवल आर्थिक सहयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि उसका उद्देश्य समाज के उन बच्चों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कौशल विकास के अवसर पहुंचाना है, जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित एस डी एम केशव आनंद ने गोल फाउंडेशन की पहल की सराहना करते हुए विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में सफलता का सबसे मजबूत आधार शिक्षा, अनुशासन और निरंतर प्रयास है। उन्होंने विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने और उन्हें हासिल करने के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर आगे बढ़ते रहने की सलाह दी। कार्यक्रम में डी एस पी एस.के. सिंह, इंस्पेक्टर अशोक कुमार, गौरव प्रकाश, गोल के अकेडमिक हेड गौरव सिंह, निकेत वर्धन, टुनटुन जी तथा गोल के शिक्षक धर्मेंद्र कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं स्थानीय सहभागियों की उपस्थिति रही।

# 33084 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत सौंपी गई चाभी

## पूर्वी चंपारण समाहरणालय स्थित डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद सभागार में संपन्न हुआ गृह प्रवेश का भव्य कार्यक्रम



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ग्रामीण विकास की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आज पूर्वी चंपारण जिला में 33084 लाभुकों को नव निर्मित आवास की चाबी सौंपी गई और उनका गृह प्रवेश कराया गया। जिला स्तर पर पूर्वी चंपारण समाहरणालय स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद सभागार भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें माननीय विधायक पिपरा श्याम बाबू प्रसाद यादव, विधायक सुगौली राजेश कुमार गुप्ता उर्फ बबलू गुप्ता, जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव, उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार, अपर समाहर्ता लोक शिकायत शैलेंद्र कुमार भारती,अपर समाहर्ता विभागीय जांच मो सिबगतुल्लाह सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री आवास के लाभुक उपस्थित थे। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में बिहार में पूर्ण किए गए 3.35 लाख आवासों का गृह प्रवेश, आवास का चाबी एवं नए चयनित लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र का वितरण तथा केंद्र सरकार द्वारा बिहार राज्य को लक्ष्य का आवंटन से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन पटना में किया गया था जिसका सीधा प्रसारण डॉ. राजेंद्र प्रसाद सभागार (मोतिहारी) में कराया गया। पटना में आयोजित कार्यक्रम में सम्राट चौधरी, मुख्यमंत्री, बिहार, उपमुख्यमंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव, बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार के साथ शिवराज सिंह चौहान, मंत्री, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार भी उपस्थित थे। डॉ. राजेंद्र प्रसाद सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के 11 लाभुकों को नव निर्मित आवास का प्रतीकात्मक चाबी एवं शुभकामना संदेश दिया गया इसके अतिरिक्त कुल 11 लोगों को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति संबंधी स्वीकृत्यदेश भी दिया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि 2024- 25 एवं 2025-26 अंतर्गत जिले को कुल 106357 आवास का लक्ष्य प्राप्त हुआ था जिसके विरुद्ध 106291 आवास के लिए स्वीकृति प्रदान की गई थी। वर्तमान में 33084 आवास को पूर्ण कराया गया है। आवास पूर्ण करने वाले लाभुकों को आज आवास का चाबी सौंपा गया है। जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में फूलमाला देवी, चंद्रावती देवी, इन्द्रासनी देवी, कृष्णा चौधरी, नगीना साह,महेंद्र राय, रंगीता देवी, शिवधारी सहनी, मीना देवी,जगन्नाथ दास,गीता देवी को आवास की चाबी विधायक गण और जिलाधिकारी के द्वारा प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में कुल 11 लोगों को प्रधानमंत्री आवास संबंधी स्वीकृत्यादेश भी प्रदान किया गया जिसमें सुशीला देवी, फुलगनी देवी, पुष्पा देवी, सुकन देवी, शांति देवी, शत्रुघ्न सहनी, प्रगण सहनी, रमेश सहनी, रतनी देवी, रामप्रवेश सहनी और बच्चन दास शामिल हैं। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जो आवास अभी पूर्ण नहीं हुए हैं उसके पूर्णता के लिए ग्रामीण विकास विभाग लगातार कार्य कर रहा है। उप विकास आयुक्त के स्तर पर उसकी प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है और शीघ्र ही इन आवासों को भी पूर्ण करा लिया जाएगा। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना अंतर्गत 2023- 24 एवं 2025-26 में कुल 1904 अवसान का लक्ष्य प्राप्त हुआ था जिसके विरुद्ध वर्तमान में 1720 आवासों को पूर्ण कर लिया गया है। इस मद में 1,20,000 रू को राशि राज्य सरकार के द्वारा जाती है।जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि ग्रामीण विकास की योजनाओं में मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास सहायता योजना को भी पूर्वी चंपारण जिला में सफलतापूर्वक लागू कराया गया है। इस योजना अंतर्गत वैसे लाभुक जिनका आवास 2010 से पहले बना था और आवास की स्थिति अच्छी नहीं थी, उन आवासों के जीर्णोद्धार के लिए एक मुस्त 50000 की राशि सरकार के द्वारा उपलब्ध कराई जाती है। इस मद में पूर्वी चंपारण जिला में 2890 आवासों के जीर्णोद्धार के लक्ष्य के विरुद्ध 2834 आवासों का जीणोद्धार कराया गया है। यह योजना अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति एवं अति पिछड़ा वर्ग के लोगों के लिए है। इस अवसर पर जिलाधिकारी के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना से आच्छादित जिला के सभी लाभुकों को शुभकामनाएं दी गई।

## संक्षिप्त समाचार

### संस्कृत शिविर में तुलसीदास जयंती समारोह आयोजित

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विहार संस्कृत संजीवन समाज की ओर से 'आधुनिको भव संस्कृतं वद' अभियान के तहत भर्तृहरि स्मृति संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर में संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जयंती समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम संस्कृत भाषा में हुआ। अभियान के प्रधान संरक्षक डॉ. अनिल कुमार सिंह ने कहा कि तुलसीदास 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' और 'वसुधैव कुटुम्बकम' के सिद्धांतों को मानने वाले महान संत थे। उन्होंने रामचरितमानस को भारत का राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित करने की मांग की। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार ओझा ने कहा कि 'सियाराममय सब जग जानी' तुलसीदास के व्यापक मानवीय विचारों को दशार्ता है। राष्ट्रीय संयोजिका प्रो. रागिनी वर्मा ने रामचरितमानस के नियमित अध्ययन पर जोर दिया। कार्यक्रम में डॉ. लीना चौहान, डॉ. एकता वर्मा, डॉ. दीप्ति कुमारी, डॉ. नीरा कुमारी, डॉ. अनिल कुमार चौबे, दयानी शारदेय, ज्ञानी शारदेय, डॉ. विश्वजीत रुद्रपाल सहित कई वक्ताओं ने तुलसीदास के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. लीना चौहान ने किया।

### प्रो. अरुण कुमार भगत बने मीडिया विभाग के विभागाध्यक्ष

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय बिहार के मीडिया अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष के रूप में प्रो. अरुण कुमार भगत ने डॉ. अंजनी कुमार झा से पदभार ग्रहण किया।प्रो. भगत के विभागाध्यक्ष के कार्यकाल के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय कुमार श्रीवास्तव ने शुभकामनाएं दी। प्रो. अरुण कुमार भगत इस विभाग के संस्थापक विभागाध्यक्ष भी रहे हैं, साथ ही सीएस आई सीटी स्कूल के अधिष्ठाता भी रहे हैं। प्रो.अरुण कुमार भगत 06 वर्ष बिहार लोक सेवा आयोग में अपनी सेवा प्रदान कर पुनःश्च विभाग में आए हैं। उनकी 55 से अधिक पुस्तकें प्रकाशित है। साथ ही दर्जनों शोध आलेख प्रकाशित है। 100 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया है। प्रो. भगत ने भारत सरकार के शिक्षा से संबंधित अनेक समितियों में अपनी सेवाएं प्रदान की है। प्रो. भगत ने विश्व हिंदी सम्मेलन में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करते हुए मॉरीशस और फिजी समेत कई अन्य देशों को यात्रा की है। प्रो. भगत कई विश्वविद्यालयों के विद्या परिषद एवं कार्य परिषद के भी सदस्य रहे हैं। उनके आने से शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों में हर्ष एवं उल्लास का वातावरण है। उनके पदभार ग्रहण करते समय विभागीय शिक्षक डॉ. साकेत रमन, डॉ. परमात्मा कुमार मिश्र, डॉ. सुनील दीपक घोडके, डॉ. उमा यादव एवं शोधार्थी उपस्थित थे। प्रो. भगत को विभागीय शिक्षकों ने भी बधाई एवं शुभकामनाएं की है।



### बाल श्रम के विरुद्ध कार्रवाई तेज, 03 बाल श्रमिक विमुक्त

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पदाधिकारी, वैशाली वर्षा सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले में बाल श्रम उन्मूलन को लेकर गठित धावादल द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 19 अगस्त 2026 को धावादल ने पटेढ़ी बेलसर एवं लालगंज प्रखंड क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए कुल 03 बाल श्रमिकों को विमुक्त कराया। धावादल द्वारा पटेढ़ी बेलसर स्थित मेसर्स सूरज ऑटो गैराज, साईं चौक से 01 तथा लालगंज स्थित मेसर्स अपनी साइकिल दुकान, मंगलकॉटी से 02 बाल श्रमिकों को विमुक्त कराया गया। कार्रवाई के दौरान यह भी जानकारी मिली कि बाल श्रमिकों को नियमानुसार न्यूनतम मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा था। डीएम के निर्देश के अनुरूप बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 यथा संशोधित 2016 के प्रावधानों के तहत नियोजकों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। संबंधित श्रम प्रवर्तन पदाधिकारियों को प्राथमिकी दर्ज कराने एवं अन्य आवश्यक अनुवर्ती कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 के तहत भी कार्रवाई की जा रही है। विमुक्त कराए गए सभी 03 बाल श्रमिकों को बाल कल्याण समिति, हाजीपुर के समक्ष प्रस्तुत कर सुपुर्द कर दिया गया है। बाल श्रम नियोजित कराने वाले नियोजकों के विरुद्ध नियमानुसार 20,000 रुपये से 50,000 रुपये तक जुमार्ना अथवा छह माह तक के कारावास अथवा दोनों का प्रावधान है।



### मोकामा में रेलवे फाटक को ई-रिक्शा ने मारी टक्कर

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दानापुर रेल मंडल के मोकामा स्टेशन के पूर्वी समपार फाटक को गुरुवार दोपहर एक तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रेलवे फाटक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि, घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।गौरतलब है कि बुधवार को भी इसी रेलवे फाटक को एक ई-रिक्शा चालक ने टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया था।घटना के बाद चालक ई-रिक्शा लेकर फरार हो गया था। मामले में आरपीएफ उसकी तलाश कर रही है।इसी बीच गुरुवार को दोबारा हुई घटना से रेलवे प्रशासन की परेशानी बढ़ गई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने समपार फाटक में जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने ई-रिक्शा चालक को पकड़ लिया और उसे आरपीएफ के हवाले कर दिया।लगातार दो दिनों में रेलवे फाटक को ई-रिक्शा द्वारा क्षतिग्रस्त किए जाने से सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। आरपीएफ मामले की जांच कर रही है और चालक से पूछताछ की जा रही है।

### 90 लीटर महुआ शराब के साथ 1 गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लहसुना थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने बदराई में छापेमारी कर करीब 90 लीटर देशी महुआ चुलाई शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर लहसुना पुलिस ने बदराई बधार में छापेमारी की। इस दौरान मौके से 90 लीटर महुआ देशी चुलाई शराब बरामद की गई। इस मामले में बदराई टोला, थाना लहसुना,इंदल पासवान पिता स्व. वासुदेव पासवान को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।पुलिस का कहना है कि अवैध शराब के धंधे में शामिल अन्य लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

### चोरों ने लाखों के जेवर और नगदी ले उड़ाई

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अकबरपुर रेलवे गुमटी के पास करीब पांच महीने से बंद पड़े एक घर में चोरों ने चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल में जुट गई है। घर के मालिक सोनू कुमार ने बुधवार की सुबह बताया कि पूरा परिवार पिछले पांच महीने से घर से बाहर था। पड़ोसी ने फोन कर घर में चोरी होने की जानकारी दी। इसके बाद जब वे मंगलवार शाम घर पहुंचे तो अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर पता चला कि घर में रखे कीमती सामान और नकदी गायब हैं। सोनू कुमार के अनुसार, चोर उनकी बहन की शादी के लिए बनवाकर रखे गए सोने का मांग टीका, बिछिया, पायल समेत अन्य जेवरात भी ले गए। वहीं, एक महिला पड़ोसी ने बताया कि उसने रात करीब दो बजे चोरों को घर से सामान ले जाते हुए देखा था, लेकिन डर के कारण उसने शोर नहीं मचाया। फिलहाल पुलिस आसपास लगे संभावित सीसीटीवी कैमरों की जांच और अन्य साक्ष्य जुटाकर चोरों की पहचान करने में जुटी है। खास बात यह है कि पिछले 24 घंटे में चोरों ने इलाके में दो बंद घरों को निशाना बनाया है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से स्थानीय लोगों में हड़कंप और दहशत का माहौल है।

### दरवाजे के विवाद में फायरिंग का आरोप, दो खोखे मिले

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के मीर मोहल्ला, वार्ड संख्या 18 में बुधवार की देर रात्रि दरवाजे को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद के बाद फायरिंग का आरोप लगाया गया है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया। मौके पर दो खोखे पड़े मिले। प्रथम पक्ष के मोहम्मद अकबर ने आरोप लगाया कि दरवाजे को लेकर चल रहे विवाद के कारण पड़ोसी पक्ष ने कुछ असामाजिक तत्वों को बुलाकर फायरिंग करवाई। उनका दावा है कि करीब तीन से चार राउंड गोली चलाई गई। मोहम्मद अकबर की बहन ने आरोप लगाया कि जब उनकी बच्ची उस दरवाजे से गुजरती है, तो दूसरे पक्ष के लोगों द्वारा उसके साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। बुधवार की रात भी कुछ लोगों के साथ पहुंचकर फायरिंग कर दहशत फैलाने की कोशिश की गई। प्रथम पक्ष ने जान का खतरा बताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। वहीं, दूसरे पक्ष के शहजाद कुरैशी और बबलू कुरैशी के पिता सलीम कुरैशी ने फायरिंग के आरोपों से अलग पक्ष रखते हुए बताया कि प्रथम पक्ष के मोहम्मद अकबर का भतीजा रात में उनके दरवाजे पर धक्का मारता है और अभद्र भाषा का प्रयोग करता है।

# अपराधी बेखौफ : मोटरसाइकिल सवार युवक को गोलियों से किया छलनी

## छह गोली मारकर उतारा मौत के घाट, राघोपुर सिक्स लाइन 32 नंबर पाया के पास



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हाजीपुर में क्राइम आउट ऑफ कंट्रोल, आए दिन लगातार हत्या पर हत्या की घटना हो रही है। बुधवार को फिर एक बाइक सवार युवक को अपराधियों ने राघोपुर सिक्स लाइन 32 नंबर पाया के समीप घेर कर , 6 गोली मार कर हत्या कर दिया है और मौके से फरार हो गया है। घटना के बाद सिक्स लाइन पर यात्रियों का भारी भारी इकट्ठा हो गया सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई में जुटी है जिले के एसपी खुद घटना को अपने स्तर से जांच पड़ताल करने में जुड़ गए है। मृतक की पहचान चेचर निवासी 22 वर्षीय अंशुमन कुमार, पिता सुनील कुमार सिंह के रूप में हुई है। घटना राघोपुर रुस्तमपुर थाना क्षेत्र की है। पुलिस हत्या के कारणों और वारदात में शामिल अपराधियों की पहचान के लिए छानबीन कर रही है। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अपराधियों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। मृतक का भाई गौरव कुमार ने बताया कि भाई मेरा 12वीं क्लास का छात्र है नया सिक्स लाइन पुल बना है वहां पर सेल्फी और फोटो खींचने के लिए गया था इसी दौरान कर सवार होकर चेचर गांव के रहने वाला आलोक कुमार सिंह नाम का लड़का है वही कॉल पर पहले चार चक्का से धक्का मारा है उसके बाद गिर जाने के बाद 6-7 गोली मारकर हत्या कर दिया है आलोक कुमार बंगाल में सोना लूट कांड भी किया है। पहले से किसी भी तरह का कोई विवाद नहीं था अगर छोटा-मोटा विवाद हुआ होगा इसका मतलब थोड़ी ना की हत्या हो जाएगा। यही सम्राट की सरकार है। मैं तेजस्वी यादव से भी कहूंगा राजपूत की हत्या हुई है कुछ करना है तो करिए यादव की हत्या होती तो आप तुरंत चले जाते। इस संबंध में एसपी शुभांक मिश्रा ने बताया कि 32 नंबर पाया के पास एक युवक को गोली मारकर हत्या किया गया है और एक व्यक्ति घायल है घटना से पहले एक्सीडेंट भी हुआ है। मौके पर एफएसएल की टीम पहुंची है आगे की कार्रवाई की जा रही।

### ई-निविदा के माध्यम से रेलवे को प्राप्त होगा लाखों रुपये का अतिरिक्त राजस्व

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोनपुर मंडल द्वारा रेलवे परिसंपत्तियों के बेहतर व्यावसायिक उपयोग में वृद्धि के लिए किए जा रहे सतत प्रयास लगातार सफल साबित हो रहे हैं। मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन के कुशल नेतृत्व एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक धीरज कुमार के मार्गदर्शन में आज दिनांक 19 जुलाई 2026 को आयोजित ई-निविदा के माध्यम से विभिन्न वाणिज्यिक परिसंपत्तियों का सफल आवंटन किया गया, जिससे रेलवे को आगामी वर्षों में उल्लेखनीय अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा। ई-निविदा के अंतर्गत मोहिउद्दीन नगर रेलवे स्टेशन पर पार्किंग का वार्षिक मूल्य 6,11,111/- प्रति वर्ष की दर से आवंटित किया गया। रेलवे को उक्त पार्किंग स्टैंड से तीन वर्षों की अवधि में जीएसटी सहित कुल 21,63,333/- का राजस्व प्राप्त होगा। इसी प्रकार सोनपुर स्टेशन पर सामान्य शौचालय का वार्षिक मूल्य 4,65,933/- प्रति वर्ष की दर से प्रदान किया गया है तथा वहीं कुल तीन (03) वर्षों में कुल 13,97,799/-का राजस्व प्राप्त होगा। सोनपुर मंडल द्वारा रेलवे परिसंपत्तियों का पारदर्शी एवं प्रतिस्पर्धी ई-निविदा प्रक्रिया के माध्यम से अधिकतम व्यावसायिक उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है।

# परियोजना-औद्योगिक पार्क हेतु अर्जनाधीन भूमि के मुआवजा भुगतान की तैयारियों की डीएम ने की समीक्षा



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरुवार को जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह द्वारा राजापाकर, महुआ एवं जन्दाहा अंचल अंतर्गत परियोजना-औद्योगिक पार्क की स्थापना हेतु अर्जनाधीन भूमि से संबंधित मुआवजा भुगतान की तैयारियों की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि राजस्व कर्मचारियों एवं अन्य संबंधित कर्मियों के सहयोग से संबंधित मौजा के सभी हितबद्ध रैयतों से व्यक्तिगत समन्वय स्थापित करते हुए मुआवजा भुगतान के लिए आवश्यक कागजात उपलब्ध कराने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। इसके तहत भूमि स्वामित्व प्रमाण-पत्र (एल.पी.सी.), अद्यतन लगान रसीद सहित अन्य वांछित कागजात निर्गत/उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया, ताकि मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब न हो।जिला पदाधिकारी ने प्रखंड विकास पदाधिकारियों, राजापाकर, महुआ एवं जन्दाहा को संबंधित मौजा के जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित करते हुए हितबद्ध रैयतों को मुआवजा भुगतान प्राप्त करने हेतु आवश्यक कागजात एवं प्रक्रिया के संबंध में जागरूक करने का निर्देश दिया। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, वैशाली को मुआवजा भुगतान से संबंधित सभी आवश्यक कार्रवाई ससमय, पारदर्शी एवं नियमानुसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि परियोजना-औद्योगिक पार्क के लिए अर्जनाधीन भूमि से संबंधित मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया में हितबद्ध रैयतों को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाए तथा सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

# डीएम द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय का किया गया औचक निरिक्षण



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव के द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय, सुगांव का औचक निरीक्षण किया गया। औचक निरीक्षण के क्रम में वर्गवार कक्षा के छात्रों की समस्या को सुनी गई। छात्रों के द्वारा बताया गया कि जीविका के द्वारा मेस एवं साफ-सफाई की व्यवस्था सुदृढ़ नहीं है तथा जीविका द्वारा आपूर्ति की गई पोशाक माप के अनुरूप एवं गुणवतापूर्ण नहीं है। साथ हीं विज्ञान, गणित एवं हिन्दी आदि शिक्षकों की कमी, प्रयोगशाला नियमित रूप से संचालित नहीं करने, त्रैमासिक परीक्षा का परिणाम की जानकारी छात्रों को नहीं देने आदि के संदर्भ में शिकायत किया गया। जिलाधिकारी, पूर्वी चम्परण, मोतिहारी के द्वारा छात्रों को बताये गये समस्याओं को एक सप्ताह के अन्दर निष्पादित करने हेतु निदेश दिया गया। साथ हीं जिला कल्याण पदाधिकारी, पूर्वी चम्परण, मोतिहारी को निदेश दिया गया कि जिला शिक्षा पदाधिकारी, पूर्वी चम्परण, मोतिहारी से समन्वय स्थापित कर यथाशीघ्र विषयवार शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति कराना सुनिश्चित करें। जिला पदाधिकारी, पूर्वी चम्परण, मोतिहारी के द्वारा वर्ग- 08 के छात्रों से गणित विषय में पूछे गये प्रश्न का संतोषप्रद जवाब देने पर वर्ग 08 के छात्र- पवन कुमार, संजीव कुमार एवं रूपेश कुमार को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विषयवार शिक्षकों की कमी को देखते हुए तत्काल बिहार बोर्ड का ऑनलाईन कोर्स उपलब्ध कराते हुए सुचारू रूप से कक्षा का संचालन कराने हेतु पर्याप्त पुस्तक, खेल सामग्री, संगीत उपकरण एवं जनरेटर की सुविधा उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं विद्यालय प्रबंधक को निदेश दिया गया कि विद्यालय में अनुशासन बनाते हुए छात्रों के समस्याओं का त्वरित निष्पादन कराना सुनिश्चित करें। छात्रों के द्वारा जीविका के मेस के संदर्भ में किए गए शिकायत के आलोक में छात्रावासी छात्रों के साथ जिला पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी द्वारा जीविका के मेस में अल्पाहार किया गया तथा मेनु के अनुसार गुणवतापूर्ण एवं स्वच्छ भोजन आदि उपलब्ध कराने का सख्त निदेश दिया गया।

### छेड़खानी का विरोध करने पर आरोपित प्रधानाध्यापक पर चाकू से हमला

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना क्षेत्र के परसागढ़ स्थित एक उत्क्रमित मध्य विद्यालय में कक्षा सात की छात्रा के साथ छेड़खानी के प्रयास का विरोध करने पर प्रधानाध्यापक पर चाकू से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में प्रधानाध्यापक की गर्दन व चेहरे पर जख्म व चोट आई है। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया। छात्रा के पिता द्वारा एकमा थाने में दिए गए आवेदन के अनुसार, विद्यालय में पढ़ने वाली उनकी पुत्री के साथ एक युवक ने छेड़खानी करने का प्रयास किया। गलत नीयत से हाथ पकड़ कर बगल में स्थित एक मंदिर की तरफ उसे खींच कर ले जाने लगा। छात्रा द्वारा विरोध किए जाने पर विद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं तथा प्रधानाध्यापक ने युवक को रोकने का प्रयास किया। इसी दौरान आसपास के अभिभावक भी मौके पर पहुंच गए और वहां हो-हल्ला होने लगा। आवेदन के अनुसार, इसी दौरान आक्रोशित युवक ने प्रधानाध्यापक पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू लगने से प्रधानाध्यापक की गर्दन जख्मी हो गई। घटना के बाद विद्यालय प्रशासन ने तत्काल डायल 112 पुलिस को सूचना दी।


# मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन ने किया सोनपुर-बरौनी एवं बरौनी-कटिहार रेलखंड का निरीक्षण



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मंडल रेल प्रबंधक, सोनपुर अमित सरन द्वारा आज दिनांक 19 अगस्त 2026 को सोनपुर-बरौनी एवं बरौनी-कटिहार रेलखंड का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य रेल परिचालन की संरक्षा, यात्री सुविधाओं, स्टेशन परिसरों की स्वच्छता तथा अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करना था। निरीक्षण के क्रम में शाहपुर पटोरी स्टेशन पर आईपीएस रूम, रिले रूम, पैनल रूम, बैटरी रूम सहित स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया गया। साथ ही अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने संबंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाते हुए निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से कार्य पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया। इसके पश्चात साहेबपुर कमाल, खगड़िया स्टेशन का निरीक्षण किया गया, जहां आईपीएस रूम, रिले रूम, पैनल रूम, बैटरी रूम एवं स्टेशन परिसर आदि का जायजा लिया गया। यहां भी अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए शेष कार्यों को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया। कुर्सेला जंक्शन पर पैनल रूम एवं स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान स्टेशन पर उपलब्ध व्यवस्थाओं एवं परिचालन से संबंधित सुविधाओं का जायजा लिया गया। वहीं सेमापुर स्टेशन पर पैनल रूम, यूटीएस, पीआरएस एवं बुकिंग कार्यालय के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक मोशन वे-ब्रिज तथा स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया गया। संबंधित अधिकारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वहीं काढ़ागोला रोड स्टेशन पर यूटीएस, पीआरएस एवं बुकिंग कार्यालय तथा स्टेशन परिसर आदि का निरीक्षण किया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने स्टेशन परिसर में साफ-सफाई एवं यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाए रखने पर विशेष जोर दिया तथा स्वच्छता व्यवस्था को निरंतर उच्च स्तर पर बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, यात्री सुविधाओं में निरंतर सुधार तथा सभी विकास कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया।

# दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय में डॉ. शोभित सुमन का सहायक प्राध्यापक पद पर हुआ चयन

## डॉ. शोभित सुमन बने सीयूएसबी के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में सहायक प्राध्यापक



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के मीडिया अध्ययन विभाग के पूर्व पीएचडी शोध छात्र डॉ. शोभित सुमन का चयन दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय, गया के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में बतौर असिस्टेन्ट प्रोफेसर (सहायक प्राध्यापक) पद पर हुआ है। इस उपलब्धि से पूरे विश्वविद्यालय परिवार में खुशी की लहर है। कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने डॉ. शोभित सुमन को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने विभागाध्यक्ष डॉ. अंजनी कुमार झा को भी बधाई दी, जिनके मार्गदर्शन में डॉ. शोभित ने अपना शोध कार्य पूर्ण की। डॉ. शोभित सुमन ने मीडिया अध्ययन के अध्यक्ष डॉ. अंजनी कुमार झा के कुशल शोध निर्देशन में अपना पीएचडी शोध कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया है। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने डॉ. शोभित सुमन को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, यह समाचार पूरे विश्वविद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गौरवान्वित करने वाला है। मीडिया अध्ययन विभाग के शिक्षक और शोधार्थी निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। डॉ. सुमन की यह सफलता विश्वविद्यालय के अन्य शोधार्थियों और विद्यार्थियों के लिए एक नई प्रेरणा बनेगी। स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंसेज एंड आईसीटी के अधिष्ठाता प्रो. रणजीत कुमार चौधरी ने भी डॉ. सुमन को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विभागाध्यक्ष और शोध निदेशक रहे डॉ. अंजनी कुमार झा ने बधाई देते हुए कहा कि डॉ. शोभित की यह सफलता उनके निरंतर परिश्रम, अध्ययनशीलता और प्राध्यापकों के सटीक मार्गदर्शन का परिणाम है। प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि एक शिक्षक के लिए उसके शिष्य की सफलता से बढ़कर कोई बड़ा उपहार नहीं हो सकता। उन्होंने कहा, डॉ. शोभित ने अपने शोध काल के दौरान अभूतपूर्व निष्ठा और समर्पण दिखाया है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि वे शिक्षण और अकादमिक जगत में नए आयाम स्थापित करेंगे और विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगे। अपनी इस उपलब्धि पर डॉ. शोभित सुमन ने कहा कि यह सफलता उनके माता-पिता के आशीर्वाद, परिवार के सहयोग और पूर्व विभागाध्यक्ष रहे प्रो. अरुण कुमार भगत, प्रो . प्रशांत कुमार द्वारा दिए गए मार्गदर्शन और स्नेह का प्रतिफल है। उनके ही अध्यक्षीय काल में शोध कार्य को प्रारंभ किया गया था। मीडिया अध्ययन विभाग के प्रो. अरुण कुमार भगत, सहायक प्रोफेसर डॉ. परमात्मा कुमार मिश्र, डॉ. साकेत रमण, डॉ. सुनील दीपक घोडके, डॉ. उमा यादव और विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों, प्रशासनिक अधिकारियों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने भी डॉ. शोभित सुमन को उनकी इस नई जिम्मेदारी और सफलता के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# चार चोरी की बकरियों को किया बरामद, तीन शातिर गिरफ्तार

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चंपारण जिले के छतौनी थाना क्षेत्र से पशु चोरी का एक बेहद हैरान करने वाला और शातिराना मामला सामने आया है। पुलिस की मुस्तैदी से कार में बने एक गुप्त तहखाने के अंदर छुपाकर ले जाई जा रही चोरी की बकरियों का भंडाफोड़ हुआ है। छतौनी थाना पुलिस ने सघन वाहन जांच अभियान के दौरान 4 चोरी की बकरियों के साथ 3 शातिर चोरों को रंगेहाथ गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। छतौनी थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह से मिली जानकारी के अनुसार, छतौनी चौक और आस-पास के मुख्य मार्गों पर अपराधियों और झपट्टामार गिरोहों के खिलाफ पुलिस का सघन चेकिंग अभियान चल रहा था। इसी दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध कार को रुकने का इशारा किया। पुलिस टीम को देखकर कार में सवार युवक घबराने लगे। जब मुस्तैद जवानों ने कार की गहन तलाशी ली, तो वे दंग रह गए। चोरों ने पुलिस की आंखों में धूल झोंकने के लिए कार के अंदर सीट और डिग्गी के पास एक विशेष गुप्त तहखाना बना रखा था, जिसमें बकरियों को बेरहमी से ठूंसकर छिपाया गया था। गुप्त तहखाने को खोलने पर पुलिस ने उसके अंदर से चोरी की 4 बकरियों को जीवित सुरक्षित बाहर निकाला। पुलिस ने मौके से पशु चोर गिरोह के 3 सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है और तस्करी में इस्तेमाल की जा रही कार को भी जब्त कर थाने ले आई है। गिरफ्तार चोरों की पहचान कर उनके आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है।

## एक नजर

### साइबर ठगी में युवक गिरफ्तार

**मदनपुर।** मदनपुर थाना क्षेत्र से साइबर क्राइम मामले में दिल्ली पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया और स्थानीय थाना को सुपुर्द किया। गिरफ्तार युवक की पहचान आंजन गांव निवासी यदुनंदन पासवान के पुत्र शशिकांत कुमार के रुप में की गई है। दिल्ली पुलिस मदनपुर पहुंचने के बाद स्थानीय थाना पुलिस के सहयोग से मोबाइल लोकेशन के आधार पर मदनपुर से शशिकांत कुमार को गिरफ्तार कर पुछताछ के बाद जेल भेज दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि गिरफ्तार युवक आनलाइन पैसे का लेन देन और बैंक खातों से पैसे का हेरा फेरी करने का काम करता था। दिल्ली पुलिस ने साइबर क्राइम मामले में पकड़ा है। दिल्ली पुलिस को इस कर्रवाई में मदनपुर थाना के एसआई रोहित कुमार ने सहयोग किया। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि आरोपी साइबर क्राइम करता था। उसे न्यायलय से रिमांड पर लेकर पुछताछ किया जाएगा।

### परीक्षा केंद्र के नाम पर कथित वसूली को लेकर छात्रों का हंगामा

**बिहारशरीफ।** भागनबिगहा स्थित गौतम इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज में गुरुवार को परीक्षा केंद्र के नाम पर कथित अवैध वसूली के आरोप को लेकर छात्रों ने जमकर हंगामा किया। बड़ी संख्या में छात्र कॉलेज परिसर में जुटे और प्रबंधन के खिलाफ नाराजगी जताई। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस प्रशासन की मदद से छात्रों को नियंत्रित किया गया।छात्रों का आरोप है कि नामांकन के समय बाहरी परीक्षा केंद्र पर परीक्षा संबंधी व्यवस्था कराने के नाम पर उनसे अतिरिक्त राशि ली गई थी। इसके बावजूद प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में करीब 80 प्रतिशत छात्र असफल हो गए। इससे छात्रों में आक्रोश फैल गया।हंगामा कर रहे ऋषिकेश पटेल, धर्मबीर कुमार और नवलेश कुमार ने परीक्षा केंद्र के नाम पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने का आरोप लगाया। फार्मेसी छात्र शशि राज ने दावा किया कि डीआरसीसी के माध्यम से लोन की राशि कॉलेज में जमा होने के बाद भी छात्रों को पावती रसीद नहीं दी जाती है। कुछ छात्रों ने कथित रूप से ली गई राशि वापस करने के लिए कॉलेज प्रबंधन को लिखित आवेदन भी दिया है।छात्रों ने बीएससी नर्सिंग में छात्राओं से करीब 7.50 लाख और छात्रों से करीब 8.50 लाख रुपये तक लिए जाने का भी आरोप लगाया है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।छात्रों ने विश्वविद्यालय और संबंधित विभाग के अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं, मामले में कॉलेज के डिपार्टमेंट ऑफ फार्मेसी के कार्यकारी सचिव से पक्ष जानने के लिए जब नक्षत्र न्यूज के रिपोर्टर पहुंचे तो उन्होंने ऑन कैमरा कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया।

### पावापुरी मेडिकल कॉलेज की नई परीक्षा, पीपीपी से बदलेगी इलाज की तस्वीर

**562 करोड़ के अस्पताल में सुविधाएं तो भरपूर, अब मरीजों तक पहुंचाने की चुनौती**

**बिहारशरीफ।** करोड़ों की लागत, आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं और 500 बेड की क्षमता पावापुरी मेडिकल कॉलेज ने आकार तो उम्मीदों के अनुरूप लिया, लेकिन इलाज की व्यवस्था अब भी कई सवालों के घेरे में है। ऐसे में राज्य सरकार का इसे पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर निजी संस्थान को सौंपने का फैसला व्यवस्था के लिए नई शुरुआत के साथ बड़ी अग्निपरीक्षा भी है।नालंदा में भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान एवं पावापुरी मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास 14 अप्रैल 2011 को हुआ था। 20 अगस्त 2015 को ओपीडी भवन का उद्घाटन हुआ और 2017 से आईपीडी सेवा शुरू हुई। 52.51 एकड़ में करीब 562 करोड़ रुपये की लागत से बने इस संस्थान में एमबीबीएस की 120 सीटें हैं। एमआरआई, सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, ईसीजी, ईईजी, पीएफटी, ऑक्सीजन प्लांट और क्रायोजेनिक टैंक जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं।इसके बावजूद मरीजों की परेशानी पूरी तरह खत्म नहीं हुई। विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी, उपकरणों के खराब रहने और जांच व्यवस्था में रुकावट जैसी शिकायतें समय-समय पर सामने आती रही हैं। गंभीर मरीजों को कई बार बेहतर इलाज या जरूरी जांच के लिए निजी केंद्रों अथवा पटना जाना पड़ा।अब पीपीपी मॉडल से उम्मीद है कि डॉक्टरों की उपलब्धता, मशीनों का नियमित संचालन, जांच व्यवस्था, सफाई और मरीजों की सुविधाओं में सुधार होगा। लेकिन असली सवाल यह है कि निजी प्रबंधन अस्पताल की व्यवस्था बदलने के साथ मरीजों का अनुभव भी बदल पाएगा या नहीं।पावापुरी की सफलता का पैमाना अब भवन या मशीनों की संख्या नहीं, बल्कि समय पर डॉक्टर, चालू जांच मशीन और बिना भटके इलाज होगा। आने वाला समय बताएगा कि पीपीपी मॉडल महज प्रबंधन परिवर्तन है या पावापुरी के मरीजों के लिए सचमुच नई उम्मीद की शुरुआत।

### राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेस नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**बिहारशरीफ।** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर गुरुवार को राजेंद्र आश्रम स्थित कांग्रेस कार्यालय में नालंदा जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से श्रद्धांजलि एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विवेक कुमार सिन्हा ने कहा कि राजीव गांधी ने देश को आधुनिक, तकनीकी और वैज्ञानिक सोच के साथ आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण की मुख्य शक्ति मानते हुए उन्हें आगे बढ़ने का अवसर दिया। कंप्यूटर एवं दूरसंचार क्रांति को बढ़ावा देने और भारत को 21वीं सदी की ओर ले जाने में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।उन्होंने कहा कि राजीव गांधी के विचारों और आधुनिक भारत के निर्माण के सपने को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम में अजय कुमार पांडेय, नंदू पासवान, पिंटू यादव, डॉ. अवधेश प्रसाद, मंजू कुमारी, राजेश्वर प्रसाद, मुन्ना जी, अनिल, फरहत जमील, रमेश कुमार, अधिवक्ता इफ्तेखार अहमद, चुनचुन देवी, बिछी टटेरा, इंजीनियर टीपू, अजीत राज समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### संत रविदास के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प



**हसपुरा (औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरु संत रविदास की 650वीं जयंती के अवसर पर गुरुवार को हसपुरा प्रखंड मुख्यालय में कलश यात्रा निकाली गई। यह यात्रा समरसता संकल्प अभियान के तहत आयोजित की गई थी। यात्रा का शुभारंभ प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर से हुआ। इसके बाद यह हसपुरा बाजार के विभिन्न मार्गों से होते हुए हसपुरा डीह पहुंची। इसमें प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह, बीडीओ पंकज कुमार, सीओ सुनील कुमार और प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष चंद्रकांत मुन्ना सहित कई गण्यमान्य लोग शामिल हुए। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष, विकास मित्र, जीविका दीदियां और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा के माध्यम से सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे, सामाजिक समानता और सद्भाव का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। उपस्थित लोगों ने संत रविदास जी के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बीडीओ पंकज कुमार ने संत रविदास को नमन करते हुए कहा कि उनके विचार आज भी समाज के लिए बेहद प्रासंगिक हैं। उन्होंने अपने जीवन और विचारों से मानवता, समानता, सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश दिया। सीओ सुनील कुमार ने कहा कि संत रविदास जी के आदर्शों को अपनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह ने लोगों से भेदभाव से ऊपर उठकर मानव कल्याण और सामाजिक एकता के लिए काम करने की अपील की। कल्याण पदाधिकारी प्रीति कुमारी ने लोगों से सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे को मजबूत करने वाले कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने जोर दिया कि संत रविदास जी का जीवन समाज को समानता और मानवता का संदेश देता है, और उनके विचारों को आत्मसात कर आपसी सहयोग, सद्भाव और भाईचारे को और मजबूत किया जा सकता है।

# संत के विचार समाज के लिए प्रासंगिक : बीडीओ

**संत रविदास की 650 वीं जयंती पर कलश यात्रा**

**अधिकारियों, नेताओं ने दिया सामाजिक समरसता का संदेश**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** संत रविदास की 650वीं जयंती के अवसर पर गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय में समरसता संकल्प अभियान के तहत कलश यात्रा निकाली गई। यह प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर से निकल कर मौलाबाग रोड, लखन मोड़, सिनेमा हॉल रोड, पूरी मोहल्ला और पचकठवा रोड होते हुए पुनः प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर पहुंची। इसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों के साथ विकास मित्र, जीविका दीदियां एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। सबने सामाजिक समरसता का संदेश दिया। संत के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। बीडीओ मो.जफर इमाम ने संत को नमन करते हुए कहा कि उनके विचार आज भी समाज के लिए बेहद प्रासंगिक हैं। उन्होंने अपने जीवन और विचारों के माध्यम से मानवता, समानता, सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश दिया। उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में समानता और सद्भाव को मजबूत किया जा सकता है। भाजपा नेता अश्विनी तिवारी ने कहा कि संत का जीवन समाज को समानता, मानवता और भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने लोगों से सामाजिक समरसता और समानता को मजबूत करने वाले कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी रिशु राज ने कहा कि संत के आदर्शों को अपनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी विकास कुमार ने लोगों से भेदभाव से ऊपर उठकर मानव कल्याण और सामाजिक एकता के लिए कार्य करने की अपील की। बीस सूत्री उपाध्यक्ष श्याम कुमार पाठक ने कहा कि संत के विचार और आदर्श नई पीढ़ी तक पहुंचाना सभी की जिम्मेदारी है। इस यात्रा में प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी उपेंद्र पाल, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनिल कुमार, भाजपा नेता टैगोर शर्मा, संजय शर्मा, राकेश पांडेय, बसपा नेता पवन कुमार बप्पी एवं संजय पासवान शामिल रहे।

### संत रविदास जयंती पर निकली कलश यात्रा, गूंजा समरसता का संदेश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती के अवसर पर कुटुंबा प्रखंड मुख्यालय में 'समरसता संकल्प अभियान' के तहत भव्य कलश यात्रा निकाली गई। प्रखंड कार्यालय परिसर से निकली यात्रा अंबा थाना मार्ग होते हुए संत रविदास मंदिर पहुंची। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, श्रद्धालु, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए। माथे पर मंगल कलश लिए महिलाओं की टोली और संत रविदास के जयकारों से पूरा मार्ग भक्तिमय हो उठा। मंदिर पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने संत रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया तथा उनके बताए मार्ग पर चलने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का सामूहिक संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि संत रविदास ने जात-पात, ऊंच-नीच और सामाजिक भेदभाव के खिलाफ मानवता, समानता और बंधुत्व का संदेश दिया। उनके विचार आज भी समतामूलक समाज के निर्माण में प्रासंगिक हैं। यात्रा में प्रमुख धर्मेंद्र कुमार, 20 सूत्री अध्यक्ष प्रवीण कुमार, बीडीओ प्रियांशु बसु, सीओ चंद्र प्रकाश, बीपीआरओ दिव्य शक्ति, बीसीओ जूही कुमारी, बीएओ दीपक कुमार व पीएचईडी जेई सुभाष कुमार समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। व्यवस्था में विकास मित्र मंजू कुमारी, शकुंती कुमारी, रूबी कुमारी, वीरेंद्र राम, अशोक राम, रामलखन राम व सुरेंद्र राम ने सक्रिय भूमिका निभाई। मंच संचालन अजय राम और रामवृक्ष मोची ने किया।

### बंद मकान से चोर ले भागे कई जरूरी सामान, जांच में जुटी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मामला नगर थाना क्षेत्र के श्रीकृष्ण नगर अहरी स्थित वार्ड नंबर 20 के हनुमान नगर की है। अज्ञात चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर के अंदर दाखिल हुए और कमरों में रखे सामान को खंगालने के बाद कीमती सामान लेकर फरार हो गए। घर के बाहर टूटा हुआ ताला देखकर पड़ोसी ने गृहस्वामी और पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घर का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, हनुमान नगर निवासी विजेता पटेल कुछ दिनों से अपने पति के पास गुजरात गई हुई हैं। उनके पति पप्पू इंजीनियर हैं और वर्तमान में गुजरात में पदस्थापित हैं। इसी दौरान घर बंद था। चोरों ने इसी का फायदा उठाते हुए मकान को निशाना बनाया।हालांकि, घर से वास्तव में कौन-कौन से सामान चोरी हुए हैं, इसकी पूरी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। गृहस्वामी के पहुंचने के बाद ही घर में रखे सामान का मिलान किया जाएगा और चोरी की वास्तविक कीमत का पता चलेगा। सुबह पड़ोसी प्रेम कुमार की नजर मकान के टूटे हुए ताले पर पड़ी। उन्हें घर में चोरी होने का संदेह हुआ। इसके बाद उन्होंने अंदर जाकर देखा तो कमरों में सामान बिखरा हुआ था। अलमारी का लॉक भी टूटा मिला। घटना की पुष्टि होने के बाद प्रेम कुमार ने मकान मालिक को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद विजेता पटेल गुजरात से औरंगाबाद के लिए रवाना हो गई हैं। उनके पहुंचने के बाद चोरी गए सामान की पूरी सूची तैयार होने की उम्मीद है। चोरी की घटना को लेकर पड़ोसी प्रेम कुमार ने नगर थाना में लिखित आवेदन दिया है। पुलिस ने आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष बबन बैठा ने बताया कि घटना के सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। जल्द ही चोर पकड़े जाएंगे।

### चोरी की सामग्री के साथ दो गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** पुलिस ने विद्युत विभाग की सामग्री चोरी के मामले में दो व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उनके पास से चोरी की सामग्री भी बरामद की गई है। थाना अध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि वार्ड संख्या-12 निवासी रविश कुमार खत्री द्वारा दिए गए लिखित आवेदन में कहा गया है कि उनके गोदाम से विद्युत विभाग की सामग्री की चोरी की गई है। इस मामले में अनुसंधान के क्रम में गौतम कुमार, निवासी- कारा बाजार, थाना ओबरा, और मोहित कुमार साकिन- मेहदा, थाना-जम्होर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। इनके पास से चोरी गई सामग्री में से इंसुलेटर, हार्डवेयर फिटिंग, एलटी क्लैम्प बरामद भी किया गया है। अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी एवं शेष सामग्री की बरामदगी के लिए छापामारी की जा रही है।

# बिहार में कानून का राज खत्म, लगे राष्ट्रपति शासन : रणविजय साहू



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** गुरुवार को सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ बैठक के बाद राजद विधायक सह पार्टी के प्रदेश महासचिव एवं प्राक्कलन समिति के सदस्य रणविजय साहू ने प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने बिहार की कानून-व्यवस्था को लेकर बिहार सरकार पर तीखा हमला बोला है। श्री साहू ने कहा कि बिहार में कानून का राज खत्म हो गया है। प्रदेश अपराधियों के आगोश में चला गया है। अपराधियों को सरकार के स्तर से संरक्षण मिल रहा है और लगातार आपराधिक घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने कहा कि राजधानी पटना में दिनदहाड़े हत्या हो रही है। गोलू यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बंटी यादव की हत्या हुई, जबकि शुभम कुमार जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। मधुबनी के बेनीपट्टी में रोशन यादव की पुलिस संरक्षण में पिटाई कर हत्या किए जाने का आरोप है। उन्होंने कहा कि बिहार के अलग-अलग हिस्सों में लगातार हत्या, दुष्कर्म, चोरी और डकैती की घटनाएं सामने आ रही हैं। ऐसी परिस्थिति में कानून-व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है। उन्होंने बिहार में तत्काल राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की। श्री साहू ने तेजस्वी यादव के नेतृत्व में युवाओं के राजभवन मार्च को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इसमें युवाओं का जबरदस्त समर्थन मिला। उन्होंने दावा किया कि मार्च की सफलता से भाजपा में बौखलाहट है। उन्होंने कहा कि बिहार की धरती आंदोलनों की जननी रही है। जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में भी यहीं से आंदोलन की शुरुआत हुई थी। आने वाले समय में बिहार के युवा अपनी ताकत दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि लंबे समय से भाजपा सत्ता में है, लेकिन युवाओं को पर्याप्त रोजगार नहीं मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी युवाओं की अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर रहे हैं। तेजस्वी यादव ने रोजगार, पढ़ाई और दवाई को प्रमुख मुद्दा बनाया है। प्रशांत किशोर द्वारा तेजस्वी यादव की आलोचना पर उन्होंने कहा कि तेजस्वी युवाओं के आकर्षण हैं और उनके नेतृत्व में युवाओं के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। प्रेस वार्ता में पूर्व जिलाध्यक्ष कालेश्वर प्रसाद यादव, ई. सुबोध कुमार सिंह, युसूफ आजाद अंसारी, सत्येंद्र यादव, संजय यादव, पूर्व जिला परिषद मनोरमा पासवान सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### राशन, आवास और आंगनबाड़ी में अनियमितता पर बीस सूत्री सदस्यों ने जताई नाराजगी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष चंद्रकांत मुन्ना ने की। संचालन बीडीओ पंकज कुमार एवं सीओ सुनील कुमार ने संयुक्त रूप से किया। बैठक की शुरुआत दीप प्रज्वलन, वंदे मातरम् और राष्ट्रगान के साथ हुई। इस दौरान जनवितरण प्रणाली, प्रधानमंत्री आवास योजना, बाल विकास परियोजना और अन्य सरकारी योजनाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर सदस्यों ने जमकर सवाल उठाए। बैठक में जनवितरण प्रणाली कार्यालय में बिचौलियों के दखल, डीलरों से कथित कमीशन वसूली तथा लाभुकों को प्रति राशन कार्ड एक किलो कम अनाज दिए जाने का मुद्दा प्रमुखता से उठा। बताया गया कि प्रखंड में राशन कार्ड के 3,248 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें 2900 आवेदन पत्र को अपलोड किया जा चुका है। उपाध्यक्ष चंद्रेश पटेल ने आधार कार्ड निर्माण में कथित अनियमितता का मामला भी उठाया। प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर सदस्य कौशल शर्मा ने मजदूरों को मजदूरी भुगतान नहीं होने तथा कुछ आवास सहायकों पर लाभुकों के एटीएम कार्ड अपने पास रखने का आरोप लगाया। वहीं बाल विकास परियोजना में सक्षम केंद्रों के लिए निर्धारित 35 की जगह 20 कुर्सियां उपलब्ध कराए जाने और योजना राशि के कथित दुरुपयोग का मामला उठाया गया। सतीश चंद्रवंशी ने रघुनाथपुर और बिरहारा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 85 और 126 के जर्जर भवनों के पुनर्निर्माण की मांग की। एमडीएम की नियमित जांच नहीं होने पर भी सदस्यों ने सवाल उठाए। गर्ल्स हाई स्कूल के आसपास गांजा, शराब और कफ सिरप की कथित बिक्री व सेवन का मुद्दा अमन कुशवाहा और चंद्रेश पटेल ने उठाया। सदस्यों ने पुलिस पर निर्दोष लोगों को पकड़ने और कथित तस्करों के खिलाफ पर्याप्त कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया। इस पर एसआई सूर्यदेव सिंह ने कहा कि नशाखुरानी और बढ़ती घटनाओं पर रोक लगाने के लिए पुलिस सतर्क है। डॉ. फैज ने पुरानी थाना रोड की बदहाल स्थिति का मामला उठाया। श्रीकांत वर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वैक्सीन की मुद्दा उठाया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ. चंदन कुमार ने बताया कि अस्पताल में 46 प्रकार की जांच की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने सर्पदंश की स्थिति में घबराने के बजाय समय पर अस्पताल पहुंचने की अपील की। बैठक में उपाध्यक्ष चंद्रेश पटेल, देवकुंड थानाध्यक्ष निरंजन कुमार, एसआई सूर्यदेव सिंह, बीईओ रंजीत कुमार, पीओ राजेश चौधरी, एमओ अविनीत कुमार, जेई प्रकाश कुमार, डॉ. चंदन कुमार, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर देवेंद्र कुमार नयन, बैंक सहित बीस सूत्री समिति के सदस्य मौजूद रहे।

### नशामुक्ति के लिए जागरूक करने वाले नाटक की प्रस्तुति



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** दाउदनगर महाविद्यालय के प्राचार्य एम.एस.इस्लाम द्वारा आरंभ किये गए 'सात दिवसीय विशेष शिविर' के चौथे दिन अंकोढ़ा के सिपहां में कई जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। महाविद्यालय की सेवा इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजन किया जा रहा है। करीब पांच दर्जन छात्र-छात्रा के स्वयं सेवक समूह इस विशेष शिविर में प्रतिभागी हैं। ये सभी प्रतिदिन प्रातः नौ बजे कार्यक्रम की शुरुआत लक्ष्यगीत, प्रेरक उद्बोधन एवं योगाभ्यास से करते हैं। इसके बाद गांव भ्रमण कर ग्रामीणों से संवाद करते हैं और उनके बीच जन-जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते हैं। आज भी गांव स्थित सामुदायिक भवन मंच पर नशामुक्ति से जुड़ा नाटक प्रस्तुत किया गया। नशे की आदतों से स्कूली युवा पीढ़ी एवं घर-परिवार के उजड़ने की स्थिति का नाटक में मार्मिक प्रस्तुति पेश की गई, जिसमें सूत्रधार के रूप गुड़िया कुमारी, मां-बेटा की भूमिका में सौम्या राज - राज अमन एवं नशे की लत की भूमिका में मुन्ना कुमार, मनु कुमार,पुनम कुमारी, आरती कुमारी, श्वेता कुमारी, शिवानी, अंकिता कुमारी थे, गीतकार रंजय कुमार एवं बुद्धिमान पात्र के रूप में सुमित पांडे, शंभू कुमार का अभिनय बेहद प्रभावशाली रहा। मौके पर मौजूद कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ देव प्रकाश ने सफल प्रस्तुति के लिए स्वयंसेवकों का हौसला अफजाई किया। दूसरे सत्र में बौद्धिक परिचर्चा हुआ। विषय था 'शारिरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य'। इसका मुख्य उद्देश्य दिनों-दिन बढ़ती जा रही मानसिक एवं गंभीर शारिरिक रोग की चपेट से बचने के लिए, ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ाना था। इस विषय के विशेषज्ञ वक्ता दाउदनगर महाविद्यालय के मनोविज्ञान के सहायक प्राध्यापिका डॉ. शाहला बानो ने विस्तृत व्याख्यान दिया। स्वयं सेवकों एवं ग्रामीणों द्वारा मानसिक रोग से जुड़े पुछे गए सवाल का बारी-बारी से जवाब दिया। इस बौद्धिक विमर्श के बाद अगले दिन के 'विशेष स्वास्थ्य शिविर' कार्यक्रम की रुपरेखा पर चर्चा हुई। कार्यक्रम का संचालन दर्शनशास्त्र के सहायक प्राध्यापिका डॉ. रोजी कांत ने की। धन्यवाद ज्ञापन हिंदी के सहायक प्राध्यापक मंजू कुमार सोरेन ने किया। कार्यक्रम में मनोविज्ञान के सहायक प्राध्यापक श्रीनिवास सिंह, दर्शनशास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉ. वरूण कुमार चौबे एवं मगध विश्वविद्यालय के पूर्व स्वयं सेवक मुकेश कुमार सहित प्राथमिक विद्यालय, सिपहा के छात्र-छात्राएं सहित गांव के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान गाकर किया गया।

# कलश यात्रा से सामाजिक समरसता का दिया संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निदेशानुसार संत गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती के अवसर पर आयोजित 'संत रविदास समरसता संकल्प अभियान' के तहत जिला में विभिन्न स्तरों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कल जिला मुख्यालय में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसके अलावा अन्य प्रखंडों में भी कलश यात्रा का आयोजन किया गया। विभिन्न पखंडों में आयोजित कलश यात्रा में जनप्रतिनिधियों, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों, विकास मित्रों तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कलश यात्रा के दौरान संत गुरु रविदास जी के समतामूलक एवं मानवतावादी विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने संत गुरु रविदास के सामाजिक समरसता, समानता, भाईचारा एवं मानव कल्याण के विचारों को अपने जीवन में अपनाने तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों ने संत रविदास जी के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान व्यक्त करते हुए उनके आदर्शों को समाज में स्थापित करने की प्रतिबद्धता दोहराई। कलश यात्रा के माध्यम से समाज में एकता, सद्भाव, समानता एवं सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया तथा लोगों से संत गुरु रविदास जी के विचारों एवं संकल्पों को आत्मसात करने का आह्वान किया गया। जिला प्रशासन द्वारा गुरु संत रविदास की 650वीं जयंती के अवसर पर आयोजित गुरु संत रविदास समरसता संकल्प अभियान के तहत जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों में कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।



### काली पट्टी बांधकर एमओ ने जताया अपनी मांगों को लेकर सरकार के प्रति विरोध

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** बिहार आपूर्ति सेवा संघ के ऐलान पर एम ओ गुरुवार से बांह में काली पट्टी बांधकर अपनी मांगों को लेकर कार्य अवधी में सरकार के प्रति विरोध शुरू कर दिया है। जिससे जन वितरण प्रणाली के तहत अनाज आपूर्ति व्यवस्था पर आंदोलन की तलवार लटकती नजर आ रही है। एम ओ अभिनित कुमार ने बताया कि 20 अगस्त से 26 अगस्त तक 26 अगस्त तक राजभर में अधिकारी के दौरान पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध करेंगे उन्होंने कहा कि कराया जा रहा है लेकिन उसके अनुरूप आवश्यक मानव बल और मूलभूत संसाधन उपलब्ध नहीं है। राशन कार्ड अभियान समेत अन्य कार्यों के लिए निर्धारित लक्ष्य और समय सीमा को लेकर दबाव है। संघ की प्रमुख मांगों में राशन कार्ड अभियान के लिए पर्याप्त मानव बल कंप्यूटर इंटरनेट वाहन सहित अन्य संसाधन सेवा हित से जुड़ी मांगों पर शीघ्र निर्णय लेना शामिल है। फेयर प्राइस संघ ने भी आपूर्ति पदाधिकारी के आंदोलन का समर्थन किया है।

# बीएससी नर्सिंग का रिजल्ट खराब होने पर छात्रों का फूटा आक्रोश

## एसके मंडल संस्थान में हंगामा व सड़क जाम, दुबारा कॉपी जांचने की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** सिंघिया खुर्द स्थित एसके मंडल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष का परीक्षा परिणाम खराब आने से नाराज छात्रों ने बुधवार को जमकर हंगामा किया। आक्रोशित छात्रों ने कॉलेज परिसर में खड़ी एक बस के शीशे तोड़ दिए और आईसीयू में घुसकर तोड़फोड़ का प्रयास किया। इसके बाद छात्रों ने हरपुर एलोथ के पास सड़क जाम कर अपना विरोध जताया। सड़क जाम की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और छात्रों को समझाकर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। कॉलेज परिसर में तनाव की स्थिति को देखते हुए संस्थान में तैनात बाउंसरों ने भी हस्तक्षेप किया। छात्रों का कहना था कि उन्होंने परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया था, लेकिन परिणाम उम्मीद



के विपरीत आया है। बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष की परीक्षा में संस्थान से करीब 100 छात्र शामिल हुए थे, जिनमें 50 प्रतिशत से भी कम विद्यार्थियों के सफल होने की बात सामने आई है। छात्रों ने कम रिजल्ट को लेकर कॉलेज प्रशासन से उचित पहल करने और उत्तर पुस्तिकाओं की दोबारा जांच कराने की मांग की। प्रदर्शन कर रहे छात्र संस्थान के डायरेक्टर को मौके पर बुलाने की मांग कर रहे थे। सूचना पर कर्पूरीग्राम थाना पुलिस भी कॉलेज परिसर पहुंची और छात्रों को समझाकर मामला शांत कराया। बाद में कॉलेज के प्राचार्य गणेश सिंह ने छात्रों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि जिन विद्यार्थियों को अपने प्राप्त अंकों पर आपत्ति है, उनकी उत्तर पुस्तिकाओं की दोबारा जांच कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग से पत्राचार किया गया है। संस्थान के डायरेक्टर एसके मंडल भी बुधवार को इसी मामले को लेकर पटना गए हुए थे। डायरेक्टर एसके मंडल ने कहा कि कॉलेज में बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार कराई गई है। छात्रों की शिकायत अपेक्षा से कम अंक मिलने को लेकर है। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग को लिखित आवेदन देकर उत्तर पुस्तिकाओं की दोबारा जांच कराने का अनुरोध किया गया है। वहीं, प्राचार्य गणेश सिंह ने कहा कि परीक्षा परिणाम खराब आने में कॉलेज प्रशासन की कोई कमी नहीं है। विद्यार्थियों को निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार पढ़ाई कराई गई थी। रिजल्ट को लेकर विभाग से आवश्यक कार्रवाई के लिए पत्राचार किया गया है।

# लाभुकों को सौंपी गई आवास की चाभी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत ग्रामीण क्षेत्र के जरूरतमंद एवं पात्र परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराने को लेकर गुरुवार को समाहरणालय सभागार में कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और बिहार के मुख्यमंत्री की मौजूदगी में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम को जिले के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं योजना के लाभुकों ने देखा। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत आवास निर्माण, आवास की स्वीकृति, किस्तों के भुगतान तथा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। ग्रामीण क्षेत्रों के पात्र परिवारों को योजना का लाभ समय पर उपलब्ध कराने और स्वीकृत आवासों को निर्धारित समय में पूरा कराने पर विशेष जोर दिया गया। समाहरणालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विधान पार्षद तरुण कुमार, समस्तीपुर विधायक अश्वमेघ देवी, जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा, उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह, जिला ग्रामीण विकास




अभिकरण के निदेशक आशुतोष आनंद सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी, कर्मी एवं योजना के लाभुक मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत अपना घर पूरा कर चुके कई लाभुकों को सांकेतिक रूप से नवनिर्मित आवास की चाबी भी सौंपी गई। चाबी मिलने पर लाभुकों में खुशी देखने को मिली। लाभुकों ने पक्का मकान उपलब्ध कराने के लिए सरकार और जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया। जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और समयबद्धता बनाए रखने का निर्देश अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंद और पात्र परिवारों तक पहुंचाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने पात्र लाभुकों को समय पर आवास की स्वीकृति और योजना की राशि उपलब्ध कराने के साथ निर्माण कार्य की नियमित निगरानी करने पर जोर दिया। उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह ने योजना की प्रगति की जानकारी देते हुए संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को लाभुकों के साथ समन्वय बनाकर आवास निर्माण की प्रक्रिया को सरल और समयबद्ध बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने लाभुकों से योजना के तहत मिली राशि का निर्धारित उद्देश्य के अनुसार उपयोग कर आवास निर्माण जल्द पूरा करने की अपील की। जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत पात्र परिवारों को लाभ पहुंचाने और योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# दाखिल-खारिज व भूमि विवाद के मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश

## राजस्व कार्यों में देरी पर डीएम सख्त




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जिले में राजस्व से जुड़े विभिन्न मामलों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता, सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता (डीसीएलआर) और सभी अंचल अधिकारी (सीओ) समेत राजस्व विभाग से संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों, दाखिल-खारिज, परिमार्जन, भूमि विवाद, अतिक्रमण, सरकारी भूमि की सुरक्षा, भू-अभिलेखों के संधारण व अद्यतीकरण, लगान वसूली सहित अन्य राजस्व संबंधी कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने दाखिल-खारिज और परिमार्जन से संबंधित मामलों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व से जुड़े मामलों के निष्पादन में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। आम लोगों को अपने काम के लिए कार्यालयों का अनावश्यक चक्कर नहीं लगाना पड़े, इसके लिए पदाधिकारी और कर्मी संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों को अपने-अपने अंचलों में सरकारी भूमि की नियमित निगरानी करने तथा अतिक्रमण के मामलों में नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करने को कहा। भूमि विवाद से संबंधित मामलों में संबंधित पक्षों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए विधि-सम्मत और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया गया। डीएम ने सभी डीसीएलआर और सीओ को राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करने और पुराने मामलों के त्वरित निष्पादन पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग के कार्यों का सीधा संबंध आम नागरिकों के दैनिक जीवन और भूमि संबंधी अधिकारों से है। ऐसे में कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्धता हर स्तर पर सुनिश्चित की जानी चाहिए। सभी पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में राजस्व कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने और विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि राजस्व विभाग से संबंधित कार्यों की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाएगी। कार्यों में लापरवाही या अनावश्यक विलंब पाए जाने पर जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# नदी में गिरी छात्रा का 48 घंटे बाद मिला शव

## आक्रोशित लोगों ने पटपरा चौक पर सड़क जाम कर जताया विरोध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** विभूतिपुर थाना क्षेत्र में पुराने रेलवे पुल से बूढ़ी गंडक नदी में गिरने के बाद लापता हुई 13 वर्षीय छात्रा आयुषी कुमारी का शव करीब 48 घंटे बाद बरामद किया गया। शव मिलने की सूचना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। लोगों ने छात्रा की मौत के बाद विभूतिपुर थाना क्षेत्र के पटपरा चौक के पास सड़क जाम कर आवागमन बाधित कर दिया। मृतका महंथी उत्तरी गांव निवासी पंकज झा की पुत्री आयुषी कुमारी थी और सातवीं कक्षा में पढ़ती थी। परिजनों के अनुसार आयुषी 18 अगस्त की शाम रोसड़ा बाजार से ट्यूशन पढ़कर घर लौट रही थी। वह पुराने रेलवे पुल के रास्ते अपने घर जा रही थी। इसी दौरान पुल पर पैर फंस जाने से उसका संतुलन बिगड़ गया और वह



बूढ़ी गंडक नदी में जा गिरी। पुल के नीचे मौजूद एक पशुपालक ने छात्रा को नदी में गिरते देखा और शोर मचाकर आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद स्थानीय लोगों ने नदी में छात्रा की तलाश शुरू की, लेकिन काफी प्रयास के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल सका। घटना की जानकारी मिलने के बाद एसडीआरएफ की टीम ने भी नदी में खोजबीन शुरू की। करीब 48 घंटे तक चले तलाशी अभियान के बाद बुधवार को घटनास्थल के आसपास नदी से छात्रा का शव बरामद कर लिया गया। शव मिलने के बाद परिजन और ग्रामीण मौके पर जुट गए तथा पटपरा चौक के पास सड़क जाम कर विरोध जताया। स्थानीय लोगों का कहना था कि पुराने रेलवे पुल का इस्तेमाल बड़ी संख्या में लोग पैदल, साइकिल और बाइक से करते हैं। इस पुल से रोसड़ा बाजार और सिंघिया क्षेत्र के बीच आने-जाने में करीब आठ किलोमीटर की दूरी बचती है, जिसके कारण लोग मुख्य सड़क की बजाय इस रास्ते का इस्तेमाल करते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पुल से नदी में गिरने की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं। इसके बावजूद यहां सुरक्षित आवागमन के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। लोगों ने पुल पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की। इधर विभूतिपुर थानाध्यक्ष सुनील झा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में छात्रा के पुल पार करने के दौरान संतुलन बिगड़ने से नदी में गिरने की बात सामने आई है। शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

# किराना दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, सड़क पर मिट्टी तेल फैलने से भड़कीं लपटें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** ताजपुर थाना क्षेत्र के गुदड़ी बाजार स्थित मछली हट्टा में बुधवार शाम शॉर्ट सर्किट के कारण एक किराना दुकान में आग लग गई। दुकान के अंदर रखा मिट्टी तेल का गैलन आग की चपेट में आ गया। आग बढ़ती देख दुकानदार ने जलते हुए गैलन को सड़क पर फेंक दिया। सड़क पर मिट्टी तेल फैलने के बाद आग की लपटें और तेज हो गईं, जिससे बाजार में अफरातफरी मच गई। आग की लपटें देखकर आसपास के दुकानदारों ने अपनी-अपनी दुकानों से सामान निकालकर सुरक्षित जगह पर रखना शुरू कर दिया। इसी बीच पड़ोसी दुकानदार अभिजीत कुमार ने समरसेबल चालू कर पानी की बौछार शुरू कर दी। स्थानीय लोगों ने भी आग बुझाने में मदद की। कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया गया। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि यदि समय रहते आग को नियंत्रित नहीं किया जाता तो लपटें आसपास की दुकानों तक पहुंच सकती थीं और बड़ा नुकसान हो सकता था। आग की घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। किराना दुकान में रखे कुछ बिस्कुट, मिक्चर सहित अन्य सामान जलकर नष्ट हुए हैं। दुकान को भी ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है। घटना की सूचना मिलने के बाद अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक स्थानीय दुकानदारों और लोगों ने आग बुझा दी थी। अग्निशमन कर्मियों ने मौके का जायजा लेकर स्थिति की जानकारी ली। आग लगने के दौरान बाजार में कुछ समय तक अफरातफरी की स्थिति बनी रही। दुकानदार अपने-अपने प्रतिष्ठानों का सामान सुरक्षित करने में जुटे रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवकों की मौत, दो घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बांका।** बाराहाट थाना क्षेभागलपुर-दुमका मुख्य मार्ग पर लीलावरण गांव के समीप बुधवार की देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार युवकों को एक अज्ञात वाहन ने बेरहमी से रौंद दिया। इस भीषण दुर्घटना में दो युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। बाराहाट थाना क्षेत्र के लीलावरण गांव के समीप, भागलपुर-दुमका मुख्य मार्ग पर दो बाइक पर सवार चार युवकों को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मारी। मृतक यूबक की पहचान बौसी थाना क्षे दलिया गाँव क्षे मो. छोटू एबं बौसी क्षे मेला मैदान क्षे राहुल कुमार क्षे रूप मे हुयी जबकि दो अन्य घायल युवक दोनों मृतक का साथी था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाराहाट लाया गया, जहां से उनकी नाजुक हालत को देखते हुए भागलपुर के मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया गया।

टक्कर इतनी भयानक थी कि एक मोटरसाइकिल पूरी तरह चकनाचूर हो गई और सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दुर्घटना के कारण भागलपुर-दुमका मुख्य मार्ग पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बाराहाट थाना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया और काफी मशक्कत के बाद सड़क पर लगे जाम को हटवाकर आवागमन बहाल कराया।

# एनटीपीसी कहलगांव मॉडल थाना के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** जिले के मॉडल थाना के रुप में कार्यरत एनटीपीसी, कहलगांव के नवनिर्मित भवन का विधिवत उद्घाटन गुरुवार को भागलपुर के पुलिस महानिरीक्षक विवेक कुमार ने किया। इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव, कहलगांव के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (प्रभारी) सेतु थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। उद्घाटन के बाद पुलिस महानिरीक्षक ने नवनिर्मित थाना भवन का निरीक्षण किया और थाना परिसर में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। नवनिर्मित भवन को आधुनिक एवं सुव्यवस्थित पुलिसिंग की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते



हुए तैयार किया गया है, जिससे थाना में कार्यरत पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को बेहतर कार्य वातावरण उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर श्री कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के साथ साथ आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं संवेदनशील तरीके से समाधान सुनिश्चित करनी चाहिए। पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि इस नवीन थाना भवन के संचालन से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, पुलिस गश्ती एवं जनसुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायता मिलेगी। साथ ही, आमजन को थाना स्तर पर उपलब्ध कराई जाने वाली पुलिस सेवाओं का लाभ अधिक सुगमता एवं सुविधा के साथ प्राप्त हो सकेगा। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने इस थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, संवेदनशील क्षेत्रों में सतत निगरानी रखने तथा आमजन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए जनोन्मुखी एवं एवं उत्तरदायी उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। एनटीपीसी कहलगांव के नवनिर्मित मॉडल थाना भवन क्षेत्र में सुदृढ़ पुलिसिंग, बेहतर जनसेवा एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# पूर्व रेलवे के कई स्टेशनों पर खाद्य गुणवत्ता एवं स्वच्छता का लिया गया जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** पूर्व रेलवे के मालदा टाउन, हावड़ा एवं सियालदह स्टेशनों पर खाद्य गुणवत्ता, स्वच्छता मानकों और यात्री सुरक्षा के नियमों का कड़ाई से अनुपालन हेतु आज वहां के खान-पान स्टॉलों का औचक निरीक्षण किया गया। पूर्व रेलवे की महाप्रबंधक गीतिका पांडेय के कुशल नेतृत्व में गुरुवार को चलाए गए व्यापक औचक निरीक्षण अभियान के तहत प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक डॉ. उदय शंकर झा ने वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक राहुल रंजन के साथ हावड़ा स्टेशन के खान-पान स्टाल का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान श्री झा ने खाद्य पदार्थों की तैयारी के मानकों, स्वच्छता तथा विक्रेताओं द्वारा निर्धारित नियमों के अनुपालन पर विशेष ध्यान दिया। इसी तरह मालदा के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कार्तिक सिंह ने मालदा टाउन स्टेशन के विभिन्न खाद्य



स्टॉलों और स्वच्छता व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया ताकि यात्रियों के स्वास्थ्य और सुरक्षित खानपान सेवाओं को सुनिश्चित किया जा सके। वहीं मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक (मार्केटिंग) पवन कुमार एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक सुनील कुमार महाला द्वारा सियालदह स्टेशन पर स्थित खानपान केन्द्रों और स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाओं का व्यापक निरीक्षण किया गया। इन समन्वित निरीक्षण अभियानों के माध्यम से पूर्व रेलवे ने प्रत्येक यात्री को सुरक्षित भोजन, उच्च स्तरीय स्वच्छता और समग्र रूप से आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराने के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई है। इस बीच पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि पूर्व रेलवे सभी स्टेशनों पर स्वच्छता और खानपान की गुणवत्ता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि यात्रियों को उत्कृष्ट यात्रा अनुभव सुनिश्चित किया जा सके।

# नवपदस्थापित डीएम मनेश कुमार मीणा ने ग्रहण किया पदभार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा (भोजपुर)।** भोजपुर के नवपदस्थापित जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने आज निवर्तमान जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया से जिलाधिकारी के पद का प्रभार ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रभार हस्तांतरण एवं ग्रहण की आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की गईं। प्रभार ग्रहण के अवसर पर नवपदस्थापित जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा की धर्मपत्नी संगीता मीणा भी उपस्थित रहीं। प्रभार ग्रहण के उपरांत जिलाधिकारी ने जिला प्रशासन से संबंधित आवश्यक अभिलेखों एवं महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी प्राप्त की। निवर्तमान जिलाधिकारी श्री तनय सुल्तानिया ने जिले में संचालित विभिन्न विकासात्मक एवं प्रशासनिक कार्यों, योजनाओं तथा महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं के संबंध में नवपदस्थापित जिलाधिकारी को आवश्यक जानकारी दी। इस अवसर पर दोनों पदाधिकारियों ने प्रशासनिक कार्यों के सुचारु संचालन एवं जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया।

## घरों की दी गई चाभी

**भागलपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राज्य सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के निर्देश के आलोक में जिले में गुरुवार को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत जिला एवं प्रखंड स्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

जिला समाहरणालय के समीक्षा भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में योजना के तहत स्वीकृत आवासों से संबंधित स्वीकृति पत्र एवं शुभकामना संदेश का वितरण किया गया। साथ ही आवास निर्माण पूर्ण कर चुके लाभुकों को उनके नवनिर्मित आवास की प्रतीकात्मक चाभी प्रदान की गई। इसके साथ ही सभी प्रखंडों कार्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से लाभुकों को योजना के उद्देश्यों, आवास निर्माण की गुणवत्ता तथा समयबद्ध रूप से आवास पूर्ण करने के संबंध में जानकारी दी गई।

# लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र का वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड सभागार में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वित्तीय वर्ष 2026-27 में पूर्ण किए गए आवासों के लाभुकों को गृह प्रवेश के अवसर पर उनके घर की चाबी प्रदान की गई। वहीं, योजना के तहत नव चयनित लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र का भी वितरण किया गया कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी आवास सहायकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बिहार राज्य को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत लक्ष्य आवंटित किया गया है। आवंटित लक्ष्य के अनुरूप पात्र एवं चयनित लाभुकों को योजना का लाभ



उपलब्ध कराने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जा रही है। बीडीओ ने आवास सहायकों एवं आवास पर्यवेक्षकों को निर्देश दिया कि योजना के क्रियान्वयन में पूरी पारदर्शिता बरती जाए और पात्र लाभुकों को समय पर योजना का लाभ मिले। साथ ही उन्होंने निर्माणाधीन आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने तथा पूर्ण आवासों में लाभुकों का गृह प्रवेश कराने की दिशा में तेजी से कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराने की केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। इसका उद्देश्य ऐसे परिवारों को सुरक्षित और सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराकर उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है कार्यक्रम के दौरान पूर्ण आवास प्राप्त कर गृह प्रवेश की चाबी पाने वाले लाभुकों में खुशी देखी गई। वहीं, नव चयनित लाभुकों ने स्वीकृति पत्र मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की। मौके पर प्रखंड के सभी आवास सहायक एवं आवास पर्यवेक्षक मौजूद रहे।

# उप निदेशक के पटना-बेगूसराय के ठिकानों पर इओयू की रेड

## बीएसइबी के डिप्टी डायरेक्टर के पास से लाखों की नकदी और करोड़ों की निवेश के दस्तावेज बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बेगूसराय।** बिहार आर्थिक अपराध इकाई ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के डिप्टी डायरेक्टर अजय कुमार सिंह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने गुरुवार सुबह पटना और बेगूसराय स्थित उनके कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी शुरू की। कार्रवाई के दौरान नकदी, आभूषण और संपत्ति एवं निवेश से जुड़े दस्तावेज मिलने की बात सामने आई है।जानकारी के अनुसार, क्ग्ठ की करीब 15 सदस्यीय टीम ने पटना के खाजपुरा स्थित आकाशवाणी रोड के चंद्रतारा भवन में अजय कुमार सिंह के आवास पर तलाशी ली। वहीं बेगूसराय के साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के परोरा गांव स्थित उनके पैतृक आवास पर भी पुलिस बल के साथ टीम पहुंची। इसके अलावा उनके भाई धर्मेंद्र सिंह से जुड़े पचवीर स्थित बालू-सीमेंट दुकान पर भी जांच की गई। छापेमारी के दौरान पटना स्थित आवास से करीब 30 लाख रुपये नकद मिलने की बात सामने आई है। वहीं बेगूसराय स्थित पैतृक घर से करीब 4.50 लाख रुपये नकद बरामद किए जाने की जानकारी है। टीम को महंगे आभूषण, जमीन-जायदाद से जुड़े कागजात और करोड़ों रुपये के निवेश से संबंधित दस्तावेज भी मिले हैं। इओयू के अनुसार, दोनों शहरों में तलाशी के दौरान करीब 10 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों से संबंधित दस्तावेज सामने आए हैं। हालांकि, बरामदगी और संपत्तियों के अंतिम मूल्यांकन की स्थिति जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट होगी। इओयू की कार्रवाई एक ऐसे मामले में हुई है, जिसमें अजय कुमार सिंह पर अपनी ज्ञात आय के स्रोतों की तुलना में करीब 90.04 प्रतिशत अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। जांच एजेंसी के मुताबिक, उन पर करीब 3 करोड़ 43 लाख 78 हजार 300 रुपये की आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। मामले में आर्थिक अपराध इकाई थाना कांड संख्या 19/26 दर्ज किया गया है। प्राथमिकी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के संशोधित प्रावधानों के तहत धारा 13(2) सहपठित धारा 13(1)(बी) में दर्ज किए जाने की जानकारी सामने आई है। इओयू की टीम ने पटना और बेगूसराय में एक साथ तीन ठिकानों पर तलाशी अभियान चलायी। पटना स्थित आवास के बेसमेंट और पार्किंग समेत घर के विभिन्न हिस्सों की जांच की गई। वहीं बेगूसराय के पैतृक आवास और उनके भाई से जुड़े व्यवसायिक प्रतिष्ठान पर भी दस्तावेजों की पड़ताल की गई। छापेमारी के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए स्थानीय पुलिस पदाधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। बेगूसराय के परोरा गांव में कार्रवाई की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई, लेकिन पुलिस ने सुरक्षा कारणों से किसी को भी छापेमारी स्थल के आसपास जाने की अनुमति नहीं दी। इओयू की कार्रवाई के दौरान संबंधित परिसरों से मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक/दस्तावेजी सामग्री भी जांच के लिए लिए जाने की बात सामने आई है। फिलहाल क्ग्ठ की तलाशी और दस्तावेजों की जांच जारी है। जांच पूरी होने के बाद बरामद नकदी, आभूषण, संपत्ति के कागजात और निवेश से जुड़े दस्तावेजों के आधार पर मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सरकारी स्कूलों में अब सिर्फ ऑनलाइन मिलेगी छुट्टी

## ई-शिक्षाकोश से ही मिलेगा अवकाश, हार्ड कॉपी मान्य नहीं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता.

**सख्ती**

**भगवानपुर।** बिहार शिक्षा विभाग ने सरकारी स्कूलों के शिक्षकों के अवकाश को लेकर बड़ा फैसला लिया है। अब प्रधानाध्यापक से लेकर सहायक शिक्षक तक किसी को भी छुट्टी के लिए कागजी आवेदन नहीं देना होगा। अब 5 सितंबर 2026 के बाद सभी अवकाश सिर्फ ई-शिक्षाकोश पोर्टल के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। विशेष सचिव धर्मेन्द्र कुमार ने 18 अगस्त 2026 को सभी डीईओ और डीपीओ स्थापना को पत्र जारी कर यह निर्देश दिया है। पत्र में कहा गया है कि ई-शिक्षाकोश पोर्टल पर लीव मोडुल पूरी तरह क्रियाशील है। सभी प्रकार के अवकाश आवेदन इसी पोर्टल से ऑनलाइन समर्पित और स्वीकृत किए जाने हैं। इसके बावजूद कई जिलों में अभी भी ऑफलाइन/हार्ड कॉपी से आवेदन लेकर अवकाश स्वीकृत किए जा रहे हैं। विभाग ने इसे निर्देशों की अवहेलना और पारदर्शिता में कमी का कारण बताया है। पूर्व से प्राप्त सभी भौतिक/ऑफलाइन अवकाश आवेदनों का 4 सितम्बर के पहले शत-प्रतिशत निष्पादन कर लिया जाए। 5 सितंबर के बाद किसी भी परिस्थिति में भौतिक रूप से अवकाश आवेदन पर कोई कार्रवाई या निर्णय नहीं किया जाएगा। भविष्य में अवकाश संबंधी सभी आवेदन अनिवार्य रूप से ई-शिक्षाकोश पोर्टल के माध्यम से ही स्वीकार और स्वीकृत किए जाएंगे। यह आदेश राज्य के प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत प्रधानाध्यापक, प्रधान शिक्षक, सहायक शिक्षक, विशिष्ट शिक्षक, विद्यालय अध्यापक पर लागू होगा। इसमें स्थानीय निकाय के शिक्षक शामिल नहीं हैं। उक्त पत्र की प्रति सभी क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशकों को भी भेजी गई है। शिक्षा विभाग का कहना है कि इस कदम से अवकाश स्वीकृति में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी और शिक्षकों को बार-बार कार्यालय

# परीक्षण एवं मूल्यांकन कार्यशाला संपन्न

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) बेगूसराय में भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर द्वारा मैथिली एवं हिंदी में परीक्षण एवं मूल्यांकन कार्यशाला 19 अगस्त को सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इसका आरंभ विगत 17 अगस्त को हुआ था। इस कार्यक्रम में मैथिली एवं हिंदी के 35 शिक्षक शामिल हुए एवं मैसूर, कर्नाटक से आए विषय विशेषज्ञों ने भाषा परीक्षण एवं मूल्यांकन से संबंधित विभिन्न विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। कार्यशाला के समापन सत्र की अध्यक्षता करते हुए डायट बेगूसराय के प्राचार्य डाक्टर संजय चौधरी ने छात्रों के व्यक्तित्व के विकास में भाषा संबंधी कौशलों के महत्व पर प्रकाश डाला और प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर के डाक्टर अमित कुमार झा ने कार्यशाला का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जिसमें डाक्टर वीरेश कुमार एवं डायट के वरिष्ठ प्राध्यापक उपस्थित रहे। मंच संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन सुश्री सुमित्रा मिश्रा, कनिष्ठ रिसोर्स पर्सन, भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर ने किया। प्रतिभागियों द्वारा इस कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी एवं सामयिक बताया गया।

# प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को मिला सम्मान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरौनी (बेगूसराय)।** बरौनी वैश्य पोद्दार समिति, नगर परिषद बरौनी के तत्वावधान में प्रतिभा सम्मान समारोह-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अशोक पोद्दार ने की। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले समाज के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित विद्यार्थियों में किशन आनंद, अक्षरा कुमारी, विद्यांशु कुमार सहित अन्य छात्र-छात्राएं शामिल रहे। समिति की ओर से विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया गया। डॉ. गणेश कुमार पोद्दार ने कहा कि समाज की वास्तविक प्रगति शिक्षा और प्रतिभा को प्रोत्साहित करने से ही संभव है। प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता है और अन्य बच्चों में भी मेहनत एवं सफलता की भावना पैदा करता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारी का भी बोध होना चाहिए। समारोह में जिला अध्यक्ष, अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, उपसचिव, कोषाध्यक्ष, उपकोषाध्यक्ष, संरक्षक, सलाहकार समिति के सदस्य, शिक्षक एवं समाज के अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। विद्यार्थियों के सम्मान को लेकर अभिभावकों में भी उत्साह देखा गया। समिति की ओर से सभी सम्मानित विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को बधाई दी गई। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत कर परिवार और समाज का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# गुरु ही मिटा सकते हैं अज्ञानरूपी अंधकार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड स्थित द्वारिका पैलेस के उत्सव हॉल में गुरुवार को दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से देव दुर्लभ श्री गुरु पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में धर्मानुरागी श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सत्संग के दौरान भक्ति, गुरु महिमा और मानव जीवन में गुरु के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।संस्थान के संस्थापक एवं संचालक दिव्य गुरु सर्वश्री आशुतोष महाराज जी के शिष्य स्वामी श्री धनंजयानंद जी ने कहा कि पूर्ण गुरु की पहचान ब्रह्मज्ञान है। उन्होंने कहा कि हरि का मिलना कठिन नहीं है, कठिन है ऐसे पूर्ण गुरु का मिलना, जो मनुष्य को हरि से मिला दे। उन्होंने भक्त सूरदास और उनके गुरु वल्लभाचार्य के प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि गुरु की शरण में जाकर सूरदास ने दिव्य दृष्टि से श्रीहरि का दर्शन प्राप्त किया और प्रभु की महिमा का गायन किया। स्वामी धनंजयानंद जी ने कहा कि यदि सूरदास के जीवन में गुरु का आगमन नहीं होता तो उनका जीवन अंधकारमय ही रह जाता। गुरु ने उनके जीवन के बाहरी और भीतरी दोनों प्रकार के अंधकार को दूर किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक, नैतिक और बौद्धिक प्रगति के लिए प्रत्येक व्यक्ति को गुरु के मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। आज मनुष्य भौतिक रूप से सुविधासंपन्न और साधनसंपन्न है, लेकिन सुख और संतोष की दृष्टि से वह काफी विपन्न होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि गुरु की सहायता के बिना भक्ति की प्राप्ति अत्यंत दुर्लभ है।

# भोजपुर में नए एसपी ने संभाली कमान, अपराध नियंत्रण पर फोकस

**भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले को नया पुलिस कप्तान मिल गया है, आईपीएस अधिकारी अवधेश दीक्षित ने 20 अगस्त 2026 को भोजपुर के पुलिस अधीक्षक के रूप में विधिवत प्रभार ग्रहण किया, पदभार संभालने के बाद उन्होंने जिला पुलिस के वरीय अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की, बैठक में जिले की आंतरिक सुरक्षा कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई, नए एसपी के पद भार संभालते ही भोजपुर पुलिस की कार्यशैली और अपराध नियंत्रण को लेकर लोगों की उम्मीद बढ़ गई है।


**बिहार सरकार**

**भवन निर्माण विभाग**
**विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**विद्युत भवन प्रमंडल, गया जी**
**निविदा आमंत्रण सूचना सं0–14/2026–27**

1. विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता : विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल, गया जी, भवन निर्माण विभाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय : 14.09.2026 3:00 बजे अप0 तक ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 15.09.2026 3:00 बजे अप0 तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 15.09.2026 (3:30 बजे अप0)।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विद्युत भवन प्रमंडल, गया जी। विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय विद्युत भवन प्रमंडल, भागलपुर। विद्युत अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, विद्युत भवन अंचल, दक्षिण बिहार, भवन निर्माण विभाग, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक 5 के अनुरूप।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (रू) | अग्रधन की राशि (रू) | परिणाम विपत्र मूल्य(रू) | कार्य समाप्ति की समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Estimate of R/M to E/W & E/I office of Subrahmanyam Harihar Stadum, Gandhi Maidan at Gaya, Distt-Gaya. | 1,94,751.00 | 3,900.00 | 500.00 | 10 दिन |
| 2. | Estimate of Patch Work to E/W and E/I of DM Residence, Octagonal pole Light near badminton court, gopniya sakha, campus light in campus of DM Residance gaya Distt- Gaya. | 3,45,063.00 | 7,000.00 | 750.00 | 10 दिन |
| 3. | Estimate of R/M to E/W and E/I of Residance of Assitent Engineer, building sub -division Sheghati at Staff quarter of building construction department Sevanagar gaya Distt - Gaya. | 1,80,639.00 | 3,700.00 | 500.00 | 10 दिन |
| 4. | Estimate of patch work to E/W and E/I AC wiring in Commissioner office gaya Distt - Gaya | 1,90,660.00 | 3,900.00 | 500.00 | 10 दिन |
| 5. | Estimate of patch work to E/W and E/I main & sub main wiring SDM Office tekari gaya Distt - Gaya | 3,34,179.00 | 6,700.00 | 750.00 | 10 दिन |
| 6. | Estimate of Patch work to E/W and E/I of SDM Residence Nimchak Bathani and Supply & Fixture of Meeting Hall SDM Office , Neemchak bthani , Kzisarsarai , gaya Distt - Gaya. | 1,15,514.00 | 2,400.00 | 500.00 | 10 दिन |
| 7. | Estimate for Replacement to E/W and E/I Sub -main Panel, near revenue office and Feeder Panel in garden at colloectorate gaya Distt - Gaya | 3,09,767.00 | 6,200.00 | 750.00 | 10 दिन |
| 8. | Estimate of Provision to E/W & E/I in Guard Room in P.O Campus Sherghati, Gaya, Distt -Gaya. | 1,04,648.00 | 2,100.00 | 500.00 | 10 दिन |
| 9. | Estimate of R/M to E/W and E/I of Residence of Assistant Engineer, building sub -division 1 at Staff quarter of building construction department Gaya, Distt-Gaya. | 2,39,564.00 | 4,800.00 | 500.00 | 10 दिन |
| 10. | Estimate of R/M to E/W and E/I of Magistrate quarter No. 1, Street light on building, Guard & Garrage room in Magistrate quarter near Jila School at Gaya, Distt-Gaya. | 2,02,952.00 | 4,100.00 | 500.00 | 10 दिन |
| 11. | Estimate of Replacement E/W and E/I of Campus Light in Garden front side campus of Collectorate Gaya, Distt-Gaya. | 3,09,111.00 | 6,200.00 | 750.00 | 10 दिन |
| 12. | Estimate for R&M of E.I and E.W in Officer Colony Qtr No-A14, B-9 and Patch work in Qtr no. E3, D3,C2 & Guard room at Jehanabad, Distt - Jehanabad. | 2,40,958.00 | 4,900.00 | 500.00 | 10 दिन |
| 13. | Estimate for R&M of New Guard Qtr, Watch Tower, Old Guard Qtr & Parking Area of District Judge Residence, Jehanabad at jehanabad, Distt - jehanabad. | 1,73,601.00 | 3,500.00 | 500.00 | 10 दिन |
| 14. | Estimate for R&M of E.I and E.W in Video Conf. Room, VWDC, Talashi Ghar and other common area of Civil Court - Jehanabad, Distt-Jehanabad. | 3,43,754.00 | 6,900.00 | 750.00 | 10 दिन |
| 15. | Estimate for R/M of Octagonal Pole light near pond Patch work of Garden light and roof light at Main building and cable work in Premisses of DM residence Jehanabad, Distt-Jehanabad. | 3,43,345.00 | 6,900.00 | 750.00 | 10 दिन |
| 16. | Estimate for R&M of E.I and E.W in Campus of DM Residence (Washroom, Gaudhala, New Gate, New Guard Post, Gopniye & Guard Qtrs.) at Jehanabad, Distt-Jehanabad. | 3,45,886.00 | 7,000.00 | 750.00 | 10 दिन |
| 17. | Estimate for R&M of E.I and E.W in Judicial Colony Qtr. No. -04 & Patch work of qtr. No. -15 at Jehanabad, Distt-Jehanabad. | 2,61,230.00 | 5,300.00 | 750.00 | 10 दिन |
| 18. | R/M to E.W & E.I in Main Collectoriate building along with change of garden light and octagonal pole light at collectoriate campus, Aurangabad, Distt-Aurangabad. | 6,99,823.00 | 14,000.00 | 1250.00 | 15 दिन |
| 19. | Estimate for R/M to E.W & E.I of Street light in D - type quarter (D1-D6 Block), D3 quarter & D-6 quarter at Block Colony, Aurangabad, Distt - Aurangabad. | 1,20,130.00 | 2,500.00 | 500.00 | 10 दिन |
| 20. | Estimate for Cubicle Panel and Cable work in D.M Residence Nawada. | 3,22,588.00 | 6,500.00 | 750.00 | 10 दिन |
| 21. | Estimate for Renovation of Campus Light and Gate light in the Residence of District Judge at Nawada, Distt-Nawada. | 10,11,461.00 | 20,300.00 | 2500.00 | 20 दिन |
| 22. | Estimate for S/R to Dining room and Gopniya Chamber and Replacement of Damage Electrical Accessories in D.M Residance and Guard room at Nawada, Distt. Nawada. | 2,96,399.00 | 6,000.00 | 750.00 | 10 दिन |

इस निविदा को विज्ञापन वेबसाईट https://state.bihar.gov.in/prdbihar/CitizenHome.html पर देखा जा सकता है। विभाग द्वारा किसी भी प्रकार का निर्माण सामग्री की आपूर्ति नहीं की जाएगी।

**विद्युत कार्यपालक अभियंता,**
**विद्युत भवन प्रमंडल, गया जी,**
**भवन निर्माण विभाग**

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No.010217 (BCD) 2026-27

**नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।**


## एक नजर

### लाभुकों के बीच स्वीकृति व शुभकामना पत्र वितरित

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के विभिन्न गांव से चयनित प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र एवं शुभकामना पत्र के वितरण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण के तहत किया गया। जानकारी देते हुए वीरपुर बीडीओ पंकज कुमार शक्तिधर ने बताया कि शुभकामना पत्र नौ और स्वीकृति पत्र दस तथा अठारह लोगों को उनके आवास की प्रतीकात्मक चाभी सौंपी गई। वहीं इस स्वीकृति पत्र को पाते ही लाभुकों के चेहरे पर खुशी झलक रही थी। मौके पर प्रखंड प्रमुख, उपप्रमुख, पंचायत के मुखिया, आवास सहायक, प्रखंड कर्मी सहित कई लाभुक उपस्थित थे।

### नाबालिग की पीट-पीटकर हत्या

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** फुलवरिया थाना क्षेत्र के अजीत पत्रकार रोड पर अपराधियों ने एक नाबालिग युवक की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। इस हत्या से नाराज स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर भारी हंगामा किया। भीड़ ने पुलिस को भी रोका और जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। मिली जानकारी के अनुसार, अपराधियों के नाबालिग की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या किए जाने के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया। साथ ही, मौके पर अफरा-तफरी का भी मच गई। इस घटना के बाद परिवार समेत पूरे गांव में मातम का माहौल बन गया। परिवार और मौजूद लोगों ने शव के साथ अजीत पत्रकार रोड को जाम कर दिया और हत्यारे की गिरफ्तारी की मांग की. घटना की खबर मिलने पर फुलवरिया के थानाध्यक्ष विजय कुमार साहनी पुलिस अधिकारियों और जवानों के साथ मौके पर पहुंचे और परिवार से जानकारी ली. मृतक की पहचान मो. दिलशाद (उम्र लगभग 15 साल) के तौर पर हुई है। जो मो कौसर (उर्फ कारो) का बेटा था। परिवार फुलवरिया थाना और बरौनी नगर परिषद इलाके के गांधी नगर (शोकाहारा) के वार्ड 17 में रहता था।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी पुलिस ने मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के मामले में करीब एक सप्ताह से फरार चल रहे वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सैदपुर निवासी वकील साह के पुत्र मोनू कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष मो. फिरदौस ने बताया कि गत छह अगस्त को अभियुक्त के गाय के बथान से चारा के नीचे छिपाकर रखी गई विदेशी शराब बरामद की गई थी। पुलिस की कार्रवाई के दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर अभियुक्त मौके से फरार होने में सफल रहा था। इसके बाद से पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी। बुधवार की रात पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि वांछित अभियुक्त अपने घर पर मौजूद है।

### बोनस वितरण समारोह का आयोजन

**मटिहानी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के रहाटपुर दुग्ध सहयोग समिति में दुग्ध उत्पादक किसानों के बीच बोनस वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक रविंद्र कुमार सर, राहतपुर समिति के अध्यक्ष कृष्णा कुमार सिंह, प्रबंधक अखिलेश मोहन, कार्यपालक प्रापण रॉली प्रिया, क्षेत्र प्रभारी उपेंद्र साह सभी क्षेत्रीय कर्मचारीगण, समिति से जुड़े कार्यकर्त्ता एवं बड़ी संख्या में दुग्ध उत्पादक उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान प्रबंध निदेशक महोदय द्वारा उपस्थित दुग्ध उत्पादक किसानों को दुग्ध उत्पादन एवं व्यवसाय के माध्यम से अपनी आय एवं लाभ में वृद्धि करने तथा आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। साथ ही किसानों को संघ द्वारा संचालित विभिन्न डेयरी योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी दी गई तथा इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

# चौसा टेराकोटा कला एवं भोजपुरी चित्रकला पर 6 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बक्सर।** कला एवं संस्कृति विभाग, बक्सर के तत्वावधान में बच्चों को बिहार की समृद्ध लोक एवं पारंपरिक कला से परिचित कराने तथा उनके कला-कौशल को विकसित करने के उद्देश्य से चौसा टेराकोटा कला एवं भोजपुरी चित्रकला पर 6 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला के अंतर्गत बच्चों को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस कार्यशाला में बच्चों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रख्यात प्रशिक्षकों/कलाकारों द्वारा चौसा टेराकोटा कला एवं भोजपुरी चित्रकला की बारीकियों, तकनीकों एवं पारंपरिक शिल्प से संबंधित व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यशाला का उद्घाटन जिला पदाधिकारी बक्सर, श्रीमती साहिला ने किया। कार्यशाला का संचालन एवं प्रशिक्षण उनके मार्गदर्शन एवं देखरेख में किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य बच्चों में स्थानीय कला एवं सांस्कृतिक विरासत के प्रति रुचि एवं जागरूकता विकसित करना, पारंपरिक कलाओं को नई पीढ़ी तक पहुँचाना तथा प्रतिभावान बच्चों को उचित मंच एवं प्रशिक्षण प्रदान करना है।

# थाना परिसर में जब्त शराब का किया गया विनष्टीकरण

**बड़हरा (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड अंतर्गत ख्वासपुर थाना पुलिस द्वारा जब्त किए गए देशी विदेशी शराब को बड़हरा थाना परिसर में बुधवार को विभिन्न मामलों में जब्त की गई 757 लीटर देशी-विदेशी शराब का नियमानुसार विनष्टीकरण किया गया। थाना प्रभारी सुशांत कुमार ने बताया कि शराब को ख्वासपुर थाना पुलिस द्वारा अलग-अलग मामलों में जब्त किया गया था। न्यायालय के आदेश के बाद उसे नष्ट करने की कार्रवाई की गई।उन्होंने बताया कि विनष्टीकरण की प्रक्रिया संबंधित अधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की मौजूदगी में पूरी की गई। शराब को मशीन और अन्य विधि से पूरी तरह नष्ट कर दिया गया।पुलिस के अनुसार शराब नष्ट करने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई करते हुए सारी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई। थाना प्रभारी सुशांत कुमार बताया कि शराबबंदी को सफल बनाने के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। जब्त शराब को समय-समय पर नष्ट किया जाता रहेगा।

# विश्वविद्यालय मैथिली विभाग में कथा-संग्रह 'ऑक्सीजन' का विमोचन

नव बिहार टाइम्स ब्यूरो



**दरभंगा।** विश्वविद्यालय मैथिली विभाग, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय में मैथिली के साहित्यकार एवं प्राचार्य डॉ इन्द्रकान्त झा के मैथिली कथा-संग्रह 'ऑक्सीजन' का विभागीय शिक्षकों के द्वारा विमोचन किया गया। कथा-संग्रह में कुल 18 कथाएँ संगृहीत हैं। इन कथाओं में समकालीन समाज, मानवीय संवेदना, बदलते सामाजिक मूल्य, सामाजिक विसंगतियों तथा जीवन की विविध परिस्थितियों का प्रभावशाली चित्रण किया गया है। मौके पर मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो पुनीता झा, विभागाध्यक्ष प्रो अशोक कुमार मेहता, प्रो दमन कुमार झा, प्रो नारायण झा, भागलपुर विश्वविद्यालय के मैथिली विभागाध्यक्ष एवं डीन (अवकाश ) प्रो प्रमोद कुमार पांडेय, डॉ सुरेश पासवान एवं डॉ अभिलाषा कुमारी के साथ विभागीय सभी शोधार्थी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थी। इस अवसर पर मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो पुनीता झा ने कहा कि 'ऑक्सीजन' लेखक के मस्तिष्क में अंकुरित उन विचारों की अभिव्यक्ति है जो समाज की विभिन्न परिस्थितियों और घटनाओं के संस्पर्श से कथा बनती है। कथा-संग्रह में सामाजिक जीवन के विविध पक्षों को संवेदनशीलता के साथ अभिव्यक्त किया गया है। विभागाध्यक्ष प्रो अशोक कुमार मेहता ने कहा कि 'ऑक्सीजन' की कथाएँ समाज की विभिन्न परिस्थितियों, घटनाओं और मानवीय संवेदनाओं को प्रभावी ढंग से अभिव्यक्त करती है। संग्रह में बदलते सामाजिक परिवेश, पाश्चात्य सभ्यता के प्रभाव, भ्रष्टाचार, मानवीय मूल्यों के क्षरण तथा सामाजिक विसंगतियों के साथ-साथ मानवता, सद-विचार, परोपकार और सामाजिक उत्थान की भावना को भी प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया है। भागलपुर से आये प्रो प्रमोद कुमार पांडेय ने कहा कि इस संग्रह में देश-विदेश के समकालीन जीवन की धड़कन सुनाई देती है। प्रो नारायण झा ने कहा कि संग्रह में परंपरा को वैज्ञानिक दृष्टि से देखने, अपने कर्म के बल पर उन्नति करने, पारिवारिक कीर्ति को आगे बढ़ाने तथा आर्थिक समृद्धि के बाद सामाजिक उत्थान की दिशा में सक्रिय होने जैसे विचारों को कथात्मक रूप दिया गया है। प्रो दमन कुमार झा ने कहा कि संग्रह की 'ब्याय फ्रेंड' कथा विशेष रूप से चर्चित रही है। उन्होंने कहा कि यह कथा-संग्रह मैथिली कथा-साहित्य में समकालीन जीवन के विविध प्रश्नों को सामने लाने का महत्वपूर्ण प्रयास किया है। समारोह में शोधार्थी प्रवीण कुमार झा, संजय कुमार, दीपेश कुमार, राजनाथ पंडित, मनीष कुमार, मनोज कुमार, राहुल गुप्ता, शीला कुमारी, पूजा कुमारी, राजकुमार शर्मा, अमरेश ठाकुर, चंदेश्वर राम, मनोज कुमार पंडित उपस्थित थे।

# बाल श्रम उन्मूलन को लेकर चलेगा अभियान

## नाबालिग ऑटो, टोटो एवं ई-रिक्शा चालकों की होगी रेस्क्यू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में बाल मजदूरी पर अब सरकार सख्त रुख में है। गुरुवार को सर्किट हाउस में बिहार बाल श्रम आयोग के उपाध्यक्ष और भाजपा नेता अरविंद कुमार सिंह ने प्रेसवार्ता की। आयोग के उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि राज्य को बाल मजदूरी से मुक्त करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि बाल श्रम खत्म करने के लिए विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने संबंधित विभागों को बाल मजदूरों को रेस्क्यू करने का टास्क दिया है। अरविंद कुंमार सिंह ने कहा कि बाल श्रम समाज के लिए एक गंभीर चुनौती है। बच्चों के सर्वांगीण विकास में बाधक है। प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षित बचपन का अधिकार प्राप्त है। उन्होंने कहा कि विभाग के अधिकारीयों के साथ आज बैठक में निर्णय लिया गया है। जिले में ऑटो, टोटो एवं ई-रिक्शा चालकों की रोकथाम को लेकर विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसमें 18 साल से कम उम्र के चालकों को रेस्क्यू किया जाएगा। रेस्क्यू किए गए बच्चों को सरकार के विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि औरंगाबाद जिले के 33 पंचायतों को बाल श्रम मुक्त किया जायेगा जिसकी घोषणा पंचायत के मुखिया और सरपंच की सहमति से होगी। पूरे एक माह तक अभियान चलेगा।



श्री सिंह ने कहा कि असली लक्ष्य सिर्फ बच्चों को मजदूरी से निकालना नहीं, बल्कि उन्हें सुरक्षित भविष्य देना है। शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से ही वे समाज की मुख्यधारा में लौट सकेंगे। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि बाल श्रम से जुड़ी हर शिकायत पर तत्काल एक्शन लिया जाए और पुनर्वास काम में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, जिला बाल श्रम अधीक्षक अंजू कुमारी, भाजपा जिलाध्यक्ष विजेंद्र सिंह चद्रवंशी, पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंह सहित भाजपा नेता मौजूद रहे।

# 15 घंटे बाद मिला किशोर का शव

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** कासमा थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव स्थित आहर में डूबने से 17 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। करीब 15 घंटे बाद उसका शव मिला है। मृतक की पहचान मिथिलेश रविदास के पुत्र के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार वह बुधवार शाम आहर में स्नान करने पहुंचा था। इस दौरान गहरे पानी में जाने से पानी में डूब गया। करीब 15 घंटे तक चली खोजबीन के बाद गुरुवार को किशोर का शव आहर से बरामद किया गया। ग्रामीणों के अनुसार इन दिनों क्षेत्र में धान की रोपनी का काम चल रहा है। बुधवार को सदहगार भी धान का बिछड़ा खेत में डालने गया था। खेत में बिछड़ा डालने के बाद वह गर्मी और थकान से राहत पाने के लिए आहर में स्नान करने चला गया। इसी दौरान हादसे का शिकार हो गया।

# जंगल से देसी राइफल और कारतूस बरामद, नक्सली फरार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मदनपुर प्रखंड के आंजन पुलिस एवं सीआरपीएफ सी-47वीं वाहिनी लंगुराही कैंप के जवानों ने संयुक्त सर्च से जंगल में ऑपरेशन चलाया। इस दौरान पहाड़ से एक देसी राइफल (कट्टा) एवं पांच जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। आशंका जताई जा रही है कि नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के जवानों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से हथियार और कारतूस को जंगल में छिपाकर रखा था। इसके पूर्व पिछले 11 अगस्त को भी कंचनपुर थाना क्षेत्र के कंचनपुर गांव के बगल बगीचा से देसी कार्बाइन और मैगजीन बरामद हुए थे। बरामद हथियार को जब्त कर पुलिस आगे की जांच में जुट गई है। सुरक्षा बल अब बरामद देसी थर्नेट राइफल और कारतूस के स्रोत



और इसे जंगल में छिपाकर रखने वाले लोगों की पहचान करने में जुटी है। बताया गया है कि यह संयुक्त कार्रवाई पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा के नेतृत्व में अंजाम दी गई। सुरक्षा बलों की इस कार्रवाई से नक्सल प्रभावित पहाड़ी और जंगली इलाके में सक्रिय संदिग्ध तत्वों के बीच हड़कंप मच गया है। वहीं, ग्रामीण इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी जवानों की सक्रियता बढ़ाई गई है। आंजन थानाध्यक्ष राहुल कुमार के अनुसार लंगुराही के जंगल में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। तलाशी के दौरान पहाड़ से देसी निर्मित थर्नेट राइफल और पांच जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। सुरक्षा बलों ने बरामद हथियार और कारतूस को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर(औरंगाबाद)।** मदनपुर थाना क्षेत्र के दर्जी बिगहा मोड़ के समीप रोड पार करते समय एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से साइकिल सवार बुजुर्ग गंभीर रूप घायल हो गए। ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मदनपुर में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक इलाज करने के बाद बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल गयाजी रेफर कर दिया गया। वहां इलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान पतेया गांव निवासी 65 वर्षीय रामाधार सिंह के रुप की गई है। बताया जाता है कि वे मदनपुर बाजार से सामान खरीद कर साइकिल से अपने घर जा रहे थे। इस घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। पत्नी, बेटे-बेटियों समेत पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वहीं गांव में शोक का माहौल है। मृतक अपने पीछे दो पुत्र और दो पुत्रियों को छोड़ गए हैं। ग्रामीणों ने घटना पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए प्रशासन से अज्ञात वाहन की पहचान कर चालक के विरुद्ध शीघ्र कार्रवाई करने तथा उचित मुआवजे की मांग की है।

# औरंगाबाद में 12 लाभुकों को मिली प्रधानमंत्री आवास की चाभी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत आवास पूर्ण कर चुके लाभुकों को गुरुवार को नवनिर्मित आवास की चाबी, स्वीकृति पत्र एवं शुभकामना संदेश वितरित किए गए। जिला समाहरणालय स्थित योजना भवन के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में 12 लाभुकों को उनके पूर्ण आवास की चाबी तथा आठ लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर पटना के बापू सभागार में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। वहां ग्रामीण विकास मंत्री, भारत सरकार शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री, बिहार सम्राट चौधरी ने





प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत पूर्ण आवासों के लाभुकों को चाबी, स्वीकृति पत्र एवं शुभकामना संदेश प्रदान किया। साथ ही वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बिहार को केंद्र सरकार की ओर से योजना का लक्ष्य आवंटित किया गया। औरंगाबाद में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह और जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा सहित संबंधित पदाधिकारियों ने राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। औरंगाबाद जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत लगभग 24 हजार लाभुक योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के पात्र एवं जरूरतमंद परिवारों को सुरक्षित और पक्का आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा योजना के क्रियान्वयन की लगातार समीक्षा एवं अनुश्रवण किया जा रहा है, ताकि पात्र लाभुकों को समयबद्ध रूप से आवास निर्माण की सुविधा और आवास पूर्ण होने के बाद निर्धारित लाभ मिल सके। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता विशेष सैदुल हसन खां, जिला पंचायत राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, भूमि सुधार उप समाहर्ता श्वेतांक लाल, अनुमंडल पदाधिकारी गौरव सिंह, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, डीआरडीए निदेशक सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# विभिन्न मामलों में 40 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में बुधवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई में कुल 40 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 15 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार दुष्कर्म में दो, हत्या के शीर्ष में तीन, आर्म्स एक्ट में एक, दहेज हत्या में एक, हत्या के प्रयास में एक, मद्य निषेध अधिनियम के तहत सात तथा अन्य मामलों में 24 लोगों की गिरफ्तारी की गई। इस दौरान दो देसी कट्टा, पांच जिंदा कारतूस, 100 सीएफटी बालू, एक ट्रैक्टर जब्त किया गया है। वहीं वाहन जांच अभियान के तहत 1017 वाहनों की जांच की गई जिसमें 96500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा 69 वारंट का निष्पादन किया गया है और साइबर पुलिस द्वारा 27979 रूपये रिकवर किया गया है। पुलिस पदाधिकारी उपेंद्र नाथ वर्मा ने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

# दत्तक ग्रहण संस्थान का निरीक्षण कर जाना बच्चों का हाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में जिला निरीक्षण समिति द्वारा जिले में संचालित बाल देख-रेख संस्थानों का निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान एवं सुरक्षित स्थान, औरंगाबाद का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सदर अनुमंडल पदाधिकारी, सिविल सर्जन, सहायक निदेशक, बाल संरक्षण, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (सर्व शिक्षा अभियान), अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति (सीडब्लूसी) तथा सदस्य, किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा बाल देखरेख संस्थानों में बच्चों की सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं समुचित देखभाल को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया। उन्होंने विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान में आवासित बच्चों को गुणवत्तापूर्ण



एवं पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने तथा उनके स्वास्थ्य एवं पोषण की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही, बच्चों की शैक्षणिक गतिविधियों एवं पढ़ाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने, उनकी आयु एवं क्षमता के अनुरूप शिक्षा प्रदान करने तथा उनके सर्वांगीण विकास हेतु आवश्यक गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित करने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाल देखरेख संस्थानों में बच्चों को सुरक्षित, स्वस्थ एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया जाए तथा उनके अधिकारों एवं हितों की रक्षा सुनिश्चित करते हुए संस्थानों के संचालन में निर्धारित मानकों एवं प्रावधानों का पूर्णतः अनुपालन किया जाए। निरीक्षण के दौरान संस्थानों की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को दिए गए निर्देशों का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

# अधिकारियों और कर्मियों ने ली सद्भावना की शपथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय सद्भावना दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समाहरणालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को आपसी सौहार्द्र एवं सद्भावना की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सद्भावना प्रतिज्ञा दिलाई गई। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने सामूहिक रूप से प्रतिज्ञा ली कि वे जाति, संप्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किए बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता एवं सद्भावना के लिए कार्य करेंगे। साथ ही, सभी ने यह भी प्रतिज्ञा ली कि वे हिंसा का सहारा लिए बिना सभी प्रकार के मतभेदों को बातचीत एवं संवैधानिक माध्यमों से सुलझाने के लिए सदैव प्रयासरत रहेंगे। मौके पर अपर समाहर्ता, विशेष शाखा मोहम्मद सादुल हसन खां, अपर समाहर्ता, आपदा उपेंद्र पंडित, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव, बेबी प्रिया सहित जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी, सभी विभागों के प्रधान सहायक एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# 24 अगस्त को धरना देंगे जविप्र विक्रेता

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन की दाउदनगर प्रखंड एवं नगर इकाई की संयुक्त बैठक प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन प्रखंड सचिव पिंटू कुमार ने किया, जबकि नगर अध्यक्ष विनय सिंह ने देखरेख की। इस दौरान डीलरों की लंबित मांगों को लेकर आगामी 24 अगस्त को पटना के गर्दनीबाग में आयोजित महाधरना में भाग लेने की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में बताया गया कि अंबिका यादव के नेतृत्व में आयोजित होने वाले धरना-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में जविप्र विक्रेता शामिल होंगे।

# मरीजों को उपलब्ध कराएं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुरुवार को जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा सदर प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जम्होर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ कृष्ण कुमार, डीपीएम स्वास्थ्य अनवर आलम, चिकित्सा पदाधिकारी-सह-प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. श्याम कुमार एवं ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. रितेश कुमार (आयुष) उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं एवं मरीजों को प्रदान की जा रही सेवाओं की जानकारी ली गई। ओपीडी, लैब एवं उपलब्ध दवाओं का निरीक्षण किया गया। पीएचसी जम्होर में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सहित कुल तीन एमबीबीएस चिकित्सक कार्यरत हैं। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की उपलब्धता, दवा की स्थिति, जांच सेवाओं तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान संबंधित पदाधिकारियों को स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने तथा मरीजों को निर्धारित स्वास्थ्य सेवाएं समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269


# चोरों ने दो लाख से अधिक की संपत्ति पर किया हाथ साफ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जम्होर थाना क्षेत्र के भुआपुर गांव में अज्ञात चोरों ने देर रात एक घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने सोने-चांदी के ज़ेवर, नकद और कई जरूरी दस्तावेजों की चोरी कर ली। चोरी गये संपत्ति करीब दो लाख रूपये से अधिक की बताई जा रही है। गृहस्वामी भुआपुर निवासी कृष्णा सिंह ने बताया कि बुधवार की मध्य रात्रि सपरिवार सो रहे थे। इसी क्रम में अज्ञात चोर घर में घुसे और घटना को अंजाम दिया। चोरों ने सोने की दो बाली, एक मंगलसूत्र, जितिया, चांदी के दो पायल एवं नकद 40 हजार रूपये की चोरी कर भाग गये। मामले की जानकारी अहले सुबह हुई तो घर का नजारा देख कर उनके होश उड़ गए। सारा सामान बिखरा पड़ा था और जेवर, रुपये आदि सामान गायब था। इसके बाद चोरी की जानकारी पड़ोसियों और पुलिस को दी। खोजबीन के दौरान घर से दक्षिण कुछ दूरी पर चार बक्सा फेंका हुआ मिला। सूचना पर पहुंची मामले की छानबीन में जुटी गई है। घटना को लेकर थानाध्यक्ष सूर्यवीर कुमार गुप्ता ने बताया कि पीड़ित द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है। घटना की जांच की जा रही है। जल्द ही चोर पकड़े जाएंगे।

# द्वितीय अपीलीय प्राधिकार में हुई विभिन्न मामलों की सुनवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत द्वितीय अपीलीय प्राधिकार की निर्धारित कॉज लिस्ट के अनुसार विभिन्न मामलों की सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान उपस्थित परिवादियों की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुना गया। संबंधित विभागों एवं लोक प्राधिकारों द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदनों का परीक्षण करते हुए जिलाधिकारी द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम का उद्देश्य आम नागरिकों की शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित करना है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत की निष्पक्ष एवं तथ्याधारित जांच करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। सुनवाई के दौरान विभिन्न लोकहित एवं व्यक्तिगत शिकायतों से संबंधित मामलों पर विचार किया गया। इनमें श्रीनिवास द्वारा दाउदनगर में सड़क के दोनों तरफ नाला पर से अतिक्रमण हटाने, रामनारायण शर्मा एवं अरुण शर्मा द्वारा निजी रैयती भूमि से विद्युत तार एवं पोल हटाने, दीपक प्रसाद गुप्ता द्वारा तीन मुहाने रास्ते से अतिक्रमण हटाने, अमरजीत गोस्वामी एवं दिलीप कुमार गोस्वामी द्वारा श्मशान घाट में रास्ता निर्माण के विरुद्ध, जुगेश कुमार द्वारा अवैध जमीन की खरीद-बिक्री के विरुद्ध, शैलेंद्र कुमार सिंह द्वारा सड़क निर्माण के लिए जबरन रैयती भूमि में मिट्टी भरवाने तथा मुखदेव सिंह द्वारा जमाबंदी में छेड़छाड़ से संबंधित परिवादों की सुनवाई की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों एवं पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मामलों का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।


रोहतास महिला कॉलेज
सासाराम (रोहतास)
(वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई)



की ओर से राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षा बंधन के अवसर पर
हार्दिक शुभकामनाएं
प्रो. (डा.) प्रदीप कुमार राय
प्रधानाचार्य


# सशक्त, नशामुक्त व स्वस्थ हो हमारी नई पीढ़ी : डीइओ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


**औरंगाबाद।** नशामुक्त युवा-विकसित भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत विवेकानंद वीआईपी स्कूल, विवेकानंद वीआईपीएफ इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, रेडक्रॉस सोसाइटी एवं जूनियर रेडक्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में ज्योतिबा फुले सभागार में नशामुक्ति एवं स्वास्थ्य जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का उद्घाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जूनियर रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रेसिडेंट दयाशंकर सिंह, नशामुक्ति एवं स्वास्थ्य जागरूकता विशेषज्ञ डॉ. रविरंजन, रेडक्रॉस सोसाइटी के





अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह, निदेशक डॉ. शंभूशरण सिंह, प्राचार्य डॉ. रंजय कुमार, चेयरमैन मनीष वत्स एवं उपप्राचार्या सूची कुमारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी दयाशंकर सिंह ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों तथा युवाओं के जीवन और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने तथा समाज में इसके खिलाफ जागरूकता फैलाने की अपील करते हुए कहा कि हमारी नई पीढ़ी सशक्त, स्वस्थ और नशामुक्त होगी, तभी विकसित भारत का सपना साकार होगा। निदेशक डॉ. शंभूशरण सिंह ने स्वागत भाषण में विद्यार्थियों को नशे के प्रति सचेत रहने और अपने भविष्य के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ, शिक्षित और नशामुक्त युवा ही विकसित भारत की मजबूत नींव हैं। विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रवि रंजन ने विद्यार्थियों से स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने आसपास के लोगों को भी नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित करने की अपील की। रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं में नशे के विरुद्ध जागरूकता पैदा करने के साथ स्वस्थ जीवनशैली, सकारात्मक सोच और राष्ट्र निर्माण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए विद्यालय के चेयरमैन मनीष वत्स ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित नहीं करता बल्कि उसके परिवार, समाज और राष्ट्र के भविष्य पर भी प्रतिकूल असर डालता है। इस अवसर पर रेडक्रॉस के उपाध्यक्ष मरगूब आलम, सचिव दीपक कुमार, नगर पार्षद अमित गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


बिहार राज्य पुल निर्माण लि.
गया (बिहार)
की ओर से
राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षा बंधन के अवसर पर
हार्दिक शुभकामनाएं
इं. आलोक शरण
वरीय परियोजना अभियंता
गया(बिहार)




CMYK